विदू० : विघ्न उत्पन्न करना तो सुलभ भी है और सुन्दर भी ।

इन्द्र : (आभूषण सम्भालती नर्तकी को सम्बोधित कर) सुन्दरी, तुमको आज ही इन्द्रकील पर्वत पर जाना है । वहाँ जाकर तपस्या में निरत राजकुमार को अपने तीक्ष्ण कटाक्ष, मधुर भाव, लास-विलास एवं श्रुतिमधुर गानों के द्वारा तपस्या से विरत कर दो । उसके तपःपूतहृदय को वासना से दूषित कर दो ।

भद्रमुखी : महाराज की जो आज्ञा । (इस प्रकार नतमस्तक हो इन्द्र की आज्ञा को शिरोधार्य कर निकल जाती है ।)

विदू० : मित्र ! किं त्वं तस्माद्भीतोऽसि । वीराणां कुतोभयम् ।

इन्द्रः : वयस्य ! तपोभिर्मां जेतुमिच्छतीति भीतोऽस्मि । तथा च—

यज्ञप्रभावात्तपसः प्रभावात्
सम्प्राप्तवानस्मि महेन्द्रराज्यम् ।
राज्यासने राज्यसुखेन सर्वो
नष्टं गतो मे तपसः प्रभावः ।।३।।

विदू० : मित्र ! न भेतव्यम् । भद्रमुख्यास्तीक्ष्ण कटाक्षेण स युवाराजर्षिः स्वयमेव भग्नहृदयो भविष्यतीति मे निश्चयः । तस्या गीतमाधुर्यैर्लास्यसमन्वितैर्नृत्यैश्च स स्वकीयं हृदयं तस्यै दास्यतीति निश्चितमेव । यतो हि –

विश्वामित्रादयोऽनेके पूर्वं राजर्षयो वने
अप्सराभिः समाकृष्टाः कामकूपे निपातिताः ।।४।।

विदू० : मित्र ! क्या तुम उससे भयभीत हो ? वीरों को भय कहाँ होता है ?

इन्द्र : मित्र ! तपस्या से वह मुझे जीतना चाहता है इसीलिए मैं भयभीत हूँ । और भी—

यज्ञ के प्रभाव एवं तपस्या के प्रभाव से मैंने महेन्द्रराज्य को प्राप्त किया है । राज्यासन प्राप्त करने पर राज्य सुख से मेरे तपस्या का प्रभाव समाप्त हो गया ।।३।।

विदू० : मित्र ! डरो मत । भद्रमुखी के तीक्ष्ण कटाक्ष से वह युवा राजर्षि अवश्य ही भग्न हृदय वाला हो जायगा, ऐसा मुझे विश्वास है । उसके गीतमाधुर्य से लास्य समन्वित नृत्य से वह अपने हृदय को अवश्य ही उसे समर्पित कर देगा, क्योंकि—

प्राचीन काल में विश्वामित्र आदि अनेक राजर्षि तपोवन में अप्सराओं द्वारा आकृष्ट कामरूपी कूप में गिराये गये हैं ।।४।।

इन्द्रः : तथापि मित्र ! अस्माभिरपि तत्र गन्तव्यम् । यथावसरं तस्य कार्यञ्च निरीक्षणीयम् ।

विदू० : तर्हि चलतु मित्र ! शुभे कार्येत्वरा कार्या । अहं वक्र दण्डं गृहीत्वा अग्रे चलिष्यामि (अग्रे अग्रे विदूषकस्ततो इन्द्रश्च परिभ्रमन्तौ निष्क्रान्तौ)

(पटाक्षेपः)

(इन्द्रकील पर्वते तपस्यायां निरतोऽर्जुनः इन्द्राय वषडिति मन्त्रोच्चारयन् वह्नौ हविर्ददाति । ततः साक्षाद्रतिरिव शृङ्गार सम्पन्ना भद्रमुखी प्रविशति ।)

भद्रमुखी : (भद्रमुखी, स्वगतम्) एष राजर्षिस्तपति । (समीपं गत्वा) रूपसम्पन्नः शोभनोऽयं युवा । वीरा-सने तिष्ठन् तपस्यायां संलग्नोऽस्ति । तावद्गायामि गीतिकामेकां तस्य ध्यानमाकृष्टुम् ।

इन्द्र : फिर भी मित्र ! हम लोगों को भी वहाँ चलना चाहिए । यथावसर उसके कार्य का निरीक्षण भी करना चाहिए ।

विदू० : तब तो चलो मित्र ! शुभ कार्य में शीघ्रता करनी चाहिए । मैं वक्रदण्ड लेकर आगे चलूँगा । (आगे आगे विदूषक तथा बाद में इन्द्र घूमते हुए निकल जाते हैं ।)

(पटाक्षेप)

(इन्द्रकील पर्वत पर तपस्या में निरत अर्जुन 'इन्द्राय वषट्' इस मन्त्र का उच्चारण करता हुआ अग्नि में हविः देता है । इसके बाद साक्षात् रति के समान शृङ्गार सम्पन्ना भद्रमुखी प्रवेश करती है ।)

भद्रमुखी : (भ्रमण करती हुई, स्वगत) यह राजर्षि तपस्या कर रहा है (निकट जाकर) रूप सम्पन्न, शोभन है यह युवक । वीरासन पर बैठा तपस्या में संलग्न है । तब तक एक गीत इसके ध्यान को आकर्षित करने के लिए गाती हूँ ।

पश्यतु रे नर ! पश्यतु मधुरम्
विकसितपुष्पं वल्लरिसहितम्
मन्दवायुभिः सततं चलितम्
आम्रवनं मधुकररुतयुक्तम्
मञ्जुमञ्जरीमदपरिपूर्णम् ॥५॥
पश्यतु रे नर ! पश्यतु मधुरम्

केकाभिस्तव द्रवति न हृदयम्
किं पाषाणरचितमति शुष्कम्
पाषाणोऽपि द्रवति सुतापै-
र्वज्रविशालमतस्तव हृदयम् ॥६॥
पश्यतु रे नर ! पश्यतु मधुरम्

(गीतिकां समाप्य, स्वगतम्) कथ न त्यजति तपः कार्यम् । प्रतीयते दृढप्रतिज्ञोऽय युवा । अहो ! शोभते पार्श्वस्थ सशरंधनुः । (अर्जुनस्य मुखं निरीक्ष्य) मुखाकृतिरस्येन्द्रस्यैवानुकरोति ।

हे मनुष्य ! मधुरता को देखो-आम्रवन जो खिले पुष्पवाली लताओं से आवेष्टित है, जो लताएँ मन्दवायु से सतत संचालित हैं। मञ्जुमञ्जरियों के मद से परिपूर्ण है तथा मधुकर के गुँजार से युक्त है, उसे देखो एवं उस मधुरता को देखो ॥५॥

मधुर वाणियों से क्या तुम्हारा हृदय द्रवित नही होता ? क्या तुम्हारा हृदय पाषाण निर्मित एवं अतिशुष्क है। पाषाण भी अधिक ताप होने से द्रवित हो जाता है लगता है तुम्हारा हृदय वज्र से भी विशाल है ॥६॥ हे मनुष्य ! मधुरता को देखो।

(गीत को समाप्त कर, स्वगत) क्यों नहीं तपस्या के कार्य को त्यागता है। लगता है यह दृढप्रतिज्ञ युवा है। अहो ! बगल में रखे वाण के साथ धनुष शोभते हैं। (अर्जुन के मुख को देखकर) इसके मुख की आकृति इन्द्र से मिलती जुलती है।

गच्छामि साम्प्रतमिन्द्रभवनम्। तत्रगत्वा निवेदयिष्यामि सर्वं वृत्तान्तं राजाधिराजाय देवेन्द्राय (इति निष्क्रान्ता।)

(अर्जुनः पूर्ववदेव तपस्यायां संलग्नोऽस्ति। ततः प्रविशति विदूषकेन सह देवराट्।)

इन्द्रः : मित्र ! शोभते पर्वतभूमिरियम्। सर्वतो पुष्पान्विता वृक्षाः शोभन्ते। खगानां कलकलध्वनिश्च श्रूयते।

विदू० : मित्र ! सत्यमियं तपोभूमिः। शान्तानुकूलपवनः प्रवहति। परं मां तु जनशून्यत्वादरण्यजीवानां बाहुल्याच्च भयं भवति। अस्यां तपोभूमौ कोऽपि तपस्वी न दृश्यते। (परिभ्रमन् सर्वतो-विलोक्य) वयस्य ! प्रतीयते राजर्षिरयं तपति। (इत्यङ्गुल्या निर्दिशति)।

इन्द्रः : तर्हि गच्छतु सन्निकटं पृच्छतु कोऽयमिति ?

विदू० : एष गच्छामि (किञ्चित् निकटं गत्वा पार्श्वस्थान् धनुषवाणा-नवलोक्य सपदि सभयं परावर्त्य) भो मित्र ! नाऽहं यास्यामि।

इस समय मैं इन्द्र भवन ही चलती हूँ। वहाँ जाकर सम्पूर्ण वृत्तान्त राजाधिराज इन्द्र से बतलाऊँगी। (इस प्रकार निकल जाती है।)

(अर्जुन पहले की ही भाँति तपस्या में संलग्न है। इसके बाद विदूषक के साथ देवराज इन्द्र का प्रवेश)

इन्द्र : मित्र ! यह पर्वत भूमि कितनी अच्छी है। चारों ओर वृक्ष शोभते हैं। पक्षियों की कलकल ध्वनि सुनाई पड़ती है।

विदू० : मित्र ! सचमुच यह तपोभूमि है। शान्त एवं अनुकूल हवा बहती है, लेकिन जनशून्य एवं जंगली जीवों की अधिकता से मुझे तो भय लग रहा है। इस तपोभूमि में कोई तपस्वी दिखलायी नहीं पड़ता। (घूमते हुए चारों ओर देखकर) मित्र ! लगता है यह राजर्षि तपस्या कर रहा है। (इस प्रकार अंगुली से निर्देश करता है।)

इन्द्र : तो उनके निकट जाइये और पूछिए वह कौन है ?

विदू० : अभी जाता हूँ (कुछ निकट जाकर बगल में रखे धनुष एवं बाणों को देखकर, शीघ्र ही भय के साथ लौट कर) हे मित्र ! मैं नहीं

तत्र धनुषवाणास्तिष्ठन्ति त्वमेवाग्रगामी भव। अहं तवपृष्ठ-मनुकरोमि।

इन्द्रः : वयस्य ! न भेतव्य न भेव्यम्। चलतु अहमेवाग्रगामी भवामि। (इन्द्रोऽर्जुनस्य निकट गच्छति। सभयो विदूषकश्चानुकरोति देवेन्द्रम्।) (अर्जुनं दृष्ट्वा, स्वगतम्) अये ! कोऽपि वीरवरः प्रतिभाति। आकृत्या मधुरः साक्षात् वीरताया आश्रयः। प्रथम-दर्शनेनैवात्मरूप पश्यामि तस्मिन्। (प्रकाशम्) अहा ! वीरतायाः प्रतिमूर्तिरयम्।

विदू० : (भावासक्तमिन्द्रं दृष्वा) मित्र ! पृच्छतु तावत् कोऽयं धृष्ट इति।

इन्द्रः : वयस्य ! अस्याकृतिर्दर्शनेनात्मरूपं पश्यामि। प्रतीयते मम पुत्रोऽयमिति।

विदू० : भो मित्र ! पृथिव्यां तव कति पुत्राः सन्ति ? यत्र गच्छामि तत्र त्वं कथयसि—अयं मम पुत्रोऽयं मम पुत्र इति। किं परिवारव्यायोजने संलग्नोऽसि ? इतो जनवाहुल्यात् भोजनमपि प्रतिदिनमेकवारमेव

जाऊँगा। वहाँ धनुषवाण हैं। मैं तुम्हारे पीछे-पीछे चलूँगा।

इन्द्र : मित्र ! डरो मत, डरो मत। चलो मैं ही आगे चलता हूँ। (इन्द्र अर्जुन के निकट जाता है। भयभीत विदूषक भी इन्द्र का अनुकरण करता है) (अर्जुन को देखकर, स्वगत) अये ! कोई श्रेष्ठ वीर प्रतीत होता है। यह मधुर आकृति साक्षात्वीरता का आश्रय है। प्रथम दर्शन में ही मैं इसमें आत्मरूप का दर्शन करता हूँ। (प्रकाश) अहा ! यह वीरता की प्रतिमूर्ति हैं।

विदू० : (भावासक्त इन्द्र को देखकर) मित्र ! पूछो यह कौन धृष्ट है ?

इन्द्र : मित्र ! इसकी आकृति देखने मात्र से ही मैं इसमें आत्मरूप को देखता हूँ। लगता है यह मेरा ही पुत्र है।

विदू० : हे मित्र ! पृथिवी पर तुम्हारे कितने पुत्र हैं ? जहाँ जाता हूँ वही तुम कहते हो—यह मेरा पुत्र है, यह मेरा पुत्र है। क्या परिवार विस्तार में संलग्न हो ? इधर तो जनाधिक्य के कारण भोजन भी

करोमि। शटकद्वयभोजनस्य स्थाने शटकार्धमेव खादामि। किं मां ब्राह्मण हन्तुमिच्छसि ?

इन्द्रः : वयस्य ! अलं परिहासेन। त्वमत्रतिष्ठ। अहं तत्र गच्छामि।

विदू० : गच्छतु त्वम्। अहमत्रतिष्ठामि (विदूषकस्तिष्ठति)

इन्द्रः : (पुनः अर्जुनस्य निकटं गत्वा स्वगतम्) अहो ! दिव्यरूपम्। तेजसां मूर्तिः। वीरताया आश्रयो, यस्य दर्शनमात्रेनैव शीतलयति हृदयम्। पार्श्वे धनुषवाणा विराजन्ते। अग्रे धूमायितोऽग्निकुण्ड दृश्यते। एकतो वीरताया अपरतो तपस्यायाः प्रतिमूर्तिरिव विराजते वीरवरः। पुनश्च—

मया तप्तंतपःपूर्वं, वीरता च प्रदर्शिता
अपूर्वं दृश्यते ह्यत्र, कथं साम्यं प्रतीयते ॥७॥

प्रतिदिन एक वार ही करता हूँ : दो सेर भोजन के स्थान पर आधा सेर ही खाता हूँ। क्या मुझ ब्राह्मण को मारना ही चाहते हो ?

इन्द्र : मित्र ! परिहास मत करो। तुम यही ठहरो। मैं वहाँ जाता हूँ।

विदू० : तुम जाओ। मैं यही ठहरता हूँ। (विदूषक बैठ जाता है।)

इन्द्र : (पुनः अर्जुन के निकट जाकर, स्वगत) अहो ! कैसा दिव्य रूप है। तेजों की मूर्ति है। वीरता का आश्रय है, जिसका दर्शनमात्र ही हृदय को शीतल करता है। वगल में धनुष एवं वाण सुशोभित हैं। आगे में धूम से युक्त अग्नि कुण्ड दीख पड़ता है। एक ओर वीरता का तो दूसरी ओर तपस्या की प्रतिमूर्ति के समान यह वीरवर सुशोभित है। और भी—

मैंने भी पहले तपस्या की तथा वीरता का प्रदर्शन किया। यहाँ तो अपूर्व ही दिखलायी पड़ रहा है कैसी समानता दिखलायी पड़ रही है ॥७॥

(इन्द्राय वषडिति मन्त्रोच्चारयन्नर्जुनो वह्नौ हविर्दातुमिच्छति। इन्द्रो हविर्गृहीत्वा ग्रहणकाले च स्वनामाङ्कितमङ्गुलीयकं तस्य हस्ते दृष्ट्वा, स्वगतम्) सत्यं समैषः पुत्रस्तथापि पृच्छामि (प्रकाशम्) वत्स ! उत्तिष्ठ।

अर्जुनः : (स्वगतम्) सत्यं प्राप्तो देवराट् (उत्तिष्ठत्यर्जुनः) (प्रकाशम्) आर्य ! अभिवादये। (इति मूर्ध्ना प्रणमति)

इन्द्रः : स्वस्ति भवते। वर्धतां भवान्।

अर्जुनः : देव ! अनुगृहीतोऽस्मि।

इन्द्रः : वत्स ! कस्ते पिता, तव मातुर्नाम च किं ?

अर्जुनः : भगवन् ! पाण्डुपुत्रोऽहम्। आर्या कुन्ती च मे माता।

इन्द्रः : (पूर्वं वृत्तं स्मरन्, स्वगतम्) धन्योऽहं, यस्यैतादृशः पुत्रः (प्रकाशम्)

(अर्जुन 'इन्द्राय वषट्' इस मन्त्र का उच्चारण करता हुआ अग्नि में हवन देना चाहता है। इन्द्र हविष् लेकर तथा ग्रहण के समय अपने नाम की अंगुठी उसके हाथ में देखकर, स्वगत) सचमुच यह मेरा ही पुत्र है फिर भी पूछता हूँ (प्रकाश) वत्स ! उठो।

अर्जुन : (स्वगत) सचमुच देवराज मिल गये। (अर्जुन उठ जाता है। (प्रकाश) आर्य ! मैं अभिवादन करता हूँ (इस प्रकार सिर झुका कर प्रणाम करता है।

इन्द्र : तुम्हारा कल्याण हो ! तुम्हारी वृद्धि हो।

अर्जुन : देव ! अनुगृहीत हूँ।

इन्द्र : वत्स ! तुम्हारे पिता कौन हैं एवं तुम्हारी माता का क्या नाम है ?

अर्जुन : भगवन् ! मैं पाण्डु पुत्र हूँ। और आर्या कुन्ती मेरी माता है।

इन्द्र : (पूर्व वृत्त का स्मरण कर, स्वगत) मैं धन्य हूँ जिसका पुत्र इस प्रकार का है। (प्रकाश)

अङ्गादङ्गात्संभवसि हृदयादभिजायसे
आत्मा वै पुत्र नामासि त्वं जीवः शरदःशतम् ।८।

(इति परिष्वज्य, स्वगतम्) पुत्र दर्शनादात्मा संतुष्टः। आत्मतेजः प्रति स्वाभाविकः स्नेहः प्रादुर्भवति। (प्रकाशम्) पुत्र ! त्वं किमर्थं तपस्यायां संलग्नोऽसि ? क्षत्रियोऽसि, तवसदृशो धनुर्धरः साम्प्रतमस्मिन् लोके कोऽपिनास्ति।

अर्जुनः : देव ! पाशुपतास्त्रप्राप्तये तपश्चरामि।

इन्द्रः : अथ किं ते प्रयोजनं पाशुपतास्त्रस्येति ?

अर्जुनः : देव ! भवान् सर्वज्ञोऽस्ति। दुर्योधनो युद्धं विना नेच्छति ग्राममात्रमपि दातुमस्मदर्थम्। वयं सर्वे भ्रात्रा पत्न्या च संहारण्ये भ्रमामस्तत्रैव कष्टमयं जीवनं जीवामः। यद्यपि दुर्योधनस्तस्य सैनिकाश्चास्माक समक्षं नैव स्थास्यन्तिसंगरे परं तस्य पक्षीयः परमवीरः कर्णः श्रेष्ठधनुर्धरो वर्तते।

अङ्ग अङ्ग से उत्पन्न हृदय से अभिन्न पुत्र साक्षात् आत्म स्वरूप ही होता है : तुम सैकड़ो शरद् जीवित रहो ।।८।।

(इस प्रकार आलिङ्गनकर, स्वगत) पुत्र के दर्शन से आत्मा सन्तुष्ट हो गयी। अपने तेज के प्रति सहज स्नेह उत्पन्न हो जाता है। (प्रकाश) पुत्र ! तुम किस लिए तपस्या में संलग्न हो ? तुम क्षत्रिय हो, इस समय इस संसार में तुम्हारे समान कोई धनुर्धर नहीं है।

अर्जुन : देव ! पाशुपतास्त्र की प्राप्ति के लिए मैं तपस्या करता हूँ :

इन्द्र : तुम्हें पाशुपतास्त्र का क्या प्रयोजन है ?

अर्जुन : देव ! आप सर्वज्ञ हैं। दुर्योधन युद्ध के बिना हम लोगों को ग्राममात्र भी देना नहीं चाहता है। हम सभी भाई एवं पत्नी के साथ जंगल में भटक रहे हैं वहीं कष्टमय जीवन जी रहे हैं। यद्यपि दुर्योधन एवं उसके सैनिक युद्ध में हम लगों के समक्ष ठहर नहीं सकते, लेकिन उसके पक्ष का परमवीर कर्ण श्रेष्ठ धनुर्धर हैं।

तस्योपरि विजयाय पाशुपतास्त्रमावश्यकम् ।

इन्द्रः : किं स एव परमवीरः सूर्यपुत्रः कर्णः ?

अर्जुन : देव ! नहि, स वीरस्तु सूत्रपुत्रो वर्तते ।

इन्द्रः : (स्वगतम्) अद्यावधि नैव जानात्यर्जुनो यत् कर्णस्तस्याग्रज इति । रहस्यमिदं नैव प्रकटयामि, यतोह्ययं युद्धविरतो भविष्यति । कोऽपि पिता पुत्रस्योत्कृष्टतां द्रष्टुमिच्छति सर्वदैव । सत्यमेव पाशुपतास्त्रं विना कर्णस्योपरि विजयो नैव संभाव्यते । (प्रकाशम्) अर्जुन ! पाशुपतास्त्रप्राप्तये केन सन्दिष्टम् ?

अर्जुनः : देव ! सर्वज्ञेन परमर्षिणा व्यासेन सर्वं सन्दिष्टम् ।

इन्द्रः : जानामि, व्यासः सर्वान्तर्यामीति । किं पुनः

वाणी विनय सम्पन्ना, विद्यया च समन्विता
तस्याग्रे राजते नित्यं, यो हि लोके प्रपूजितः ॥९॥

उसके ऊपर विजय के लिए पाशुपतास्त्र आवश्यक है ।

इन्द्र : क्या वही परमवीर सूर्यपुत्र कर्ण ?

अर्जुन : देव ! नहीं, वह वीर तो सूतपुत्र है ।

इन्द्र : (स्वगत) आजतक अर्जुन नहीं जानता है कि कर्ण उसी का अग्रज है । इस रहस्य की मैं प्रकट नहीं करूँगा नहीं तो यह युद्ध विरत हो जायगा । कोई भी पिता अपने पुत्र के सर्वोत्कर्ष को सर्वदा ही देखना चाहता है । सचमुच, पाशुपतास्त्र के विना कर्ण पर विजय सम्भव नहीं है । (प्रकाश) अर्जुन ! पाशुपतास्त्र की प्राप्ति के लिए किसने संदेश दिया ?

अर्जुन : देव ! सर्वज्ञ परम ऋषि व्यास ने सम्पूर्ण उपदेश दिया ।

इन्द्र : जानता हूँ, व्यास सर्वान्तर्यामी हैं । अधिक क्या—

विद्या से समन्वित एवं विनय से सम्पन्न वाणी उनके आगे सर्वदा शोभती है तथा जो लोक में विशेष रूप से पूजित हैं ॥९॥

अर्जुनः : देव ! ममोपकराय देशोद्धाराय च पाशुपतास्त्रप्राप्त्युपायं प्रकटयतु ।

इन्द्रः : (स्वगतम्) अहो ! ममपुत्रोऽर्जुनो धनुर्विद्यायामग्रगण्यः पाशुपतास्त्रेण लोकख्यातो भविष्यति । किमतः परमाह्लादकम्—

उत्कर्षेणैव पुत्रस्य पिता चाह्लादितो भवेत्
यथा स्वकार्ये साफल्यात् जगत्यां सुखितो नर ।१०।

(प्रकाशम्) वत्स ! पाशुपतास्त्रप्राप्तये कैलाशं गत्वा त्वया शिवस्याराधना करणीया । तपसा सन्तुष्टः शिवोऽवश्यमेव तुभ्यं पाशुपतास्त्रं दास्यतीति ।

अर्जुनः : तात ! दीयतामाशीर्वचनं कार्यसिद्धये । साम्प्रतं कैलासं व्रजामि । (इति देवन्द्रस्य पादस्पर्शं करोत्यर्जुनः)

इन्द्रः : सिद्धार्थाः सकलाः सन्तु । (इति आलिङ्गति)

(निष्क्रान्तोऽर्जुनः)

अर्जुन : देव ! मेरे उपकार के लिए तथा देशोद्धार के लिए पाशुपतास्त्र प्राप्ति के उपाय बतलावें ?

इन्द्र : (स्वगत) अहो ! मेरा पुत्र अर्जुन धनुर्विद्या में अग्रगण्य हैं । यह पाशुपतास्त्र से लोक विख्यात हो जायगा । इससे बढ़कर प्रसन्नता की और क्या बात हो सकती है—

पुत्र के उत्कर्ष से पिता आह्लादित होता है जिस प्रकार अपने कार्य की सफलता से व्यक्ति सुखी होता है ।।१०।।

(प्रकाश) वत्स ! पाशुपतास्त्र की प्राप्ति के लिए तुझे कैलास जाकर शिव की आराधना करनी होगी । तपस्या से सन्तुष्ट होकर शिव अवश्य ही तुझे पाशुपतास्त्र देंगे ।

अर्जुन : तात ! कार्य सिद्धि के लिए आप आशीर्वचन दें । इस समय मैं कैलास चलता हूँ । (अर्जुन पादस्पर्श करता है)

इन्द्र : तुम्हारे सभी मनोरथ सिद्ध हों । ऐसा कहकर आलिंगन करता है ।

(अर्जुन निकल जाता है ।)

इन्द्रः : (स्वगतम्) पुत्रस्योत्कर्षाय सर्वदा चिन्तयति पिता। स परमानन्दमनुभवति साफल्यात् पुत्रकार्यस्य। परं कर्णो दुर्ज्ञेयः। जन्मनः प्रभृति सूर्य प्रदत्ताभ्यां कवचकुण्डलाभ्यां स रक्षितः। (प्रकाशम्, विदूषकं सम्बोध्य) मित्र विदूषक ! शृणु।

विदू० : एष आगच्छामि। (समीपमागत्य) मित्र ! किं कथयसि।

इन्द्रः : किं जानाति भवान् सूर्यपुत्रं वीरकर्णम्।

विदू० : आम्। जनामि महादानी कर्णम् ? किमधिकम् —

याचकाः सर्वदा यान्ति, सन्तुष्टा दान-कर्मणा
तेन तुल्यो महादानी, पृथिव्यां को हि दृश्यते ।११।

इन्द्रः : मित्र ! तत्रावायां गन्तव्यम्। यत्रगत्वा प्रयासेनैकेन कार्यद्वयस्य सिद्धिर्भविष्यति।

विदू० : सत्यं मित्र ! प्रथमं ममोदरपूर्णं भोजनमपरञ्च तस्य दानशीलतायाः परीक्षेति।

इन्द्र : (स्वगत) पुत्र के उत्कर्ष के लिए पिता सर्वदा सोचता है तथा पुत्र के कार्य की सफलता से वह परमानन्द का अनुभव करता है। लेकिन कर्ण दुर्ज्ञेय हैं। सूर्य द्वारा प्रदत्त कवच कुण्डल से वह जन्म से ही रक्षित है। विदूषक को सम्बोधित कर (प्रकाश) मित्र विदूषक ! सुनो।

विदू० : अभी आता हूँ। (समीप आकर) मित्र क्या कहते हो ?

इन्द्र : क्या तुम सूर्यपुत्र वीरकर्ण को जानते हो ?

विदू० : हाँ ! मैं महादानी कर्ण को जानता हूँ। अधिक क्या—जिसके दानकर्म से याचकगण सर्वदा सन्तुष्ट होकर जाते हैं। उसके समान इस संसार में कौन महादानी है यह कहीं दिखलायी नहीं पड़ता ।।११।।

इन्द्र : मित्र ! वहाँ हम दोनों को चलना है। वहाँ जाकर एक ही प्रयास से दो कार्यों की सिद्धि होगी।

विदू० : सच मित्र ! पहले मेरा भर पेट भोजन तदनन्तर उसकी दानशीलता की परीक्षा।

इन्द्रः : तत्र गत्वा साफल्यमवाप्यैव कथयिष्यामि कस्य कार्यद्वयस्य सिद्धिरिति ।

विदू० : (स्वगतम्) आप्रभातात् बुभुक्षया पीड़ितोऽस्मि । यतः—

सर्वं पूर्णं भवेल्लोके पूर्णं न जठरोदरम्
अस्मिन् यद्धोयमानेऽपि तत् तत्रैव निमज्जति ।१२।

(प्रकाशम्) मित्र ! तत्र गत्वा मोदकैरुदरं पूरयिष्यामि ।

इन्द्रः : महाब्राह्मण ! तत्र त्वया चापल्यं नैव प्रदर्शनीयम् । वार्तायां सर्वथा सावधानैर्भाव्यम् ।

विदू० : (स्वगतम्) तत्र काऽपरा भोजनादृते वार्ता भविष्यति । अहं तत्र सावधानो भविष्यामि । (प्रकाशम्) यन्मित्राय रोचते ।

इन्द्रः : त्वरयतु मित्र ! महाराजकर्णस्य भवनं प्रति गमनाय । यस्य दानशीलतायाम्—

आसन ये याचकाः पूर्वं, सन्तुष्टाः सन्ति साम्प्रतम्
अयाचकास्ते तद्राज्ये निवसन्ति यथा सुखम् ।१३।

इन्द्र : वहाँ जाने पर सफलता की प्राप्ति होने पर ही कहूँगा कि किन दो कार्यों की सिद्धि होगी ।

विदू० : (स्वगत) मैं प्रातःकाल से ही भूख से पीड़ित हूँ । क्योंकि—
इस संसार में सभी चीज़ें भरती है लेकिन यह जठरोदर नहीं पूरा होता । इसमें जो कुछ दिया जाता है, वह वहीं निमज्जित हो जाता ॥१२॥
(प्रकाश) मित्र ! मैं वहाँ जाकर मोदकों से उदर पूर्ण करूँगा ।

इन्द्र : महाब्राह्मण ! वहाँ तुझे चपलता नहीं दिखलानी होगी । बातचीत में तुझे पूर्ण सावधान रहना होगा ।

विदू० : (स्वगत) वहाँ भोजन के अतिरिक्त और कौन बात होगी वहाँ मैं सावधान रहूँगा (प्रकाश) मित्र की जो इच्छा ।

इन्द्र : जल्दी करो मित्र ! महाराज कर्ण के घर चलने के लिए जल्दी करो । जिसकी दानशीलता में—

जो पहले याचक थे वे इस समय सन्तुष्ट हो गये हैं तथा वे अयाचक बनकर उसके राज्य में सुखपूर्वक निवास करते हैं ॥१३॥

पुनः—

अदूरयच्च दारिद्र्यं दारयित्वा दरिद्रताम्
सर्वत्र सुखिनो यस्य प्रजाः सौभाग्यशालिनः ॥१४॥

विदू० : मित्र ! शृणु ।

भोजनं मोदकैर्युक्तं नानारससमन्वितम्
याचकेभ्यो सदायत्र दीयते कल्पवृक्षवत् ॥१५॥

उभौ निष्क्रान्तौ

(पटाक्षेपः)

(अर्जुनेन्द्र समागमो नाम द्वितीयोऽङ्कः समाप्तः)

फिर—

दरिद्रता को नष्टकर जिसने दारिद्र्य को ही समाप्त कर दिया एवं जिसकी सौभाग्यशाली प्रजा सभी जगह सुखी है ॥१४॥

विदू० : मित्र ! सुनो !

मोदकों से युक्त, अनेक रसों से समन्वित जहाँ याचकों को सदा कल्पवृक्ष के समान भोजन दिया जाता है ॥१५॥

(पटाक्षेप)

(अर्जुन इन्द्र समागम नामक द्वितीय अङ्क समाप्त ।)

—:०:—

तृतीयोऽङ्कः

(प्रविशति ससंभ्रमो भद्रकः ।)

भद्रकः : (परिभ्रमन्, स्वगतम्) कथं चिरायते पुष्पकः । अन्वेषयामि तावत् (पुनः परिभ्रमन् प्रविष्टं कुसुमावचयं नाटयन्तं पुष्पकं दृष्ट्वा) पुष्पकस्तु सम्प्रत्यागच्छत्येव, पृच्छामि तावत् (प्रकाशम्) भो पुष्पक ! कथं विलम्बेन पुष्पावचयं करोषि ?

पुष्पकः : मित्र ! अधुना ममपुत्रस्योपरि दुष्टग्रहाणां प्रभावो वर्तते ।

भद्रकः : केन कथितम् ?

पुष्पकः : त्रिकालज्ञेन भविष्यवक्ता भास्करेण ।

भद्रकः : अपि ग्रहणां प्रभावस्यापनयनस्योपायास्तेन प्रकाशिताः ?

पुष्पकः : आम् ! तेन कथितम् यन्मन्त्रतन्त्रयन्त्राख्यैस्त्रिविधोपायैर्भविष्यति ग्रहाणां प्रभावस्योपशमनम् ।

भद्रकः : तदा त्वया किं चिन्तितम् ?

(घबराये हुए भद्रक का प्रवेश)

भद्रक : (घूमते हुए, स्वगत) पुष्पक, विलम्ब क्यों कर रहा है । तब तक खोजता हूँ । पुनः घूमते हुए पुष्प चयन का अभिनय करते प्रविष्ट पुष्पक को देखकर) पुष्पक तो इस समय आ ही रहा है । तब तक पूछता हूँ (प्रकाश) ये पुष्पक ! आज विलम्ब से क्यों फूल चुन रहे हो ?

पुष्पक : मित्र ! इस समय मेरे पुत्र के ऊपर दुष्टग्रहों का प्रभाव है ।

भद्रक : किसने कहा ?

पुष्पक : त्रिकालज्ञ भविष्यवक्ता भास्कर ने ।

भद्रक : क्या, उन्होंने ग्रहों के प्रभाव को दूर करने का उपाय भी बतलाया ?

पुष्पक : हाँ । उन्होंने कहा कि मन्त्र तन्त्र यन्त्र नामक तीन प्रकार के उपायों से ग्रहों के प्रभाव का शमन हो सकता है ।

भद्रक : तब तुमने क्या सोंचा ?

पुष्पकः : अहं तु पुत्रस्याभ्युदयार्थं चिन्तयामि पुनश्चाहं त्रिकालज्ञभवनमेव गच्छामि ।

भद्रकः : मित्र ! परं सम्प्रति महाराजस्य पूजासमयो वर्तते । पुष्पाणामावश्यकता तु भविष्यत्येव ।

पुष्पकः : मित्र ! त्वं यथावसरे प्राप्तोऽसि । अद्य नाहं यास्यामि राजभवनम् । त्वमेव पुष्पाणि गृह्णातु ?

भद्रकः : यथारोचते तुभ्यम् ।

(इति पुष्पकः पुष्पाणि ददाति भद्रकः पुष्पाणि गृह्णाति ।)

पुष्पकः : मित्र ! सम्प्रति शीघ्रं करणीयमस्ति (इति कथयित्वा निष्क्रान्तः)

भद्रकः : (स्वगतम्) कथं न चिन्तितो भवेत् पुष्पकः । पुत्रस्याभ्युदयार्थं तु पिता चिन्तयत्येव । (विचिन्त्य) सम्प्रति महाराजस्य पूजाकालः । शीघ्रमेव तत्र गच्छामि (इति निष्क्रान्तः ।)

पुष्पक : मैं तो पुत्र के अभ्युदय के लिए सोंचता हूँ तथा पुनः त्रिकालज्ञ भवन ही जा रहा हूँ ।

भद्रक : मित्र ! लेकिन इस समय महाराज के पूजा का समय है । पुष्पों की आवश्यकता तो वहाँ होगी ही ।

पुष्पक : मित्र ! तुम यथासमय मिल गये हो । आज मैं राजभवन नहीं जाऊँगा । तुम ही पुष्प ले लो ।

भद्रक : तुम्हारी जो इच्छा ।

(पुष्पक पुष्पों को देता है तथा भद्रक उसे ग्रहण करता है ।)

पुष्पक : मित्र ! इस समय शीघ्र करना है (ऐसा कहकर चला जाता है ।)

भद्रक : (स्वगत) पुष्पक चिन्तित क्यों नहीं हो, पुत्र के अभ्युदय के लिए तो पिता सोंचता ही है । (सोंचकर) इस समय महाराज के पूजा का समय है । शीघ्र ही मैं वहाँ चलता हूँ । (निकल जाता है ।)

(स्थानम् कर्णभवनम् इतस्ततः पूजनसामग्री स्थापिताः सन्ति । कर्णः पूजायामासक्तो विद्यते । तस्य सेवकः पूजनकार्ये सहयोगं ददाति ।

कर्णः : (पूजां समाप्य जपमालिकां गृहीत्वा च) भद्रक ! साम्प्रतं पूजनं सम्पन्नम् । अपि याचकोऽस्ति ? अस्तिचेत् प्रवेशयतु ।

भद्रकः : यथाज्ञापयति महाराजः । (इति निष्क्रान्तः)

(ततः प्रविशतः ब्राह्मणवेषेणेन्द्रो विदूषकश्च)

विदू० : (कर्णस्य भवनं दृष्ट्वा स्वगतम्) अहो ! भवनस्य रमणीयता । देवलोके यथा मममित्रस्य दीर्घायतं भवनं तथैवाऽत्र मनुष्यलोकेऽप्यङ्गदेशाधिपस्यास्य कर्णस्य भवनमिति तर्कयामि । सत्यं मनुष्य लोके कर्णस्तु इद्रायते । (प्रकाशम्) प्रिय सुहृत । प्रतीयते कर्ण राज्ये प्रजाः सौख्यमनुभवन्ति । यतोहि—

(स्थान—कर्ण का भवन । इधर - उधर पूजन सामग्री रखी है । कर्ण पूजा में आसक्त है । इसका सेवक पूजन कार्य में सहयोग दे रहा है ।

कर्ण : (पूजा सम्पन्न कर एवं जप मालिका लेकर) भद्रक ! इस समय पूजन सम्पन्न हो गया । कोई याचक है ? अगर कोई याचक है तो उसे प्रवेश कराओ ।

भद्रक : महाराज की जो आज्ञा । (ऐसा कह कर निकल जाता है ।)

(तदनन्तर ब्राह्मण वेश में इन्द्र एवं विदूषक का प्रवेश)

विदू० : (कर्ण के भवन को देख कर, स्वगत) अहो ! भवन की रमणीयता । देव लोक में जिस प्रकार मेरे मित्र का लम्बा चौड़ा भवन है, उसी प्रकार का भवन इस मनुष्य लोक में अंगदेश के राजा इस कर्ण का है ऐसा मैं समझता हूँ । सचमुच, मनुष्य लोक में कर्ण तो इन्द्र ही जैसा हो गया है । (प्रकाश) प्रिय मित्र ! लगता है कर्ण के राज्य में प्रजागण सौख्य का अनुभव करते हैं । क्योंकि—

राज्यस्याभ्युदयं सत्यं, प्रजाभिरभिसंश्रितम्
सुखान्विताः प्रजा यत्र, राज्यं तल्लोकपूजितम् ।१।

इन्द्रः : कर्णस्तु कर्मनिष्ठः। तस्य प्रजा अपि कर्मदक्षाः कर्मनिष्ठाश्च। यतोहि—

यस्याध्यक्षो भवति कुशलस्तस्य लोकाः समस्ताः
निष्ठां स्वोयां विविध पटुतां दर्शयन्तः प्रभूताम् ।
सेवा भावे मुदितहृदया लोककल्याणहेतो-
र्नूनं नित्यं विदधति निजं कार्यजातं समग्रम् ।।२।।

विदू० : मित्र ! कथमेतादृशः कर्मनिष्ठोऽपि सर्वत्र समादृतो न भवति ?

इन्द्रः : दुर्जनसंसर्गात् सज्जनोऽपि दोषभाग्भवति। राज्ञोदुर्योधनस्य मन्त्रणायां निरतः कर्णः सन्मार्गाद्भ्रष्टः कार्यमकार्यं वाऽविचारयन् मित्रत्वस्य रक्षां करोति। निश्चितमेव—

बुद्धिस्तु म्लानतां याति, संसर्गाद्दुर्जनैः सह
चौरसंघे गतो विद्वान् चौरनाम्नाभिधीयते ।।३।।

राज्य का अभ्युदय प्रजा पर ही आधारित है। जहाँ की प्रजा सुखी होती है, वह राज्य लोक पूजित होता है ।।१।।

इन्द्र : कर्ण तो कर्मनिष्ठ है। उसकी प्रजा भी कर्मदक्ष एवं कर्मनिष्ठ है। क्योंकि—

जिसका अध्यक्ष कुशल होता है निश्चय ही उसके सारे लोग प्रमुदित मन से अपनी निष्ठा एवं विविध पटुता को दिखलाते हुए, लोक कल्याण के लिए सेवा भाव से नित्य समग्र कार्य को सम्पादित करते हैं ।।२।।

विदू० : मित्र ! ऐसा कर्मनिष्ठ भी सर्वत्र समादृत क्यों नहीं होता ?

इन्द्र : दुर्जन के संसर्ग से सज्जन भी दोष का भागी बन जाता है। राजा दुर्योधन की मन्त्रणा में निरत कर्ण सन्मार्ग से भ्रष्ट हो कार्य एवं अकार्य का बिना विचार किए मित्रत्व की रक्षा करता है। निश्चित ही दुर्जनों के संसर्ग से बुद्धि मलिन हो जाती है जैसे चोर के संघ में गया हुआ विद्वान भी चोर नाम से पुकारा जाता है ।।३।।

(ततः प्रविशति भद्रकः)

भद्रकः : ब्राह्मणवेशधारिणौइन्द्र विदूषकौ दृष्ट्वा, स्वगतम् : कथमद्य याचकरूपाभ्यां द्वौ ब्राह्मणौ समुपस्थितौ, प्रतीयते वैदेशिकौ इमौ। यतोहि—

दानशीलस्य देवस्य, प्रजा राज्ये सुखान्विताः
दरिद्रो याचको वाऽत्र दुर्लभो दीर्घकालतः ॥४॥

पृच्छामि तावदिमौ कौ, किमिच्छत इति। (प्रकाशम्) पूजनीयौ भवन्तौ, प्रणमामि।

इन्द्रः : स्वस्त्यस्तु।

विदू० : सुखमस्तु।

भद्रकः : कौ भवन्तौ। किमिच्छत इति ?

इन्द्रः : आवां ब्राह्मणौ किमपि याचयितुं महाराकर्णं द्रष्टुमिच्छावः।

भद्रकः : ब्राह्मणदेव ! महाराजकर्णस्य पूजनं सम्प्रति सम्पन्नम्। जपकर्मणि स संलग्नो वर्तते तथा साम्प्रतं याचकेभ्यो यथेच्छं दातुं प्रतीक्षते। भवन्तौ यथेच्छलाभाय प्रविशताम्।

(इसके बाद भद्रक का प्रवेश)

भद्रक : (ब्राह्मण वेशधारी इन्द्र एवं विदूषक को देखकर, स्वगत) कैसे आज याचक के रूप में दो ब्राह्मण उपस्थित हैं। लगता है ये दोनों विदेशी हैं। क्योंकि—

दानशील देव के राज्य में प्रजा सुख से सम्पन्न है। बहुत समय से यहाँ दरिद्र या याचक दुर्लभ हैं ॥४॥

पूछता हूँ, ये दोनों कौन हैं तथा क्या चाहते हैं ? (प्रकाश) आप दोनों पूजनीय हैं, मैं प्रणाम करता हूँ।

इन्द्र : तुम्हारा कल्याण हो।

विदूषक : तुझे सुख प्राप्त हो।

भद्रकः : आप दोनों कौन हैं तथा क्या चाहते हैं ?

इन्द्र : हम दोनों ब्राह्मण हैं। कुछ याचना के लिए राजा कर्ण से मिलना चाहते हैं।

भद्रक : ब्राह्मण देव ! राजा कर्ण की पूजा सम्प्रति सम्पन्न हो चुकी है। वे जप कर्म में संलग्न हैं तथा इस समय याचकों को यथेच्छ देने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। आप दोनों यथेच्छ लाभ के लिए प्रवेश करें।

(अग्रे अग्रे भद्रकः पश्चादिन्द्र विदूषकौ भ्रमतः)

विदू० : (भोजनगन्धमाघ्राय, इतस्ततोऽवलोक्य, स्वगतम्) एकतः सुगन्धपूरितानि मोदकानि दृश्यन्ते। अपरतो धृतगन्धपूरितान्नं मम बुभुक्षां वर्धयति। इतस्ततो न्यस्तानि महार्घवस्त्राणि दृष्टिं लोभयन्ति। स्वर्णरचिता हाराः काचमंजूषायां विराजन्ते। अहो ! मन मित्रभवनतुल्यमेव कर्णभवनं प्रतीयते।

भद्रकः : (इन्द्रविदूषकाभ्यां सह कर्णस्य निकटं गत्वा) विजयतां महाराजः !

कर्ण. : स्वस्त्यस्तु। कथय।

भद्रक : इमौ ब्राह्मणौ किमपि याचयितुमागतौ।

कर्णः : (इन्द्र विदूषकौ दृष्ट्वा) अभिवादये भवन्तौ (इति साञ्जलिः प्रणति)

इन्द्र विदूषकौ : (दक्षिण हस्तमुत्थाप्य समवेत स्वरेण) स्वस्ति भवते।

कर्ण. : अलङ्क्रियेतामासनम् (इत्यासने निर्दिशति)

इन्द्र विदूषकौ : यथानिर्दिशत्यङ्गराट् (उभौउपविशतः)

(आगे-आगे भद्रक तथा उसके पीछे इन्द्र-विदूषक घूमते हैं।)

विदू० : (भोजनगन्ध को सूँघकर, इधर उधर देखकर, स्वगत) एक ओर सुगन्ध से भरे मोदक दीख रहे हैं। दूसरी ओर धृत गन्ध से भरे अन्न मेरी भूख को बढ़ा रहे हैं। इधर उधर रखे बहुमूल्य वस्त्र दृष्टि को लुभा रहे हैं। स्वर्ण निर्मित हार काच की पेटी में सुशोभित हैं। अहो ! मेरे मित्र के भवन के समान ही कर्ण का भवन भी लग रहा है।

भद्रक : (इन्द्र एवं विदूषक के साथ कर्ण के निकट जाकर।) महाराज की जय हो।

कर्ण : तुम्हारा कल्याण हो। कहो।

भद्रक : ये दोनों ब्राह्मण कुछ याचना करने के लिए आये हैं।

कर्ण : (इन्द्र एवं विदूषक को देखकर) आप दोनों को प्रणाम करता हूँ। इस प्रकार अञ्जलि बाँधकर प्रणाम करता है।

इन्द्र विदूषक : (दाहिना हाथ उठाकर, समवेत स्वर में) आपका कल्याण हो।

कर्ण : आप लोग आसन अलंकृत करें। (आसन को निर्देश करता है।

इन्द्र विदूषक : अंगराज का जो निर्देश। (दोनों बैठ जाते हैं।)

कर्णः : महाराज ! किमत्रागमन-प्रयोजनमिति प्रकाश्यताम् ।

विदू० : (इन्द्रस्य कर्णे) कथय मित्र ! मोदकार्थमिति ।

इन्द्रः : (जनान्तिकम्[1]) मित्र ! त्वं तावत्स्थिरो भव । अहं सर्वं साधयामि ।

विदू० : नाऽहं तवकार्ये बाधको भविष्यामि । अत्राहं तूष्णीं भूत्वा तिष्ठामि । (इति तत्रैव मौनभावस्याभिनयं करोति) ।

इन्द्रः : (कर्णं प्रति) महाराज ! श्रुतं मया भवतां नाम, भवतां दानशीलतायाश्च चर्चां श्रुता । अद्यावधि कोपऽपि याचको निराशो भूत्वा प्रतिनिवृत्त इति न श्रुतम् ।

कर्णः : अस्माद्भवनात्मयि जीवति कोऽप्यसन्तुष्टो न यास्यतीति दृढप्रतिज्ञोऽस्मि ।

इन्द्रः : अहं ब्राह्मणः किमपि याचितुमागतोऽस्मि ।

कर्णः : महाराज ! यद्भवानिच्छति तत्प्रकाशयतु, सर्वं प्रस्तूयते ।

१—त्रिपताका करेणान्यानपवार्यान्तरा कथाम्
अन्योन्यामन्त्रणं यत्स्याज्जनान्ते तज्जनान्तिकम् ।। द० स० १/६५-६६

कर्ण : महाराज ! यहाँ आने का क्या प्रयोजन है इसे प्रकाशित करें ।

विदू० : (इन्द्र के कान में) मित्र ! कहो, मोदक के लिए ।

इन्द्र : (जनान्तिक) मित्र ! तुम तब तक स्थिर रहो, मैं सब कुछ ठीक कर लेता हूँ ।

विदू० : मैं तुम्हारे कार्य में बाधक नहीं बनूँगा । मैं यहाँ मौन होकर बैठता हूँ । (वहीं पर मौन भाव का अभिनय करता है ।)

इन्द्र : (कर्ण से) महाराज ! आपका नाम सुना है तथा आपकी दानशीलता की चर्चा भी सुनी है । आज तक कोई भी याचक यहाँ से निराश होकर लौटा हो, ऐसी बात नहीं सुनी गयी ।

कर्ण : इस भवन से मेरे जीते जी कोई भी असन्तुष्ट होकर नहीं जायगा, ऐसी मेरी दृढ़ प्रतिज्ञा है ।

इन्द्र : मैं ब्राह्मण कुछ याचना करने के लिए आयाहूँ ।

कर्ण : महाराज ! जो आप चाहते हैं उसे प्रकाशित करें, सब कुछ प्रस्तुत है ।

इन्द्रः : किं वाग्दत्तं महाराजेन ?

कर्णः : अथ किम् ।

प्रथमं तु मया प्रोक्तं सर्वं प्रस्तूयते यदा
याचकेभ्यो प्रदास्यामि, वित्तं राज्यं च निश्चितम् ।५

अपि च—

याचकाः प्रतियास्यन्ति, सन्तुष्टा मद्गृहात्सदा
संकल्पो दानशीलस्य न कर्णो द्विः प्रभाषते ।।६।।

देव याचस्व यथाऽभीष्सितम्—

धनंधान्यञ्च वस्त्रञ्च, भवनं नगराणि च
गोमश्वञ्चापि द्रव्यञ्च, यदिच्छसि वदस्व माम् ।७

इन्द्रः : राजन् ! भवता 'दानशील' इति शब्दं प्रयोजयता । सर्वं कथितम् । परम्—

न याचे धनधान्यानि, भवनं नगराणि च
गामश्वं वा न द्रव्याणि, न च वस्त्रं सुखावहम् ।८।

कर्णः : (वाम भुजस्फुरणमवलोक्य, स्वगतम्)

इन्द्र : क्या महाराज ने वाग्दान किया ?

कर्ण : और क्या—

पहले मैंने कहा कि याचकों के लिए सब कुछ प्रस्तुत है तो निश्चित ही धन तथा राज्य उनं लोगों को दूँगा ।।५।।

और भी—

याचक मेरे घर से सन्तुष्ट होकर जायेंगे यह दानशील कर्ण का वाक्य है । कर्ण अन्यथा प्रलाप नहीं करता ।।६।।

देव ! आप अभिलषित वस्तु की याचना करें—धन, धान्य वस्त्र, भवन, नगर, गौ, अश्व या द्रव्य जो आप चाहते हैं, मुझसे कहें ।।७।।

इन्द्र : राजन् ! आपने 'दानशील' शब्द का प्रयोग कर सब कुछ कह दिया । लेकिन—

मैं न तो धन, धान्य, भवन, नगर, गौ अश्व, एवं द्रव्य ही चाहता हूँ और न सुखप्रद वस्त्र ही ।।८।।

कर्ण : (वायीं भुजा के स्फुरण को देख कर, स्वगत)

कथमद्य वामाङ्गस्फुरणम् ? किमिदमनिष्टसूचनार्थम् ? पुनश्चैतादृशो याचको मया पूर्वं न दृष्टः। अत्रप्रतीयते किमपि छद्म इति। (विचिन्त्य) तथापि कर्णो वग्दानाद्विरतो न भविष्यति। (प्रकाशम्) देव !

विप्रेन्द्र ! वाञ्छसि पुनः शुभराजसेवां
कन्यामनन्तसुषमां रुचिरामनिन्द्याम्।
रत्नोज्ज्वलं किमिति वा शुभदं महार्घं
हैमासनं गजवरं गिरिराज तुल्यम् ॥९॥

अपि च—

राज्यं वा राजलक्ष्मीं वा देहं वा यदि वाञ्छसि
याचकाय प्रदास्यामि न कर्णो द्विः प्रभाषते ।१०।

इन्द्रः : (स्वगतम्) हा ! हा ! हा ! सम्यक् परीक्षितः कर्णः। साम्प्रतं वाग्वद्धश्च विद्यते। अनुकूलोऽवसरः प्राप्तः कार्यं सम्पायितुम्। (प्रकाशम्) राजन् !

आज वामाङ्ग का स्फुरण क्यों हो रहा है ? क्या यह अनिष्ट की सूचना के लिए वामाङ्ग स्फुरण है ? फिर इस प्रकार का याचक तो मैंने पहले कभी नहीं देखा। लगता है इसमें कोई छल है। सोच कर फिर भी कर्ण वाग्दान से विरत नहीं हो सकता। (प्रकाश) देव !

हे विप्रेन्द्र ! क्या आप शुभ राज सेवा चाहते हैं सुन्दर, अनिन्द्य, सुषमा से युक्त कन्या चाहते हैं ? शुभद, वहुमूल्य रत्नों से सुशोभित स्वर्ण सिंहासन चाहते हैं या हिमालय के समान श्रेष्ठ गजराज चाहते हैं ? ॥९॥

और भी—

राज्य या राजलक्ष्मी या देह भी यदि आप चाहते हों तो याचक को मैं अवश्य दूँगा। कर्ण असत्य नहीं बोलता ॥१०॥

इन्द्र : (स्वगत) हा ! हा ! हा ! कर्ण सम्यक् परीक्षित हुआ। इस समय यह वाग्वद्ध भी है। कार्य सिद्धि के लिए यह अनुकूल अवसर प्राप्त हो गया है। (प्रकाश) राजन् ?

यदि दातुं प्रवृत्तोऽसि देहि मह्यं नरोत्तम !
जन्मना ये त्वया प्राप्ते दिव्ये कवचकुण्डले ॥११॥

कर्णः : (स्वगतम्) अत्र व्याजः स्पष्टः। परं वाग्बद्धोऽहम्। अवश्यमेव दास्यामि कवच कुण्डले याचकायास्मै। (इति कवच कुण्डले हस्ते गृहीत्वा, प्रकाशम्) ब्राह्मण देव ! इमे कवचकुण्डले प्रस्तुते स्तः। (इति समर्पयितुमभिनयति।

इन्द्रः : (सानन्दं ससंकल्पञ्च कवचकुण्डले गृहीत्वा साधुवादं प्रयच्छति) सुखं तेऽस्तु।

कर्णः : कृतार्थोऽस्मि।

इन्द्रः : (स्वगतम्) पूर्वमजेयः कर्णः साम्प्रतं दुर्जेयः सम्वृत्तः। (प्रकाशम्) कर्ण ! त्वं धन्योऽसि। तव यशश्चिरमस्मिन् भूतले स्थास्यति। इयमासीत् तव दानशीलतायाः परीक्षा। निश्चितमेव दानीकर्णरूपेण ख्यातो भविष्यसि लोके। यतोहि परीक्षायां त्वं सर्वतोभावेनोत्तीर्णः।

हे नरोत्तम ! यदि आप देने में समर्थ हैं तो जन्म से ही प्राप्त ये दोनों दिव्य एवं परम सुन्दर कवच और कुण्डल मुझे दें ॥११॥

कर्ण : (स्वगत) यहाँ छल स्पष्ट हैं। लेकिन मैं वाग्बद्ध हूँ अवश्य ही इस याचक को कवच और कुण्डल दूँगा। (इस प्रकार कवच एवं कुण्डल को तलवार से निकालने का अभिनय करता है। कवच एवं कुण्डल को हाथ में लेकर, प्रकाश) ब्राह्मण देव ! ये कवच एवं कुण्डल प्रस्तुत हैं। (ऐसा कहकर कवच एवं कुण्डल देने का अभिनय करता है।)

इन्द्र : आनन्द एवं संकल्प के साथ कवच एवं कुण्डल को लेकर साधुवाद देता है।) तुम्हें सुख मिले।

कर्ण : मैं कृतार्थ हूँ।

इन्द्र : (स्वगत) पहले अजेय कर्ण अब दुर्जेय हो गया है। (प्रकाश) कर्ण ! तुम धन्य हो। तुम्हारा यश इस पृथिवी पर चिरस्थायी होगा। यह तुम्हारी दानशीलता की परीक्षा थी। निश्चय ही तुम संसार में दानी कर्ण के रूप में विख्यात हो जाओगे। क्योंकि तुम परीक्षा में पूर्ण रूप से सफल हुए हो।

विदू०: : (स्वगतम्)

यत्रगच्छामि पश्यामि, स्वार्थसाधनतत्परान्
इन्द्रोऽपि स्वार्थसम्पन्नः, पुत्राय याचकोऽभवत् ।१२।

यदि देवराजेन्द्रोऽपि मायावृत्तो भवति तर्हि मर्त्यलोके मानवानां का कथा ?

कर्णः : महाराज ! ब्राह्मणानां कृते कवचकुण्डलाभ्यां किं प्रयोजनमिति नानुपश्यामि यथार्थताम् ?

विदू० : (स्वगतम्) अहं ब्राह्मणः पुनः मौनमवलम्ब्यात्र स्थितोऽस्मि । मम मित्रं पुनः ब्राह्मणस्य व्यवहारं नाटयति ।

इन्द्रः : (स्वगतम्) प्रश्नस्यास्योत्तरं पुनः किम् ? सम्प्रत्यहमानन्दितोऽस्मि । यतः—

पुत्रस्य विजयोपाये पिता भवति यत्नवान्
पुत्रे विजयमापन्ने स हि तुष्यति सर्वदा ॥१३॥

(प्रकाशम्) महाराज कर्ण ! समाप्ते दानकर्मणि किमपि नानुचिन्तनीयं दानकर्तृभिः । अतः साम्प्रतमेतादृशः प्रश्नो नैव कर्त्तव्यः । यतः—

विदू० : (स्वगत) जहाँ मैं जाता हूँ वहीं स्वार्थपूर्ण लोगों को देखता हूँ । इन्द्र भी स्वार्थ से युक्त होकर पुत्र के लिए याचक बन गये ॥१२॥

यदि देवराज इन्द्र भी माया से आवृत्त होते हैं तो मर्त्यलोक में मनुष्यों की क्या कथा ?

कर्ण : महाराज ! ब्राह्मणों को कवच और कुण्डल की क्या आवश्यकता है ? इसकी यथार्थता को मैं नहीं समझ रहा हूँ ?

विदू० : (स्वगत) मैं ब्राह्मण मौन का अवलम्बन कर यहाँ स्थित हूँ । पुनः मेरा मित्र ब्राह्मण के व्यवहार का अभिनय कर रहा है ।

इन्द्र : (स्वगत) इस प्रश्न का उत्तर क्या होगा ? लेकिन इस समय मैं आनन्दित हूँ । क्योंकि—

पुत्र की विजय के लिए पिता सर्वदा यत्नशील होता है तथा पुत्र के विजय प्राप्त कर लेने पर निश्चय ही अत्यधिक प्रसन्न होता है ॥१३॥

(प्रकाश) महाराज कर्ण ! दान कर्म के सम्पन्न हो जाने पर पुनः दानकर्त्ताओं के द्वारा उस पर अनुचिन्तन नहीं करना चाहिए । अतः इस समय इस प्रकार का प्रश्न आपको नहीं करना चाहिए । क्योंकि—

स्वकीयस्यैव सत्त्वस्य, निवृतिर्यत्र विद्यते
सत्त्वोत्पत्तिः परेषां तु, दानशब्देन कथ्यते ॥१४॥

कर्णः : यथोपदिशति महाराजः (इति विनीतभावं दर्शयति)

इन्द्रः : (स्वगतम्) यन्मया कृतं तत्तु धर्मरक्षार्थमधर्मनाशार्थमेव। यतोहि महाभारते युद्धे दुर्योधनस्य विजयो धर्मस्योपर्यधर्मस्य विजयो भविष्यति। तथापि महानयं वीरः। दानवीरस्तु विद्यत एव। नोचितमेनं निरस्त्रं कर्त्तुम्। अतो दास्याम्येकघ्नीमस्मै कर्णाय। (प्रकाशम् कर्ण !

वीरोऽसि वीरपुत्रोऽसि, दानवीरेषु चाग्रगः
एकघ्नीं वै ददामि त्वां सन्तुष्टो दानकर्मणा ।१५।

(इत्येकघ्नीं निःसार्य ददाति)

कर्ण : (सविनयं गृहीत्वा) महाराज ! दिव्यास्त्रस्यास्य रहस्यं ज्ञातुमिच्छामि ?

इन्द्रः : वीर ! शृणोतु रहस्यमेतस्य—

दिव्यास्त्रेषु महत्वपूर्णमधिकं शक्त्यासमं दुर्जयं
विक्रान्तं विषमं प्रयोग समये प्रत्यक्षधर्मान्वितम् ।

अपने अधिकार की जहाँ निवृत्ति होती है। तथा दूसरे के अधिकार की जहाँ उत्पत्ति होती है वही दान शब्द से अभिहित होता है ॥१४॥

कर्ण : महाराज का जैसा उपदेश हो। (ऐसा कहकर विनीत भाव का प्रदर्शन करता है।)

इन्द्र : (स्वगत) मैंने जो कुछ किया वह धर्म की रक्षा एवं अधर्म के नाश के लिए हीं। क्योंकि महाभारत युद्ध में दुर्योधन की विजय धर्म के ऊपर अधर्म की विजय होगी। फिर भी यह महान वीर है। दानवीर तो है ही। इसे निरस्त्र करना उचित नहीं। अतः मैं इसे एकघ्नी अस्त्रदूँगा। (प्रकाश) कर्ण !

तुम वीर हो एवं वीर पुत्र हो साथ ही दानवीरों में भी अग्रगण्य हो। तुम्हारे दानकर्म से सन्तुष्ट होकर मैं तुझे एकघ्नी अस्त्र प्रदान करता हूँ ॥१५॥

(इस प्रकार एकघ्नी निकाल कर देता है।)

कर्ण : (विनय के साथ ग्रहण कर) महाराज ! इस दिव्यास्त्र का मैं रहस्य जानना चाहता हू।

इन्द्र : वीर ! इसका रहस्य सुनो—

दिव्यास्त्रों में अधिक महत्त्वपूर्ण, अतिशय शक्ति से युक्त, दुर्जय,

एकघ्न्यायुधकं यथार्थगुणकं नाम्नैव संकेतितं
निस्तेजः फलहीनमेव विदितं योगे द्वितीये पुनः ।१६।

विदू० : (स्वगतम्) मम मित्रमपि त्यागस्य मूर्तिः । एकघ्न्यस्त्रस्य महत्त्वं तु विश्वविश्रुतम् । तस्य शक्तिरतुल्या । अनेन शीघ्रमेव दानस्य प्रतिदानं कृतम् । इतः ब्राह्मणोऽहं शून्ये विचरामि ।

कर्णः : (इन्द्रं प्रति) अनुगृहीतोऽस्मि । (दिव्यास्त्रमुच्चासने निधाय भद्रकं प्रति) भद्रक ! किमस्ति कोऽपि याचको योऽसन्तुष्ट स्तिष्ठति ?

भद्रकः : पश्यामि देव ! (इति कथयित्वा परिभ्रमन् पृच्छति) अस्ति कोऽप्यसन्तुष्टो याचकः ? दानवीरः कर्णः सम्प्रत्यात्मानुग्रहं कर्त्तु-मिच्छति ।

विदू० : (सहसा स्वासनादुत्थाय) अहमेको ब्राह्मणो मोदकं विनाऽ-सन्तुष्टोऽस्मि ।

विक्रान्त, विषम एवं प्रयोग के समय प्रत्यक्षधर्मान्वित अपने नाम से ही यथार्थगुण को अन्वित करने वाला एकघ्नी आयुध है, जो द्वितीय वार के प्रयोग में निस्तेज एवं फलहीन हो जाता है ।।१६।।

विदू० : (स्वगत) मेरा मित्र भी त्याग की मूर्ति है । एकघ्नी का महत्व तो विश्वविख्यात है । उसकी शक्ति अतुलनीय है । इसने शीघ्र ही दान का प्रतिदान किया । इधर मैं ब्राह्मण शून्य में विचरण कर रहा हूँ ।

कर्ण : (इन्द्र से) मैं अनुगृहीत हूँ । (दिव्यास्त्र को उच्चासन पर रखकर, भद्रक से) भद्रक ! कोई और भी असन्तुष्ट याचक है ?

भद्रक : देव ! देखता हूँ । ऐसा कहकर घूमता हुआ पूछता है) कोई असन्तुष्ट याचक है ? इस समय दानवीर कर्ण आत्मानुग्रह करना चाहते हैं ।

विदू० : (अपने आसन से शीघ्र हीं उठकर) मैं एक ब्राह्मण मोदक के विना असन्तुष्ट हूँ ।

भद्रकः : ब्राह्मणदेव ! शीघ्रमेवानयामि मोदकपूर्णं भाजनम् । भोजनस्य याचनं किं कर्णराज्ये । (भद्रकः सपदि मोदकैःपूर्णं भाजनमादाय विदूषकाय ददाति ।

विदू० : (गृहीत्वा) स्वस्ति भवते (मोदकं भोक्तुमभिनयति ।

इन्द्रः : (स्वगतम्)

वर्मकुण्डलहीनत्वात् देवशक्त्या विवर्जितः
अर्जुनेन ह्ययं कर्णः साम्प्रतं विजितो ध्रुवम् ।१७।

(विदूषकं निर्दिश्य) चलतु मित्र ! (कर्ण प्रभृतयः प्रणमन्ति, निष्क्रान्तौ)

भद्रकः : महाराज ! सम्प्रति कोऽपि याचको न विद्यते ।

कर्णः : सत्यम् ! तर्हि गच्छतु विश्रामाय ।

भद्रकः : यथाज्ञापयति देवः (इति प्रणमन् निष्क्रान्तः)

भद्रक : ब्राह्मणदेव ! शीघ्र ही मैं लड्डुओं से भरा पात्र लाता हूँ । कर्ण के राज्य में भोजन के लिए याचना क्या । (विदूषक शीघ्र ही मोदक से पूर्ण पात्र लाकर विदूषक को देता है ।)

विदू० : (लेकर) आपका कल्याण हो । (इस प्रकार मोदक खाने का अभिनय करता है ।)

इन्द्र : (स्वगत)

देव शक्ति से रहित एवं कवच कुण्डल से हीन यह कर्ण अब अर्जुन के द्वारा जीत लिया गया ।।१७।।

(विदूषक को निर्देश कर) मित्र ! चलो ।

(कर्ण आदि इनलोगों को प्रणाम करते हैं । वे दोनों निकल जाते हैं ।)

भद्रक : महाराज ! अब इस समय कोई भी याचक नहीं है ।

कर्ण : अगर यह बात सच है तो तुम विश्राम के लिए जाओ ।

भद्रक : महाराज की जो आज्ञा । (इस प्रकार प्रणाम करता हुआ निकल जाता है ।)

शङ्करः : के सन्ति धूर्ताः ? के च मां वञ्चयन्ति ?

पार्वती : देव !

ये नित्यशः स्वार्थपरा भवन्ति
भक्त्याश्छलं वै परिदर्शयन्ति ।
साधून् च काले परिवञ्चयन्ति
धूर्तां जगत्यां बहुरूपयुक्ताः ॥२॥

पुनश्चासुरा भवन्नामोच्चारयन्तो भवतां प्रसन्नतामधिगता भवन्तमेव नाशयितुं तत्परा नाऽभूवन् । भवतामाशीर्वादेन वरदानेन च समर्थो भूत्वा भष्मासुरो भवन्तमेव दग्धुं तत्परो नासीत् ?

शङ्करः : प्रिये ! सत्यं कथयसि । तेषां व्याजरुपया भक्त्या प्रसन्नो भूत्वा तदा वरदानकार्यं कृतम् । परं तत्रापि तस्य संहारो निहित आसीत् ।

पार्वती : अतः स्वामिन् ! मम मतमस्ति यद्वरप्रदानकार्यं परीक्ष्यैव कर्त्तव्यम् ।

शङ्कर : वे धूर्त कौन हैं तथा कौन मुझे ठगते हैं ?

पार्वती : देव !

जो सब समय स्वार्थ साधन में संलग्न रहते हैं, भक्ति करने का छल करते हैं, यथा समय सज्जनों को ठगते है, इस प्रकार धूर्त इस संसार में अनेक रूप वाले हुआ करते हैं ॥२॥

पुनः असुरगण आपके नाम का उच्चारण कर आपकी प्रसन्नता को प्राप्त कर आपको ही नाश करने में तत्पर क्या नहीं हुए ? आपके आशीर्वचन से तथा वरदान से समर्थ होकर भष्मासुर क्या आपको ही नाश करने के लिए तत्पर नहीं था ?

शङ्कर : प्रिये ! तुम सच ही कहती हो । उन लोगों की व्याजरूपी भक्ति से प्रसन्न होकर मैंने उस समय वर प्रदान का कार्य किया, लेकिन वहाँ भी उसका संहार ही निहित था ।

पार्वती : इसलिए स्वामी ! मेरा मत है कि वर प्रदान का कार्य परीक्षा करके ही करना चाहिए ।

शङ्करः : सत्यं कथयसि । यतोहि—

दाने तपसि मन्त्रेषु, देवकार्येषु नित्यशः
किं पुनर्मन्त्रणायाञ्च, नारीणांमतमुत्तमम् ॥३॥

देवी ! अद्यप्रभृति त्वया सह मन्त्रयित्वैव किमपि वरदान कार्यं करिष्यामि । परीक्षाऽपि तत्रोचितावर्तते ।

(ततः प्रविशति कनकदण्डधरो द्वारपालो नन्दी)

सन्दी : (शङ्करस्य निकटं गत्वा) नमः शङ्कराय, नमः शिवाय (इति शिरसा प्रणमति)

शङ्करः : (गम्भीरेण वचसा) चिरञ्जीव ! कथय, किं वृत्तमिति ?

नन्दी : महाराज ! द्वारितिष्ठन्तोऽनेके गणा भवतां दर्शनमभिलषन्ति ।

शङ्करः : (विचिन्त्य) गच्छ, शीघ्रं प्रवेशय ।

शङ्कर : तुम ठीक ही कहती हो, क्योंकि—

दान, तपस्या, मन्त्र, देव कार्य एवं मन्त्रणा में सर्वदा नारियों का विचार ही उत्तम होता है ॥३॥

हे देवि ! आज से मैं तुम्हारे साथ विचार कर ही वर प्रदान का कार्य करूँगा । परीक्षा भी वहाँ उचित ही है ।

(इसके वाद स्वर्णदण्डधारण करने वाला द्वारपाल नन्दी का प्रवेश)

नन्दी : (शङ्कर के निकट जाकर) शङ्कर जी को नमस्कार हो, शिवजी को नमस्कार हो, इस प्रकार शिर झुकाकर प्रणाम करता है)

शङ्कर : (गम्भीर वाणी से) दीर्घायु हो । कहो, क्या समाचार है ।

नन्दी : महाराज ! द्वारदेश पर आपके अनेक गण आपके दर्शन की अभिलाषा कर रहे हैं ।

शङ्कर : (सोंचकर) जाओ, शीघ्र प्रवेश कराओ ।

नन्दी : यथाज्ञाययति देव ! (इति निष्क्रम्य द्वारदेशं गत्वा सपदि गणैःसह प्रविश्य गणान् प्रति) अत्र भवन्तो देवाधिदेवः शङ्करो विराजते ।

गणाः : 'नमः शङ्कराय, नमः शिवाय' (इति कथयित्वा सर्वे प्रणमन्ति)

शङ्करः : कल्याणमस्तु । कथयन्तु का वार्ता ?

चण्डकः : महाराज ! कैलासस्य पश्चिमप्रान्ते लतावृक्षादिभिरावृत्ते भवतामाश्रमे धनुर्वाणान् पार्श्वे निधाय तपस्यायामेको युवा निरतो विद्यते । आकृत्या वीरोऽसौ प्रतीयते ।

शङ्करः : किं युष्मान् विकृताङ्गान् दृष्ट्वा तस्य मनसि भीतिर्नोत्पन्ना ? तस्य तपस्या वा नष्टा । नाऽभूत् ।

चण्डकः : महाराज ! तपस्यायां संलग्नोऽसौ विघ्नानपि न गणयति । स तु--

तत्र वीरासने तिष्ठन् ध्यायन् कमप्यनश्वरम्
अस्माकं विकटैः शब्दैश्चञ्चलोऽभून्न निश्चयी ।४।

नन्दी : महाराज की जो आज्ञा (इस प्रकार निकल कर द्वार देश जाकर शीघ्र ही गणों के साथ प्रवेश कर गणों से) यहाँ श्रीमान् देवाधिदेव शङ्कर विराज रहे हैं ।

गण : शङ्कर जी को नमस्कार, शिव जी को नमस्कार । ऐसा कहकर सभी प्रणाम करते हैं ।)

शङ्कर : कल्याण हो । कहो क्या बात है ?

चण्डक : महाराज ! कैलास के पश्चिम भाग में, लतावृक्ष से आवृत आपके आश्रम में, धनुष वाण को बगल में रखकर एक युवक तपस्या में संलग्न है । आकृति से वह वीर प्रतीत होता है ।

शङ्कर : क्या आप लोगों के विकृत अंगों को देख कर भी उनके मन में भय उत्पन्न नहीं हुआ तथा उसकी तपस्या नष्ट नहीं हुई ?

चण्डक : महाराज ! तपस्या में संलग्न वह विघ्नों की भी परवाह नहीं करता है । वह तो—

वीरासन पर बैठा हुआ, वहाँ किसी अनश्वर का ध्यान करता हुआ हम लोगों के विकट शब्दों से भी वह निश्चयी चंचल नहीं हुआ ।।४।।

शङ्करः : श्रुतं मया। सम्प्रति गच्छन्तु विश्रामाय। (सर्वे 'नमः शिवाय, नमः शङ्कराय' इति मन्त्रोच्चारणं कुर्वन्तो निष्क्रान्ताः)

शङ्करः : (पार्वतीं प्रति) देवी ! श्रुतं त्वया सर्वम् ?

पार्वती : देव ! भवानन्तर्यामीति जनामि। भूतं भाव्यञ्च सर्वं जानाति। कथ्यतां तावत् कोऽसौ वीर पुत्रस्तपतीति ?

शङ्करः : (ध्यानं नाटयन्) देवी ! पाण्डवस्य तृतीयः पुत्रो धनुर्विद्याया मग्रगण्योऽर्जुनः सम्प्रति कैलास पर्वते तपतीति।

पार्वती : देव ! वीरवरस्यास्य तपस्यायाः किं प्रयोजनम् ?

शङ्कर : देवि ! शृणोतु—

सिद्ध्यन्ति ननु कार्याणि, भूर्लोके वीरकर्मणा
देवलोकस्य सिद्धयर्थं, तपः सर्वोत्तमं बलम् ॥५॥

अपिच—

प्राधान्यमस्ति वीराणां बलयोगेन केवलम्
तपस्वी चेत्भवेद्वीरस्तस्मै किञ्चिन्न दुष्करम् ।६।

शङ्कर : मैंने सुन लिया। अब आप लोग विश्राम के लिए जाएँ। (सभी शिवजी को नमस्कार, शङ्कर जी को नमस्कार इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए निकल जाते हैं।)

शङ्कर : (पार्वती से) हे देवि ! तुमने सब कुछ सुन लिया ?

पार्वती : देव ! आप तो अन्तर्यामी हैं, यह मैं जानती हूँ। आप भूत, भविष्य आदि सबको जानते हैं। आप बतावें कि कौन वीर पुत्र तपस्या कर रहा है ?

शङ्कर : (ध्यान करने का अभिनय करके) देवि ! पाण्डव का तृतीय पुत्र, धनुर्विद्या में अग्रगण्य अर्जुन इस समय कैलास पर्वत पर तपस्या कर रहा है।

पार्वती : देव ! इस वीरवर को तपस्या से क्या प्रयोजन ?

शङ्कर : देवि ! सुनो—

निश्चय ही पृथिवी लोक में सभी कार्यों की सिद्धि वीर कर्म से हो जाती है, लेकिन देव लोक के सभी कार्यों की सिद्धि के लिए तपस्या ही सर्वोत्तम बल है ॥५॥

और भी--

वीरों का प्राधान्य केवल बलयोग के ही कारण है। अगर वह वीर तपस्वी हो जाय तो उसके लिए कोई भी कार्य दुष्कर नहीं ॥६॥

कर्णः : (स्वगतम्) कथं कवचकुण्डलहीनत्वात् स्वात्मानं बलशून्यमिवानुभवामि ? परं याचकः सन्तुष्टो भूत्वा मम गृहात् प्रतिगत इति प्रसन्नोऽस्मि । (एकघ्नीं हस्ते गृहीत्वा) प्रतीयते दिव्यास्त्रमिदमिन्द्रलोकस्येति । (एकघ्नी सहसा भूमौ पतति) कथं प्रथम मेवैकघ्नी मम हस्तात् भूमौ पतिता (इति चिन्तां नाटयन् साशङ्कस्तिष्ठति ।)

पटाक्षेपः

(कर्णपरीक्षणं नाम तृतीयोऽङ्कः समाप्तः)

कर्ण : (स्वगत) कवच एवं कुण्डल से हीन होने के कारण मैं अपने को बलशून्य क्यों अनुभव कर रहा हूँ ? लेकिन याचक सन्तुष्ट होकर मेरे घर से लौटा, अतः मैं प्रसन्न हूँ । (एकघ्नी को हाथ में लेकर) लगता है यह दिव्यास्त्र इन्द्रलोक का है । (एकघ्नी अचानक पृथिवी पर गिर जाती है) कैसे प्रथम वार ही मेरे हाथ से एकघ्नी पृथिवी पर गिर गयी । (इस प्रकार चिन्ता का अभिनय करते हुए सशंक होकर बैठ जाता है ।)

पटाक्षेप

(कर्णपरीक्षण नामक तृतीय अंक समाप्त)

चतुर्थोऽङ्कः

स्थानम्—कैलासपर्वतस्थं तपोवनम् । अर्जुनस्तपस्यायां संलग्नोऽस्ति । स धनुषवाणान् पार्श्वे निधाय पद्मासनं बद्धवा शिवं ध्यायन्—'ऊँनमःशिवाय, ऊँनमः शिवाय' इतिमन्त्रोच्चारयन् हविर्ददाति । ततो ध्याने तिष्ठति ।

(ततः प्रविशन्ति विचित्राकृतयः शिवगणाः)

शिवगणाः : (इतस्ततो भ्रमन्तः पश्यन्तश्च, स्वगतम्) अत्र फलमूलादिकमपि न दृश्यते । (खर्परान् दण्डांश्च भूमौ स्थापयित्वा) अये ! कथमत्र स्थूणो दृश्यते । (सर्वे कटकटा शब्दं कुर्वन्ति । केचनार्जुनस्य निकटं गच्छन्ति ।)

चण्डकः : अत्रास्माभिर्नर्तितव्यम् । वयं मधुरसास्वादकाः । अतः पानादिकमपि कर्त्तव्यम् ।

सर्वेगणाः : (समवेत स्वरेण) वयं नृत्यामो वयं गायामः । (सर्वे खर्परदण्डादीन् गृहीत्वा विचित्रशब्दैश्च सह कोलाहल कुर्वन्ति, नृत्यन्ति समवेतस्वरेण गायन्ति च)

चतुर्थ अंक

स्थान—कैलास पर्वत स्थित तपोवन । अर्जुन तपस्या में संलग्न है । वह धनुषवाण को बगल में रखकर पद्मासन बाँध कर शिव को ध्यान करता हुआ—'ऊँ नमः शिवाय, ऊँ नमः शिवाय' इत्यादि मन्त्र का उच्चारण करता हुआ हविः देता है । तदनन्तर ध्यान में स्थित होता है ।

(तदनन्तर विचित्र आकृति वाले शिवगणों का प्रवेश)

शिवगण : (इधर उधर घूमते हुए तथा देखते हुए, स्वगत) यहाँ फल मूल आदि भी नहीं दिखलायी पड़ रहे हैं । (खप्पड़ों एवं दण्डों को भूमि पर रखकर) अये ! क्यों यहाँ स्थूण दीख रहा है । (सभी कटकटा शब्द करते हैं । कुछ लोग अर्जुन के निकट जाते हैं ।)

चण्डक : यहाँ हमलोग नाचेंगे । हमलोग मधुरस पीनेवाले हैं । यहाँ हमलोग पान भी करेंगे ।

सभीगण : (समवेत स्वर में) हमलोग नाचेंगे, हमलोग गायेंगे । (सभीगण खप्पड़, दण्ड आदि को लेकर विचित्र शब्दों के साथ कोलाहल करते हैं, नाचते हैं तथा एक स्वर में सभी गाते हैं ।)

डमड्डमध्वनिरत्र श्रूयते,
शिववत्त्वं गायामः ।
मांसं भुङक्त्वा पीत्वा मद्यं
यत्र तत्र नृत्यामः ॥
डं डं ध्वनिः श्रूयते
वं वं ध्वनिः श्रूयते ॥१॥

(नेपथ्ये डं, डं, वं, वं, ध्वनिः)

गण्डकः : (पात्रस्थं किञ्चित् पेयं पीत्वा किञ्चिच्चार्जुनस्य मस्तके निक्षिप्य, स्वगतम्) अये ! किं स्थूणः ? (मुखादिकं निपुणं निरीक्ष्य स्पृष्ट्वा च) नहि, अयंतु तपस्यायां निरतःकोऽपि युवा वर्तते ।

चण्डकः : (तपस्यन्तमर्जुनं दृष्ट्वा स्वगतम्) किमयं युवा तपस्यायां संलग्नोऽस्ति ? पार्श्वे धनुषवाणा विद्यन्ते । प्रतीयते वीरोऽयमिति । (प्रकाशम्) आगच्छन्तु सर्वे, पश्यन्तु च कोऽयमिति ?

सर्वेगणाः : (अर्जुनस्य निकटं गत्वा गम्भीरगर्जनैस्तं भाययन्ति । तथाप्यर्जुनो ध्याने तिष्ठति)

डं डं ध्वनि सुनायी पड़ रही है हमलोग शिव तत्व का गान करते हैं । मांस खाकर एवं मद्यपान कर यत्र तत्र नाचते हैं । डं ड ध्वनि सुनाई पड़ रही है, वं वं ध्वनि सुनाई पड़ रही है ॥१॥
(नेपथ्ये में डं डं एवं वं वं की ध्वनि)

गण्डक : (पात्र में रखे कुछ पेय को पीकर एबं कुछ को अर्जुन के मस्तक पर डालकर, स्वगत) अये ! क्या यह स्थूण है ? मुख आदि को ठीक से देखकर तथा स्पर्श कर) नहीं, यह तो तपस्या में संलग्न कोई युवा है ।

चण्डक : (तपस्या में संलग्न अर्जुन को देखकर, स्वगत) क्या यह युवक तपस्या में संलग्न है । बगल में धनुषवाण हैं । लगता है, यह वीर है । (प्रकाश) सभी लोग आओ, देखो, यह कौन हैं ?

सभीगण : (अर्जुन के निकट जाकर गम्भीर गर्जनों से अर्जुन को भयभीत करते हैं । लेकिन अर्जुन ध्यानस्थ ही रहता है ।)

गण्डकः : (स्वगतम्) कथमयमद्यापि ध्यानस्थो वर्तते। गम्भीरगर्जनैरपि पूर्ववदेवास्ति। (प्रकाशम्) अये बन्धुवर्ग्याश्चलन्तु सर्वे देवाधिदेवाय शङ्कराय निवेदयितुं वृत्तमिदम्।

('चलन्तु सर्वे' इति कथयन्तः सर्वे निष्क्रान्तः)

स्थानम्—शङ्करस्याश्रमः। त्रिशूलायुधसमन्वितः पाषाणोपविष्टः शङ्करः पार्श्वस्थया पार्वत्या सह वार्तालाप करोति।

पार्वती : स्वामिन्। भवानाशुतोषः, स्मरणमात्रेणैवाभिलषितं वरं ददाति परमसन्तुष्टो भूत्वा।

शङ्कर : प्रिये ! शरणागतानां रक्षा करणीया। ये मां भजन्ति ये च मम शरणागतास्तिष्ठन्ति तेषां कृते ददामि वरमवश्यमेव।

पार्वती : स्वामिन् ! परं सम्प्रति धूर्तानां संख्या वर्धते। ते विविधोपायैर्व्याजभक्त्वा च भवन्तं वञ्चयन्ति।

गण्डक : (स्वगत) कैसे यह अभी भी ध्यानस्थ ही है। गम्भीर गर्जनों से भी वह पूर्व की ही भांति है। (प्रकाश) अये, बन्धुगण हम सभी लोग चल देवाधिदेव शङ्कर को यह समाचार कह द।

(सभी लोग चलें ऐसा कहते हुए सभी लोग चले जाते हैं।)

स्थान—शङ्कर जी का आश्रम। त्रिशूल से युक्त शङ्कर पत्थर पर बैठे हैं तथा बगल में स्थित पार्वती से वार्तालाप करते हैं।

पार्वती : स्वामी ! आप आशुतोष हैं। स्मरण मात्र से ही परम सन्तुष्ट होकर अभिलषित वर प्रदान कर देते हैं।

शङ्कर : प्रिये ! शरणागतों की रक्षा करनी चाहिए। जो मुझे भजते हैं तथा जो मेरे शरण में रहते हैं उनके लिए मैं अवश्य वर प्रदान करता हूँ।

पार्वती : स्वामी ! लेकिन इस समय धूर्तों की सख्या बढ़ रही है। वे लोग विविध उपाय एवं छद्म भक्ति से आपको ठगते हैं।

पार्वती : देव ! स वीरवरस्तपसा किमिच्छति ?

शङ्करः : स धनुर्विद्यायामग्रगण्योऽर्जुनो वाञ्छति दिव्यं पाशुपतास्त्रम् ।

पार्वती : किमर्थं स पाशुपतास्त्रमिच्छति ?

शङ्करः : देवि ! सर्वं संक्षेपेण कथयामि । सावधानेन मनसा शृणु ।

पार्वती : देव ! सावधानाऽस्मि । सर्वं कथयतु ।

शङ्करः : सम्प्रति कुरुक्षेत्रे युद्धाशङ्का चलति । धृतराष्ट्रस्य पुत्रा दुर्योधनादयो दुर्विनीताः सन्ति । युद्धं विना नेच्छन्ति राज्यं सूच्यग्रमपि दातुं पाण्डुपुत्रेभ्यः । यद्यपि पाण्डुपुत्रा एव राज्याधिकारिणः सन्ति ।

पार्वती : (स्वगतम्) अहो स्वार्थपरता ! उक्तञ्च—

राज्यलोभाय राजानो वित्तमोहपरायणाः
कुर्वन्त्याक्रमणं निन्द्यं श्येनस्येवाहितं महत् ॥७॥

पार्वती : देव ! वह वीरवर तपस्या से क्या चाहता है ?

शङ्कर : वह धनुर्विद्या में अग्रगण्य अर्जुन दिव्य पाशुपतास्त्र को चाहता है ।

पार्वती : पाशुपतास्त्र वह किस लिए चाहता है ।

शङ्कर : देवि ! मैं सब कुछ संक्षेप में कहता हूँ । सावधान मन से सुनो ।

पार्वती : देव ! मैं सावधान हूँ । सब कुछ कहिए ।

शङ्कर : इस समय कुरुक्षेत्र में युद्ध की सम्भावना चल रही है । धृतराष्ट्र के पुत्र दुर्योधन आदि दुर्विनीत हैं । वे लोग पाण्डुपुत्रों को युद्ध के बिना राज्य का सूच्यग्र मात्र भी देना नहीं चाहते । यद्यपि पाण्डुपुत्र ही राज्य के अधिकारी हैं ।

पार्वती : (स्वगत) अहो ! स्वार्थपरता । कहा भी गया है—

राज्य के लोभ के कारण धन के मोह में परायण राजागण श्येन (वाज) पक्षी के समान निन्द्य, विनाशी, महान् आक्रमण करते हैं ॥७॥

(प्रकाशम्) आम् ! अग्रे कथ्यताम् ?

शङ्करः : अतो महाभारतस्य युद्धं संभावितम्। यद्यपि बलशालिनः पाण्डुपुत्रास्तानुज्जासयितुं समर्थाः सन्ति, परं कौरवानां पक्षे पाण्डुपुत्राणामेवाग्रजः सूर्यपुत्रः कर्णो वीराणामादर्शभूतो बलवत्तमोऽस्ति, यः पाशुपतास्त्रं विना पराजयं नैव स्वीकरिष्यति। अतः पाण्डवस्य पूर्णविजयाय पाशुपतास्त्रमनिवार्यम्।

पार्वती : देव ! यदि कर्णः पाण्डुपुत्राणामेवाग्रजस्तर्हि स दुर्योधनस्य पक्षं कथं गृह्णाति ?

शंङ्करः : देवि ! शृणु। वृत्तान्तमिदमपि संक्षेपेण कथयामि।

पार्वती : भवान् कथयतु। अहं सावधानाऽस्मि।

शङ्करः : कर्णस्य माता कुन्ती कन्यावस्थायामेव सूर्यप्रसादात् कर्णमजीजनत्। पुत्रजननानन्तरं सा जनापवादभयात् काष्ठमञ्जूषायां तं पुत्रं निधाय नद्यां प्रवाहयामास। स केनापि सूत्रपुत्रेण गृहीतः पालितश्च।

(प्रकाश) हाँ, आगे कहें ?

शङ्कर : अतः महाभारत का युद्ध सम्भावित है। यद्यपि बलशाली पाण्डुपुत्र उन लोगों को नष्ट करने में समर्थ हैं, लेकिन कौरवों के पक्ष में पाण्डुपुत्रों का ही अग्रज सूर्य पुत्र कर्ण, वीरों में आदर्शभूत सर्वाधिक वलिष्ट हैं जो पाशुपतास्त्र के बिना कभी पराजय स्वीकार नहीं करेगा। अतः पाण्डवों की पूर्ण विजय के लिए लिए पाशुपतास्त्र अनिवार्य है।

पार्वती : देव ! यदि कर्ण पाण्डुपुत्रों का ही अग्रज है तो वह दुर्योधन का पक्ष कैसे ग्रहण करता है ?

शङ्कर : देवि ! सुनो। इस वृत्तान्त को भी मैं संक्षेप में कहता हूँ।

पार्वती : देव ! आप कहें मैं सावधान हूँ।

शङ्कर : कर्ण की माता कुन्ती ने कन्यावस्था में ही सूर्य की प्रसन्नता से कर्ण को उत्पन्न किया। पुत्र उत्पन्न होने के वाद उसने जनापवाद के भय से उस पुत्र को काष्ठ की पेटी में रखकर नदी में प्रवाहित कर दिया। वह किसी सूतपुत्र के द्वारा ग्रहण किया गया तथा पाला गया।

पार्वती : देव ! कन्यावस्थायां सूर्यस्य प्रसादादिति वृत्तान्तमामूलाच्छ्रोतु-मिच्छामि ?

शङ्करः : देवि ! शृणु। कन्यावस्थायामेव कुन्ती क्रोधप्रधानमृषिं दुर्वाससं स्वकीययामूल्यसेवया भक्त्या च प्रसादितवती। ततः प्रसन्नो मुनिस्तस्यै मन्त्रमेकं दत्वा कथितवान् यन्मन्त्रस्यास्यप्रभावेना-भीप्सितान् देवान् द्रक्ष्यसि तैःतत्सदृशं पुत्रञ्च प्राप्स्यसि।

पार्वती : ततस्ततः ?

शङ्करः : ततः कन्यावस्थायामेवैकदा नद्यां स्नानकाले सा कुन्ती मन्त्रशक्तेः परीक्षणार्थं दिव्यस्य सूर्यदेवस्याह्वानं चकार। तदा तया तेन मन्त्रेणाहूतः सूर्यः समाजगाम। ततस्तेन कर्णनामको दिव्य पुत्रोऽभवत्। सूर्यसदृशोऽप्रतिमप्रतिभान्वितश्च सूतलालितः स कर्णः प्राप्ते वयसि विविधविद्यायां पारगतो बभूव। पाण्डुपुत्रा रहस्यमिदमजानन्तस्तं सूतगृहे पालितं कर्णं सूतपुत्रमिति मत्वा

पार्वती : देव ! कन्यावस्था में सूर्य की प्रसन्नता से इत्यादि वृत्तान्त को मैं आरम्भ से ही सुनना चाहती हूँ।

शङ्कर : देवि ! सुनो। कन्यावस्था में ही कुन्ती ने क्रोध प्रधान ऋषि दुर्वासा को अपनी अमूल्य सेवा एवं भक्ति से प्रसन्न कर लिया तदनन्तर परम प्रसन्न ऋषि ने उसे एक मन्त्र देकर कहा—इस मन्त्र के प्रभाव से अपनी इच्छानुसार देवताओं को प्राप्त करोगी तथा उनसे उनके सदृश पुत्र को प्राप्त करोगी।

पार्वती : इसके बाद क्या हुआ ?

शङ्कर : इसके बाद एक बार कन्यावस्था में ही कुन्ती ने नदी में स्नान करते समय मन्त्र शक्ति की परीक्षा के लिए दिव्य सूर्यदेव का आह्वान किया। तब उसके द्वारा उस मन्त्र से आहूत सूर्य उपस्थित हो गये तथा उनसे कर्ण नाम का एक दिव्य पुत्र उत्पन्न हुआ। सूर्य के समान अप्रतिम प्रतिभा से युक्त, सूत के द्वारा पालित वह कर्ण बड़ा होने पर अनेक प्रकार की विद्याओं में पारंगत हो गया। पाण्डुपुत्रों ने इस रहस्य को नहीं जानने के कारण सूत के घर में पालित उसे सूतपुत्र समझ कर अपने पक्ष

स्वकीये पक्षे न गृहीतवन्तः ।

पार्वती : (स्वगतम्) अहो ! विचित्रेयं मानवेषूच्चताया निम्नताया भावना । (प्रकाशम्) ततस्ततः ?

शङ्करः : ततः स कर्णो युधिष्ठिरस्य पक्षं त्यक्त्वा दुर्विनीतस्य दुर्योधनस्य पक्षत्वमङ्गीचकार ।

पार्वती : कुन्ती कथं न कथिवती रहस्यमेनं मन्त्ररहस्यञ्चान्येभ्यः पुत्रेभ्यो यदसौ युष्माक' भ्राता इति ?

शङ्करः : देवि ! सा जनापवादभयात् कुत्राप्येनं रहस्यं न सूचितवती । पुत्रेभ्यो तथैवेति तर्कयामि ।

पार्वती : (स्वगतम्) निन्दनीयं खलु कन्यावस्थायाः स्वाभाविकं चाञ्चल्यम् । (प्रकाशम्) देव ! कर्णस्तु वीरपुत्रः क्षत्रियः । पुनः दुर्विनीतस्य दुर्योधनस्य दुर्नीतिं कथं समर्थयति ?

शङ्करः : देवि ! स्वार्थरतो दुर्योधनोऽङ्गदेशस्यराज्यं कर्णाय दत्वा तं राजपदे प्रतिष्ठापितवान् । अनेन कार्येण दुर्योधनेन सह कर्णस्य मित्रत्वं संजातम् ।

में स्वीकार नहीं किया ।

पार्वती : (स्वगत) अहो ! मानवों में उच्चता एवं निम्नता की भावना भी विचित्र है । (प्रकाश) इसके बाद क्या हुआ ?

शङ्कर : तदनन्तर उस कर्ण ने युधिष्ठिर के पक्ष को छोड़ कर दुर्विनीत दुर्योधन के पक्ष को स्वीकार कर लिया ।

पार्वती : कुन्ती ने इस रहस्य को तथा मन्त्र के रहस्य को अन्य पुत्रों से क्यों नहीं कहा कि यह तुम्हारा ही भाई है ?

शङ्कर : देवि ! वह जनापवाद से भय से कहीं भी इस रहस्य को सूचित नहीं कर सकी । पुत्रों से भी नहीं कही, ऐसा मैं समझता हूँ ।

पार्वती : (स्वगत) कन्यावस्था की स्वाभाविक चञ्चलता निन्दनीय है । (प्रकाश) देव ! कर्ण तो वीर पुत्र क्षत्रिय है । पुनः वह दुर्विनीत दुर्योधन की नीति का समर्थन कैसे करता है ?

शङ्कर : देवि ! स्वार्थरत दुर्योधन ने अंगदेश का राज्य कर्ण को देकर उसे राजपद पर प्रतिष्ठित किया । इसी कार्य से दुर्योधन के साथ कर्ण की मित्रता हो गयी ।

पार्वती : देव ! परं दुष्टसंगत्या दोषा जायन्ते ?

शङ्करः : जानामि। श्रूयताम् यद्यपि कर्णः सदाचारी परं दुर्योधनस्य पक्षग्रहणान्न विचारयति तस्य दोषान्। उक्तञ्च—

दुष्टान्नं दुष्टसेवाञ्च यो गृह्णाति स्वभावतः
गुणास्तस्य विलुप्यन्ते तत्राऽऽयाति च दुष्टता ।८।

पार्वती: अवगतं मया कर्णस्य बुद्धेर्वैपरीत्यम्।

शङ्कर : देवि ! सम्प्रति त्वमेव विचारय, पाशुपतास्त्रप्रदाने किं करिष्यामिति।

पार्वती : देव ! किं वीर पुत्रं कर्णं पराजयितुं पाशुपतास्त्रप्रदानमुचितम् ?

शङ्करः : देवि ! उचितमेव प्रतिभाति।

पार्वती : देव ! किं सूतकुले परिपालनमेव तस्य पराजयकारणमस्ति ?

शङ्करः : देवि ! नहि, तस्य कारणं शृणु—अन्याय पथारूढस्य पुरुषस्य सर्वदैव पराजयो न्यायपथवर्तिनस्तु जयः शाश्वतमेव।

पार्वती : देव ! लेकिन दुष्ट संगति से दोष उत्पन्न होते हैं।

शङ्कर : जानता हूँ ! सुनो--यद्यपि कर्ण सदाचारी है, लेकिन दुर्योधन के पक्ष ग्रहण करने के कारण उसके दोषों पर विचार नहीं करता। कहा गया है—

जो व्यक्ति स्वभावतः दुष्टान्न एवं दुष्टों की सेवा को ग्रहण करता हैं, उसके गुण तो लुप्त हो ही जाते हैं, उसमें दुष्टता भी आ जाती है ।।८।।

पार्वती : देव ! मैं कर्ण की बुद्धि विपरीतता को जान गयी।

शङ्कर : देवि ! इस समय तुम ही विचार करो—पाशुपतास्त्र प्रदान में क्या करेंगे ?

पार्वती : क्या वीरपुत्र कर्ण को पराजित करने के लिए पाशुपतास्त्र देना उचित है ?

शङ्कर : देवि ! उचित ही लगता है।

पार्वती : देव ! क्या कर्ण का सूत कुल में परिपालन ही उसके पराजय का कारण है ?

शङ्कर : देवि ! नहीं, उसका कारण सुनो--

अन्याय मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की सर्वत्र पराजय तथा न्याय मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की सर्वत्र विजय होती है, यह शाश्वत नियम है।

यतः—

न जन्म ग्रहणे दोषा, न दोषाः पुष्टि सेवने
ये दुर्नीत्या प्रवर्तन्ते, ते नरा दोषभागिनः ॥९॥

पार्वती : देव ! इदं सत्यमुचितञ्च ।

शङ्करः : देवि ! अतः पाशुपतास्त्रप्रदानेन दुष्टसंगत्या दुष्परिणामो न्यायस्य विजयस्च भविष्यति । पुनः शृणु—

न्यायस्य विजयो भूयादन्यायस्य पराजयः
चिन्तनीयः सदासद्भिः राजभिस्तु विशेषतः ॥१०॥

पार्वती : देव ! तर्हि गच्छतु पाशुपतास्त्रप्रदानाय । परं तत्रापि पात्रा-पात्रयोर्विचारण कर्त्तव्या । यतोहि—

शिष्य निर्वाचनं दानं मैत्रीकार्यं पदार्पणम्
सर्वं परीक्ष्य कर्त्तव्यं सौभाग्याय सुखाय च ।११।

शङ्करः : देवि ! उचितमभिहितम् नहि सर्वेजनाः पाशुपतास्त्रसंचालने समर्थां भविष्यन्ति । अतः पाशुपतास्त्रप्राप्तये वीरतापरीक्षा-यामुत्तीर्णताऽनिवार्या ।

क्योंकि—

न तो जन्मग्रहण करने में दोष है तथा न पालन पोषण में । जो व्यक्ति दुर्नीति से संचालित होते हैं । वे ही लोग दोष के भागी होते हैं ॥९॥

पार्वती : देव ! यह सत्य एवं उचित भी है ।

शङ्कर : देवि ! अतः पाशुपतास्त्रप्रदान से दुष्ट संगति का दुष्परिणाम एवं न्याय की विजय होगी । पुनः सुनो—

न्याय की विजय हो एवं अन्याय की पराजय ऐसा सज्जनों को सर्वदा सोंचना चाहिए । राजाओं को विशेष रूप में यह सोंचना चाहिए ॥१०॥

पार्वती : देव ! तब तो आप पाशुपतास्त्र प्रदान के लिए जाएँ । लेकिन वहाँ भी पात्र एवं अपात्र का विचार कर लेना चाहिए । क्योंकि सौभाग्य एवं सुख के लिए शिष्य चयन, दान, मैत्री एवं पदार्पण परीक्षा करके ही करना चाहिए ॥११॥

शङ्कर : देवि ! तुमने ठीक ही कहा । सभी लोग पाशुपतास्त्र संचालन में समर्थन नहीं हो सकते । अतः पाशुपतास्त्र की प्राप्ति के लिए वीरता की परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है ।

पार्वती : देव ! वीरतायाः परीक्षावश्यमेवायोजनीया । अहं तु साम्प्रतमन्तः पुरस्य कार्यं पश्यामि ।

शङ्करः : देवि ! सम्प्रति गच्छतु ।

पार्वती : यथाज्ञापयति देवः (इति निष्क्रान्त)

शङ्करः : (स्वगतम्) अर्जुनस्योग्रेण तपसाऽहं सन्तुष्टोऽस्मि परं तत्रापि वीरतायाः परीक्षाऽनिवार्या (विचार्य) अद्यैव वीरतायाः परीक्षा भविष्यति । (प्रकाशम्) द्वारि कः तिष्ठति, शीघ्रमागच्छतु ?

प्रतिहारी : (प्रविश्य) नमः शंकराय, उपस्थितोऽस्मि । आज्ञापयतु देवः ?

शङ्करः : स्वस्त्यस्तु । मद्वचनाद्वारपालं सूचयतु यत् प्रधान भट्टेन विक्रान्तेन सह शीघ्रमागच्छतु ।

प्रतिहारी : यथाज्ञापयति महाराजः (नमः शंकराय इत्युच्चाश्यन् निष्क्रान्तः)

शङ्करः : (स्वगतम्) अद्यार्जुनस्य परीक्षणार्थं वनसैन्यमायोजनीयम् ।
(ततः प्रविशतः प्रधानभट्टो विक्रान्तः द्वारपालश्च)

पार्वती : देव ! वीरता की परीक्षा अवश्य ही आयोजित करनी चाहिए । मैं तो इस समय अन्तःपुर के कार्य को देखती हूँ ।

शङ्कर : देवि ! इस समय जाओ ।

पार्वती : महाराज की जो आज्ञा (चली जाती है ।)

शङ्कर : (स्वगत) अर्जुन की उग्र तपस्या से मैं सन्तुष्ट हूँ । फिर भी वहाँ वीरता की परीक्षा अनिवार्य है । (विचार कर) आज ही वीरता की परीक्षा होगी । (प्रकाश) द्वार पर कौन है, शीघ्र आओ ?

प्रतिहारी : (प्रवेश कर) 'शङ्कर जी को नमस्कार', मैं उपस्थित हूँ । महाराज आज्ञा दें !

शङ्कर : तुम्हारा कल्याण हो । मेरी आज्ञा से द्वारपाल को सूचित करो कि वह प्रधानभट्ट विक्रान्त के साथ शीघ्र ही आवें ।

प्रतिहारी : महाराज की जो आज्ञा । (नमः शंकराय ऐसा उच्चारण करते हुए निकल जाता है ।)

शङ्कर : (स्वगत) आज अर्जुन की परीक्षा के लिए वनसैन्य का आयोजन करना है ।
इसके बाद प्रधानभट्ट विक्रान्त एवं द्वारपाल का प्रवेश)

द्वारपालः : 'नमः शङ्कराय' (इति प्रणमन्) देव ! प्रधानभट्टो विक्रान्तः साम्प्रतमुपस्थितोऽस्ति ।

विक्रान्तः : नतेन मूर्ध्ना । देव ! विक्रान्तोऽहमभिवादये ।

शङ्करः : भद्रमस्तु । उपविशतु भवान् (इत्यासन निर्दिशति)

विक्रान्तः : यथाज्ञापयति देवः (इति निर्दिष्टासने तिष्ठति)

शङ्करः : (द्वारपालं प्रति) द्वारपाल ! त्वं गच्छ पुनरागमनाय ।

द्वारपालः : यदाज्ञापयति देवः ('नमः शङ्कराय' इति कथयित्वा साञ्जलिः प्रणमन् निष्क्रान्तः ।)

शङ्करः : (विक्रान्तं प्रति) विक्रान्त ! सर्वान् गणान् सूचयतु यदद्यैव कैलासस्य पश्चिमे प्रान्ते किराताधिपति वेशेनाऽहं मृगयार्थं गमिष्यामि । तत्र सर्वैः गणैः किरातवेषैरहमनुगन्तव्यः । पुनश्च त्वयापि शूकररूपं धृत्वा तत्र तपस्यायां निरतस्य राजपुत्रस्य

द्वारपाल : 'नमः शङ्कराय' (यह कहकर प्रणाम करता हुआ) देव ! प्रधानभट्ट विक्रान्त इस समय उपस्थित हैं ।

विक्रान्त : (नतमस्तक हो) देव ! मैं विक्रान्त आपका अभिवादन करता हूँ ।

शङ्कर : कल्याण हो । आप बैठें । (इस प्रकार आसन का निर्देश करते हैं ।)

विक्रान्त : महाराज की जो आज्ञा (इस प्रकार निर्दिष्ट आसन पर बैठ जाता है ।)

शङ्कर : (द्वारपाल से) द्वारपाल ! पुनरागमन के लिए तुम जाओ ?

द्वारपाल : देव की जो आज्ञा ('नमः शङ्कराय' ऐसा कहकर साञ्जलि प्रणाम करता हुआ निकल गया) ।

शङ्कर : (विक्रान्त से) विक्रान्त ! सभी गणों को सूचित कर दो कि आज मैं कैलास के पश्चिम भाग में किराताधिपति वेश में मृगया के लिए जाऊँगा । वहाँ सभी गण किरात के वेश में मेरा अनुगमन करेंगे । फिर तुझे भी शूकर रूप धारण कर वहाँ तपस्या में संलग्न राजपुत्र के निकट जाना है ।

निकटे गन्तव्यम्। पाशुपतास्त्रप्रदानाय तस्य राजपुत्रस्य वीरतायाः परीक्षा कर्त्तव्या।

विक्रान्तः : यथाज्ञापयति देवः ('नमः शङ्कराय' इति कथयित्वा प्रणमन् निष्क्रान्तः)

(पटाक्षेपः)

स्थानम्—कैलासस्य पश्चिमप्रान्तस्थं तपोवनम्। अर्जुनस्तपस्यायां निरतोऽस्ति। एकः शूकरः किरातैरनुगम्यमानोऽर्जुनस्य निकटमागच्छति। शूकरस्तस्योपर्याक्रमणं करोति। अर्जुनःपार्श्वस्थान् धनुषवाणान् गृहीत्वा वाणमेकं धनुषि संधाय शूकरमभिलक्ष्य समाक्षिपति। तस्मिन्नेव समये किराताधिपवेशधारकस्य शिवस्य वाणोऽपि तस्योपरि समापतत्। शूकरोमृतः।

किराताः : मृगया संलग्नस्यास्माकं स्वामिनो वाणेन शूकरोऽयं मृतः। गृह्यताम्। गृह्यताम्। (इति सर्वे कोलाहलं कुर्वन्ति।)

पाशुपतास्त्र देने के लिए उस राजपुत्र के वीरता की परीक्षा करनी है।

विक्रान्त : देव की जो आज्ञा ('नमः शङ्कराय' ऐसा कहकर प्रणाम करता हुआ निकल जाता है।)

(पटाक्षेप)

स्थान—कैलास के पश्चिम प्रान्तस्थित तपोवन। अर्जुन तपस्या में संलग्न है। एक शूकर किरातों के द्वारा पीछा किए जाते हुए अर्जुन के निकट आता है। शूकर उसके ऊपर आक्रमण करता है। अर्जुन बगल में रखे धनुष एवं वाणों को लेकर एक वाण धनुष पर रखकर शूकर को लक्ष्य बना कर छोड़ देता है। इसी समय किराताधिपति के वेश धारण करने वाले शिव का वाण भी उसके ऊपर गिरता है। शूकर मर जाता है।

किरातगण : मृगया में संलग्न हम लोगों के स्वामी के वाण से यह शूकर मरा है। इसे उठाओ, उठाओ। (इस प्रकार सभी कोलाहल करते हैं।)

अर्जुनः : अये ! किं युष्माकं स्वामिनो वाणेन शूकरोऽयं मृतः ? नहि, नहि, शूकरोऽयं मम वाणेन मृतः ।

किराताः : कस्त्वमेतस्य भयानकशूकरस्य हन्ता ? एनमस्माकं स्वामिनं विना न कोऽपि हन्तुं समर्थः । अस्मात्स्थानात् शीघ्रमेव गच्छतु । वयं शूकरं नयामः । (मुण्डकं सम्बोध्य) भो मुण्डक । नयतु शूकरम् । (मुण्डको ग्रहीतुमभिनयति)

अर्जुनः : (स्वगतम्) परेभ्यः स्वाधिकारसमर्पणं वीरपुत्रैर्नोचितम् । यतोहि--

महत्त्वञ्चाधिकारस्य, यो न जानाति भूतले
निन्द्योऽसौ वीर्यसम्पन्नः, राज्यं तस्मै हि दुर्लभम् ।१२।

(प्रकाशम्) तिष्ठन्तु तावत् । मम वाणेन शूकरोऽयं मृतः । अस्योपरि ममाधिकारः । अहं क्षत्रियोऽस्मि । युद्धं विना शूकरं नैव दास्यामि ।

किराताः : (समवेत स्वरेण) तर्हि युद्धं कुरु, युद्धं कुरु । (इति सर्वगणाः शस्त्रसञ्चालनं कुर्वन्तो युद्धाय तत्परा भवन्ति । अर्जुनोऽपि

अर्जुन : अये ! क्या तुम लोगों के स्वामी के वाण से यह शूकर मरा हैं ? नहीं, नहीं, यह शूकर मेरे वाण से मरा है ।

किरातगण : इस भयानक शूकर को मारने वाले तुम कौन हो ? इसे तो हम लोगों के स्वामी के विना कोई दूसरा मारने में समर्थ हो ही नहीं सकता । इस स्थान से शीघ्र ही जाओ । हम लोग शूकर ले जायेंगे । (मुण्डक को सम्बोधित कर) हे मुण्डक ! शूकर को ले चलो । मुण्डक पकड़ने का अभिनय करता है ।

अर्जुन : (स्वगत) वीर पुत्रों के द्वारा अपना अधिकार दूसरों को समर्पित करना उचित नहीं । क्योंकि—

जो इस संसार में अधिकार के महत्त्व को नहीं जानता वह वलवान होने पर भी निन्दनीय है निश्चय ही उसके लिए राज्य दुर्लभ है ।।१२।।

(प्रकाश) ठहरो अभी । यह शूकर मेरे वाण से मरा है इस पर मेरा अधिकार है । मैं क्षत्रिय हूँ । युद्ध के बिना शूकर नहीं दूंगा ।

किरातगण , (एक स्वर में) तव तो युद्ध करो, युद्ध करो (इस प्रकार) सभीगण शस्त्र संचालन करते हुए युद्ध के लिए तत्पर होते हैं ।

परमधैर्येण युद्धे संलग्नो भवति)

(पटाक्षेपः)

(ततः प्रविशति गङ्गा)

गङ्गा : (इतस्ततः परिभ्रमन्ती, नेपथ्ये कोलाहलं श्रुत्वा, स्वगतम्) कथं नेषथ्ये कोलाहलो भवति ?

(ततः प्रविशति चन्द्रकला)

चन्द्रकला : (गङ्गां दृष्ट्वा) सखिगङ्गे ! स्वागतम् ।

गङ्गा : तुभ्यमपि स्वागतम् ।

यन्द्र० : किमवगतं त्वया कैलासस्य पश्चिमप्रान्तीयं वृत्तम् ?

गङ्गा : नहि सखि ! नाऽहं जानामि । त्वं कथय ?

चन्द्र : शृणु ! तत्र कोराजर्षिस्तपस्यायां निरत आसीत्

अर्जुन भी परमधैर्य से युद्ध में संलग्न होता है।

(पटाक्षेप)

(इसके बाद गङ्गा का प्रवेश)

गङ्गा : (इधर उधर घूमती हुई, नेपथ्य में कोलाहल को सुनकर (स्वगत) नेपथ्य में कोलाहल क्यों हो रहा है ?

(इसके बाद चन्द्रकला का प्रवेश)

चन्द्रकला : (गङ्गा को देख कर) सखी गङ्गे ! तुझे स्वागत है ।

गङ्गा : तुम्हे भी स्वागत है ।

चन्द्र० : क्या कैलास के पश्चिम भाग का समाचार जानती हो ?

गङ्गा : नहीं सखि, मैं नहीं जानती । तुम कहो ।

चन्द्र : सुनो, वहाँ एक राजर्षि तपस्या में संलग्न था ।

गङ्गा : इदं तु जानामि यत् पाण्डुपुत्रोऽर्जुनस्तपस्यायां निरतोऽस्ति। तत्र किं भूतमिति कथय ?

चन्द्र० : एकदा तत्रैको भयानकः शूकर समाजगाम। शूकरस्याक्रमण वीक्ष्य युवावीरोऽसौ तस्योपरि वाणं चिक्षेप। तदा किराताधिपस्यापि वाणस्तत्र समागतः। शूकरो मृतः।

गङ्गा : सखि ! कस्य वाणेन शूकरो मृतः। किमर्जुनस्य वाणेन किराताधिपस्य वाणेन वा ?

चन्द्र० : न कोऽपि जानाति। तत्र तु वाणद्वयमेकस्मिन्नेव समये निपतितम्।

गङ्गा : ततस्ततः ?

चन्द्र० : ततः शूकरस्योपरि स्वाधिकारायार्जुनस्य किरातगणैः सह युद्धमभूत्।

गङ्गा : ततस्ततः ?

चन्द्र० : ततः स्वयं किराताधिपतिर्युद्धाय तत्परोऽभवत्।

गङ्गा : यह तो जानती हूँ कि वहाँ पाण्डुपुत्र अर्जुन तपस्या में निरत है। वहाँ क्या हुआ, यह बताओ ?

चन्द्र० : एकबार वहाँ एक भयानक शूकर आया। शूकर के आक्रमण को देखकर श्रेष्ठ वीर ने उसके ऊपर वाण फेंका। उस समय किराताधिपति का वाण भी वहाँ आ गया। शूकर मर गया।

गङ्गा : सखि ! किसके वाण से शूकर मरा ? क्या अर्जुन के वाण से या किराताधिपति के वाण से ?

चन्द्र० : कोई नहीं जानता। वहाँ तो दो वाण एक ही समय में गिरे।

गङ्गा : इसके बाद क्या हुआ ?

चन्द्र० : तब शूकर के ऊपर अपने अधिकार के लिए अर्जुन का किरातगणों के साथ युद्ध हुआ।

गङ्गा : इसके बाद क्या हुआ ?

चन्द्र० : इसके बाद स्वयं किराताधिपति युद्ध करने के लिए तत्पर हो गये।

गङ्गा : ततस्ततः ?

चन्द्र० : ततः किराताध्यक्षेणसहार्जुनस्य लोमहर्षणं युद्धमभवत् । अर्जुनस्य वीरकर्मणा सन्तुष्टः किराताध्यक्षः स्वकीयं रूपं प्रकटितवान् ।

गङ्गा : सखि ! किराताध्यक्षः कःआसीत् ?

चन्द्र० : किराताध्यक्षः शङ्करः आसीत् । स वीरपुत्रस्यास्यार्जुनस्य परीक्षां करोतिस्म पाशुपतास्त्रप्रदानाय ।

गङ्गा : ततस्ततः ?

चन्द्र० : ततोऽर्जुनः किराताध्यक्षस्य स्थाने शंकरं दृष्ट्वा विचारितवान्—

चन्द्रमा यस्य भालेऽस्ति, श्गले क्ष्वेडस्य कालिमा
त्रिशूलं नागराजञ्च, धृत्वा शम्भुः समागतः ।१३।

गङ्गा : ततस्ततः ?

चन्द्र० : ततो यदाऽर्जुनो धनुवार्णान् भूमौ निधाय शङ्करस्य पादयोः पतति तदा शङ्करः तं हस्ताभ्यामुत्थाय कथयति—वीरवर ! तव वीरकर्मणाऽहं सन्तुष्टोऽस्मि । अभीप्सितं ब्रूहि ?

गङ्गा : इसके बाद क्या हुआ ?

चन्द्र० : इसके बाद किराताध्यक्ष के साथ अर्जुन का लोमहर्षण युद्ध हुआ । अर्जुन के वीरकर्म से सन्तुष्ट हो किराताध्यक्ष ने अपना रूप प्रकट किया ।

गङ्गा : सखि ! किराताध्यक्ष कौन थे ?

चन्द्र० : किराताध्यक्ष शंकर थे । वे वीरपुत्र अर्जुन की परीक्षा पाशुपतास्त्र प्रदानार्थ कर रहे थे ।

गङ्गा : इसके बाद क्या हुआ ?

चन्द्र० : तब अर्जुन ने किराताध्यक्ष के स्थान पर शंकर को देख कर विचार किया--

जिसके भाल में चन्द्रमा तथा गले में विष की कालिमा है वे शिव त्रिशूल एवं नागराज को धारण कर आ गये हैं ।।१३।।

गङ्गा : इसके बाद क्या हुआ ?

चन्द्र० : तब जैसे ही अर्जुन धनुषबाण को पृथिवी पर रख कर शंकर के पैर पर गिरता है, तभी शंकर उसे दोनों हाथों से उठाकर कहते हैं—वीरवर ! मैं तुम्हारे वीरतापूर्ण कार्य से सन्तुष्ट हूँ । अभिलषित वस्तु मांगो ?

गंगा : ततस्ततः ?

चन्द्र० : ततोऽर्जुनः प्रावोचत्—

देव ! यदि प्रसन्नोऽसि देहि पाशुपतास्त्रकम्
आशुतोष ! नमस्तुभ्यं न्यान्यान्यायबिचारिणे ।१४।

गंगा : ततस्ततः ?

चन्द्र० : ततः शङ्करः प्रावोचत्—यदियमासीत्तववीरतायाः परीक्षा। पाशुपतास्त्रसंचालनं सर्वेषां कृते नैव सुगमः। त्वमत्र सर्वथायोग्योऽसीति कथयन् तस्मै पाशुपतास्त्रं दत्वाऽन्तर्दधे।

गंगा : ततस्ततः ?

चन्द्र० : अर्जुनोऽपि पाशुपतास्त्रं गृहीत्वा स्वं देशं जगाम।

गंगा : सखि ! किं कुरुक्षेत्रे सम्प्रति युद्धं चलति ?

चन्द्र० : श्रुतं मया यत्तत्र युद्धं भवति। आवाभ्यां तु स्वकीयं क्षेत्रं दर्शनीयम् (तौ निष्क्रान्तौ)

पटाक्षेपः

अर्जुनस्य दिव्यास्त्रग्रहणं नाम चतुर्थोऽङ्कः समाप्तः।

गंगा : इसके बाद क्या हुआ ?

चन्द्र० : तब अर्जुन ने कहा—

देव ! आशुतोष ! न्याय एवं अन्याय को विचार करने वाले आपको नमस्कार है। आप यदि प्रसन्न हैं तो मुझे पाशुपतास्त्र दें ॥१४॥

गंगा : इसके बाद क्या हुआ ?

चन्द्र० : तब शंकर ने कहा—कि यह तुम्हारी वीरता की परीक्षा थी। पाशुपतास्त्र का संचालन सबों के लिए सुगम नहीं है। तुम यहाँ सर्वथा योग्य हो ऐसा कहकर उसे पाशुपतास्त्र प्रदान कर अन्तर्ध्यान हो गये।

गंगा : इसके बाद क्या हुआ ?

चन्द्र० : अर्जुन भी पाशुपतास्त्र लेकर अपना देश चला गया।

गंगा : सखि ! क्या कुरु क्षेत्र में इस समय युद्ध चल रहा है ?

चन्द्र० : मैंने भी सुना है कि इस समय कुरु क्षेत्र में युद्ध चल रहा है। हम दोनों को अपना क्षेत्र देखना है। (दोनों निकल जाती है।)

पटाक्षेप

अर्जुन का दिव्यास्त्र ग्रहण नामक चतुर्थ अंक समाप्त।

पञ्चमोऽङ्कः

स्थानम्—राजभवनम्। प्रविशति युधिष्ठिरेण सहालपन्ती द्रौपदी।

द्रौपदी : महाराज ! अद्य कर्णेन सह योद्धुमस्माकं पक्षीयः को गतः ?

युधिष्ठिरः : देवि ! भीमपुत्रो मायायुद्धे निपुणो घटोत्कचःयोद्धुं गतः।

द्रौ० : महाराज ! किमस्माकं पक्षीया अन्ये वीराः कर्णेन पराजिता वाऽन्यत्र युद्धे संलग्नाः सन्ति, येन भीमपुत्रो घटोत्कचः कर्णेन सह योद्धुं प्रेषितः ?

युधि० : देवि ! सत्यमेवास्माकं पक्षीया वीरा युद्धेऽन्यत्रासक्ताः सन्ति। कर्णस्तु दुर्जेयः। तेन सह योद्धुं सामान्यवीरा न पार्यन्ते। एकोऽर्जुनस्तेन सह योद्धुं समर्थोऽस्ति। परं तस्यानुपस्थितौ भीमपुत्रो घटोत्कचस्तेन सह योद्धुं समर्थ इति मत्वा स एवाद्य प्रेषितो रणांगणे।

द्रौ० : राजन् ! अद्य युद्ध क्षेत्रस्यसूचना काऽपि समागता ?

युधि० : देवि ! घटिकापूर्वमेवैकः सूचको युद्धक्षेत्रात् समायातः।

स्थान—राजभवन। युधिष्ठिर के साथ बातचीत करती हुई द्रौपदी का प्रवेश।

द्रौपदी : महाराज ! आज कर्ण के साथ युद्ध करने के लिए हमारे पक्ष का कौन आदमी गया है ?

युधिष्ठिर : देवि ! मायायुद्ध में निपुण भीमपुत्र घटोत्कच युद्ध के लिए गया है।

द्रौ० : महाराज ! क्या हमारे पक्ष के अन्य वीर कर्ण से पराजित हो गये हैं या अन्यत्र युद्ध में संलग्न हैं फलतः कर्ण के साथ युद्ध के लिए घटोत्कच को भेजा गया है ?

युधि० : देवि ! सचमुच हम लोगों के पक्ष के अन्य वीरगण अन्यत्र युद्ध में आसक्त हैं। कर्ण तो दुर्जेय है। उसके साथ युद्ध करने में सामान्य वीर समर्थ नहीं हो सकते। एक मात्र अर्जुन ही उसके साथ युद्ध करने में समर्थ है। लेकिन उसकी अनुपस्थिति में भीमपुत्र घटोत्कच ही उसके साथ युद्ध करने में समर्थ है ऐसा समझकर उसे ही आज युद्धभूमि में भेजा गया।

द्रौ० : राजन् ! क्या आज युद्धक्षेत्र की कोई सूचना आयी है ?

युधि० : देवि ! एक घण्टा पहले युद्धक्षेत्र से एक सूचक आया है।

द्रौ० : तेन कीदृशी सूचना दत्ता ?

युधि० : तेन सूचितम् यद् घटोत्कचो मायायुद्धे निपुणो विद्यते तेन रणक्षेत्र गमनानन्तरमेवैतादृशं रणकौशलं प्रदर्शितं येन परपक्षीयाः सर्वे वीराः स्तब्धा जाता ।

तथा च—

ये वीराःसमुपस्थितास्तु समरे दुर्योधनस्याखिला
दृष्ट्वा वीरघटोत्कचं रणपतिं याता भयार्त्ता भृशम् ।
तत्रैवोपहताः पलायनपराश्चान्येऽङ्ग, हीनास्तदा
मायायुद्ध विशारदो वलनिभो धन्येन संबोधितः ॥१॥

अपि च—

नानाव्याजमुपेत्य शस्त्ररहिता दुर्योधनस्याखिला
वीरा युद्धपराङ्मुखाः प्रतिगृहं गन्तुं प्रवृत्ताऽभवन् ।
मायायुद्धमहो विचित्ररचितं श्री भीमपुत्रस्य तत्
वीरस्यास्य घटोत्कस्य नितरांदृष्ट्वा यमस्येव ते ॥२॥

द्रौ० : ततस्ततः ?

युधि० : देवि ! एतादृशेन समुपस्थितदृश्येन युद्धकौशलेन च

द्रौ० : उसने किस प्रकार की सूचना दी ?

युधि० : उसने सूचित किया कि घटोत्कच मायायुद्ध में निपुण है । उसने रणक्षेत्र में जाने के वाद ही इस प्रकार के रणकौशल का प्रदर्शन किया, जिससे शत्रु पक्ष के सभी वीर स्तब्ध रह गये । और—

समरांगण में उपस्थित दुर्योधन के सभी वीर रणपति वीर घटोत्कच को देखकर अत्यन्त भय से पीड़ित हो गये । उनमें कुछ तो वहीं मारे गये । कुछ भागने लगे तथा कुछ अंगहीन हो गये । उस समय मायायुद्ध विशारद घटोत्कच धन्य शब्द से सम्बधित किया गया ॥१॥

और भी—

श्री भीम के इस वीर पुत्र घटोत्कच के यमतुल्य विचित्र रचित मायायुद्ध को देखकर दुर्योधन के सारे वीर युद्ध से परांग मुख होकर अनेक प्रकार के व्याज का सहारा ले तथा शस्त्र रहित होकर घर की ओर जाने लगे ॥२॥

द्रौ० : इसके बाद क्या हुआ ?

युधि० : देवि ! इस प्रकार समुस्थित दृश्य एवं युद्ध कौशल से शत्रुपक्ष

परपक्षीया वीराः सिकतायां पतिता जलविन्दव इव विलीना जाताः।

द्रौ० : (सहर्षम्) घटोत्कचो वीरपुत्रोऽस्ति। (दक्षिणाङ्गस्फुरणं दृष्ट्वा, स्वगतम्) कथं मम दक्षिणाङ्गं स्फुरति (प्रकाशम्) देव ! परमद्य दक्षिणचक्षुःस्फुरति। कम्पते च दक्षिणवाहुमूलम्। वेपते मे हृदयम्।

युधि० : देवि ! कदापि न भेतव्यम्। काऽपि शङ्का न करणीया। भीमपुत्रो घटोत्कचो भीमसदृशो वीरः शीघ्रमेव रणक्षेत्रादागमिष्यति विजयपताकां गृहीत्वा।

(ततः कुक्कुराणां रोदनध्वनिः)

द्रौ० : महाराज ! कथमद्य श्रूयते कुक्कुराणाममांगलिको रोदनध्वनिः। (नेपथ्ये शोकसूचको कलकलध्वनिः) देव ! श्रूयतां कथं शोकसूचको ध्वनिः कलकलध्वनिश्च श्रूयते।

युधि० : (कर्णं दत्वा, स्वगतम्) श्रूयते शोकसूचको ध्वनिः।

के वीर वालु में गिरे जलविन्दु के समान विलीन हो गये।

द्रौ० : (हर्ष के साथ) घटोत्कच वीर पुत्र हैं। (दाहिने अंग के स्फुरण को देखकर, स्वगत) क्यों मेरा दाहिना अंग फड़क रहा है। (प्रकाश) देव ! लेकिन आज मेरी दायी आँख फड़क रही है। दाहिनी भुजा का मूलभाग भी काँप रहा है। मेरा हृदय काँप रहा है।

युधि० : देवि ! कभी भी नहीं डरना चाहिए। किसी प्रकार कीं शंका नहीं करनी चाहिए। भीमपुत्र घटोत्कच भीम के समान वीर है शीघ्र ही रणक्षेत्र से विजय पताका लेकर आयगा।

(इसके बाद कुत्तों की रूलायी सुनाई पड़ती है)

द्रौ० : महाराज ! आज क्यों कुत्तों की अमांगलिक रुलायी की ध्वनि सुनाई पड़ रही है (नेपथ्य में शोक सूचक कल कलध्वनि होती है) देव ! सुनें कैसे शोकसूचक ध्वनि एवं कलकल ध्वनि सुनाई पड़ रही है ?

युधि० : (कान लगाकर, स्वगत) शोकसूचक ध्वनि सुनाई पड़ रही है।

(प्रकाशम्) देवि ! कर्णे शोकसूचकस्यामङ्गलसूचकस्य च ध्वनेर्विशत्यपि न विश्वसीमि संभावनाममङ्गलस्य ।

(ततः प्रविशति ससंभ्रमः सूचकः)

सूचकः : (इतस्ततः परिभ्रमन् ससंभ्रमः) देव ! देव !

युधि० : सूचक ! कथय का वार्ता युद्धक्षेत्रस्येति ?

सूचकः : देव ! अत्याहितमत्याहिम् ।

युधि० : सूचक ! कथय किमत्याहितम् ?

सूचकः : कथयामि देव ! सर्वं क्रमेण ।

युधि० : कथय ?

सूचकः : युद्धभूमौ वीरघटोत्कचस्य प्रस्तरयुद्धेन परपक्षीया वीराः स्तब्धा जाताः । ते शस्त्रान्युत्सृज्य यूद्धात् पराङ्मुखाअभूवन् ।

युधि० : अये ! तर्हि कथमत्याहितम् ?

सूचकः : देव ! यदा घटोत्कचेन सह युद्धं कुर्वन् कर्णोऽपि चिन्तनीयां दशां प्रापितस्तदा दुर्योधनेन पुनः पुनः दिव्यास्त्रमेकघ्न्यस्त्रं संधातुं

(प्रकाश) देवि ! कान में शोकसूचक तथा अमंगलसूचक ध्वनि के आने पर भी मैं अमंगल की संभावना पर विश्वास नहीं करता ।

(इसके वाद घवराये हुए सूचक का प्रवेश)

सूचक : (इधर उधर घवराये हुए घूमता हुआ) देव ! देव !

युधि० : सूचक ! युद्ध क्षेत्र का क्या समाचार है, कहो ?

सूचक : देव ! महान् अनर्थ हो गया, महान् अनर्थ हो गया ।

युधि० : सूचक क्या महान् अनर्थ हुआ ?

सूचक : देव ! मैं सब कुछ क्रम से कहता हूँ ।

युधिद्र : कहो ?

सूचक : युद्धभूमि में वीर घटोत्कच के प्रस्तरप्रक्षेप युद्ध से शत्रु पक्ष के वीरगण स्तब्ध हो गये । वे लोग शस्त्रों को त्याग कर युद्ध से अलग हो गये ।

युधि० : अये ! तब क्या महान् अनर्थ हुआ ?

सूचक : देव ! जब घटोत्कच के साथ युद्ध करते हुए कर्ण भी चिन्तनीय दशा को प्राप्त करा दिया गया तब दुर्योधन के द्वारा दिव्य

प्रेरितः स चान्ते तदेक-घ्न्यस्त्रं घटोत्कचस्योपरि प्राच्छिपत् ।

युधि० : (चिन्तां नाटयन्) किं घटोत्कचस्योपरि एकघ्न्यस्त्रस्य प्रयोगः ?

द्रौ० : हा ! किं वीर घटोत्कचोऽस्माभिः परित्यक्तः । वीरवर ! तव सदृशोऽवीरः कथमिमां भूमिं त्यक्तवान् ? (इति रुदन्ती शोकं प्रकटयति । युधिष्ठिरः स्वकीयमस्तकस्योपरि दक्षिणहस्तं निधायाधोमुखःसन् तिष्ठति । द्रौपदी पुनः पुनः विलपति । सूचकोऽपि तत्रैव पृथिव्यां तिष्ठति ।)

द्रौ० : पुत्र घटोत्कच ! इमं दुःखपूर्णं वृत्तान्तं श्रुत्वा ते पितरः कथं जीवनं धारयिष्यन्ति (इति मूर्च्छां नाटयति)

(ततः प्रविशति चक्रधरः पीतवस्त्रः श्रीकृष्णः)

कृष्णः : (स्वगतम्) अये ! अत्र सर्वे दुःखसिन्धौ निमग्ना विद्यन्ते । एते मायाभिः प्रभाविता न जानन्ति यदेषः सनातनो नियमः । कथं महाराजयुधिष्ठिरोऽपि दुःखाक्रान्तो वर्तते ? सत्यमेववोक्तम् ...

एकघ्न्यस्त्र के प्रयोग के लिए बारबार कहने पर अन्त में इसने उस एकघ्न्यस्त्र को घटोत्कच के ऊपर छोड़ दिया ।

युधि० : (चिन्ता का अभिनय करते हुए) क्या घटोत्कच के ऊपर एकघ्न्यस्त्र का प्रयोग ?

द्रौ० : हा ! क्या वीर घटोत्कच भी हम लोगों के द्वारा परित्यक्त हो गया । वीरवर ! तुम्हारे सदृश वीर ने कैसे इस पृथिवी को छोड़ दिया । (इस प्रकार रोती हुई शोक प्रकट करती है । युधिष्ठिर अपने मस्तक के ऊपर दाहिना हाथ रखकर अधोमुख होकर बैठ जाते हैं । द्रौपदी पुनः विलाप करती है । सूचक भी वहीं पृथिवी पर बैठ जाता है ।)

द्रौ० : पुत्र घटोत्कच ! इस दुःखपूर्ण वृत्तान्त को सुनकर तुम्हारे पितृगण कैसे जीवन धारण करेंगे (इस प्रकार मूर्च्छा का अभिनय करती हैं)

(इसके बाद चक्रधर पीताम्बर श्रीकृष्ण का प्रवेश)

कृष्ण : (स्वगतम्) अये ! यहाँ सभी दुःख सागर में निमग्न हैं । ये लोग माया से प्रभावित होकर नहीं जानते कि यह सनातन नियम हैं । कैसे महाराज युधिष्ठिर भी दुःखाक्रान्त हैं । सच ही कहा गया है--

सुखस्य कारणं दुःखं, दुखस्य सुखमेव हि
ताभ्यां प्रभावितो लोकश्चक्रवाकेव दृश्यते ॥३॥

परं नाऽयं दुःखस्यावसरः। अजेयः कर्णः पूर्वमेव कवचकुण्डल-दानात् दुर्जेयः सम्वृत आसीत्। साम्प्रतं तु घटोत्कचस्योपरि दिव्यास्त्रस्यैकघ्न्यस्त्रस्य प्रयोगं कृत्वा सुजेयः सम्वृत्तः। (द्रौपदीं दृष्ट्वा स्वगतम्) कथं कोमलहृदया द्रौपदी दुःखाक्रान्ता सम्प्रति मूर्छितावर्तते। (युधिष्ठिरस्य निकटं गत्वा) महाराज ! इयं द्रौपदी तु मूर्छिता वर्तते। द्रौपद्या मूर्छापनयं करोतु भवान्।

युधि० : (ससंभ्रमं शीघ्रमेवोत्थाय, स्वगतम्) अये ! भगवान् श्रीकृष्णः समागतः किमहं करोमि ? (विचार्य) भगवतो वाक्यानुसारेणैव करणीयम्। (सपदि पटान्तेन वायोः संचालनं कृत्वा मूर्छापनयनाय यथोपचारं करोति। द्रौपदी चेतनां प्राप्नोति।)

सुख का कारण दुःख है तथा दुःख का कारण सुख। संसार में इन दोनों (सुख, दुःख) से प्रभावित लोग चक्रवाक की भाँति प्रतीत होते हैं ॥३॥

लेकिन यह दुःख का समय नहीं है। अजेय कर्ण अपने कवच कुण्डल के दान से पहले ही दुर्जेय बन गया है। इस समय तो घटोत्कच के ऊपर एकघ्नी का प्रयोग कर वह सुजेय बन गया है। (द्रौपदी को देखकर) कोमल हृदया द्रौपदी दुःख से आक्रान्त हो इस समय कैसे मूर्छित हो गयी है। (युधिष्ठिर के निकट जाकर) महाराज ! यह द्रौपदी तो मूर्छित है। आप द्रौपदी के मूर्छा को दूर करें ?

युधि० : (घबराकर शीघ्र ही उठकर, स्वगत) अये ! भगवान् श्रीकृष्ण आ गये। मैं क्या करूँ ? (विचार कर) भगवान के वचनानुसार ही करना चाहिए (शीघ्र ही चादर से हवा का संचालन कर मूर्छा हटाने के लिए कुछ उपचार करते है। द्रौपदी चेतना को प्राप्त करती है।)

कृष्णः : देवि ! अलमतिदुःखेन ।

द्रौ० : (स्वगतम्) अये ! सम्प्रति भगवान् श्रीकृष्णः समुपस्थितः (रूदन्ती, प्रकाशम्) भगवन् ! परमवीरपुत्र घटोत्कचस्य निहते किमवशिष्टमिह पृथिव्याम् ?

कृष्णः : (द्रौपदी सान्त्वयन्) देवि !

युद्ध्यन्तः क्षत्रिया युद्धे प्राप्नुवन्ति समन्ततः
हताः स्वर्गं विजित्यारिन् राज्यं कीर्तिं समुन्नतिम् ।४।

पुनश्च—

यो जन्म समवाप्नोति, मृत्युस्तस्यापि निश्चितम्
परं देहान्तरं तत्र, जीवात्मा ह्यविनश्वरः ।।५।।

अतो देवि ! घटोत्कचस्य विषये किमपि न चिन्तनीयम् ।

द्रौ० : (स्वगतम्) मम हृदयं तु भृशं शोकाक्रान्तं वर्तते । (प्रकाशम्) यथानिर्दिशति भगवन् (इति मौनं तिष्ठति ।)

कृष्ण : देवि ! इस प्रकार का दुःख प्रकट करना बेकार है ।

द्रौ० : (स्वगत) अये ! इस समय भगवान् श्रीकृष्ण उपस्थित हो गये हैं । (रोती हुई, प्रकाश) भगवन् परमवीर पुत्र घटोत्कच के मर जाने पर इस पृथिवी पर अब क्या शेष रह गया ?

कृष्ण : (द्रौपदी को सान्त्वना देते हुए) हे देवि !

क्षत्रिय युद्धभूमि में युद्ध करते हुए मारे जाने पर स्वर्ग प्राप्त करते हैं तथा शत्रुओं के विजय प्राप्त कर राज्य, कीर्ति एवं उन्नति को प्राप्त करते हैं ।।४।।

और भी—

जो जन्म ग्रहण करता है उसकी मृत्यु भी निश्चित है, लेकिन वहाँ देहान्तर होता है निश्चय ही आत्मा अविनश्वर है ।।५।।

अतः देवि ! घटोत्कच के विषय में चिन्ता नहीं करनी चाहिए ।

द्रौ० : (स्वगत) मेरा हृदय तो अत्यन्त शोकाकुल है । (प्रकाश) भगवान का जो निर्देश (ऐसा कहकर मौन हो जाती है) ।

कृष्णः : (युधिष्ठिरमभिलक्ष्य राजन् ! कथं भवन्तमपि दुःखाक्रान्त-भिवोद्विग्नमानसं पश्यामि ?

युधि० : महाराज ! घटोत्कचस्य वृत्तान्तं व्यथयति मामतितराम् ।

कृष्णः : राजन् ! भवान् धर्मवृद्धो ज्ञानवृद्धश्च । युद्ध क्षेत्रे वीराणामेव जयः पराजयो वा भवति ।

युधि० : महाराज ! आत्मसम्बन्धत्वात् पुत्रस्नेहः प्रवलः । पुत्रे निहते पिता महदापत्समुद्रे पतति । शोकाकुलं वृत्तान्तमिदं श्रुत्वा भीमस्यावस्था कीदृशी भविष्यतीति न वर्ण्यते ।

यतोहि—

सम्बन्धेन भवन्ति मोहवशगा लोकेनरानित्यशः
पुन्नाम्नो नरकादवश्यमखिलः पुत्रोभयात्त्रायते ।
पुत्रो ह्यात्मनिरीक्षणं प्रकुरुते तस्मात् पिता पुत्रवान्
तस्मिन्नन्तरिते स्नकीय निधनं संलक्ष्य दुःखायते ॥६॥

कृष्ण : (युधिष्ठिर की ओर अभिलक्ष्य कर) राजन् ! आपको भी दुःखाक्रान्त उद्विग्नमन वाले की तरह कैसे देख रहा हूँ ?

युधि० : महाराज ! घटोत्कच का वृत्तान्त मुझे अत्यधिक पीड़ित कर रहा है ।

कृष्ण : राजन् ! आप धर्मवृद्ध एवं ज्ञान वृद्ध हैं । युद्धक्षेत्र में तो वीरों की ही जय पराजय होती है ।

युधि० : महाराज ! आत्मसम्बन्ध होने के कारण पुत्र स्नेह प्रवल होता है । पुत्र के निधन हो जाने पर पिता महान् आपत्ति सागर में गिर जाता है । इस प्रकार के शोकाकुल वृत्तान्त को सुनकर भीम की क्या अवस्था होगी, यह कहा नहीं जा सकता । क्योंकि·—

संसार मे व्यक्ति सम्बन्ध के कारण नित्व मोह के वश में रहते हैं । पुन्नामक नरक के भय से सभी पुत्र अवश्य ही पिता की रक्षा करता है । पुत्र में ही पिता आत्म निरीक्षण करता है इसीलिए पिता पुन्नवान् भी माना जाता है । उसके अन्तरित हो जाने पर पिता अपना ही निधन मानता है और पीड़ित होता है ॥६॥

कृष्णः : राजन् ! सांसारिके बन्धने बद्धानां जनानामवस्था मोहाक्रान्ता भवति । उक्तञ्च—

स्वजनाद्बान्धवात् पुत्रात्, स्नेहाधिक्येन मायया
जायन्ते सुखदुःखानि, क्रमोह्येषः सनातनः ॥७॥

(ततः प्रविशति शोकोद्विग्नो भीमः)

भीमः : (स्वगतम्) हा पुत्र ! क्व गतः ? नाहमिच्छामि राज्यं न च यशो न विजयादिकम् । यस्मिन् युद्धे स्वजना बान्धवाः पुत्राश्च म्रियन्ते किं तेन विजयेन ? कस्मै वा विजयो भवति ? (इति कथयित्वा शोक विह्वलो भवति ।)

कृष्णः : (शोकोद्विग्नं भीमं वीक्ष्य) वीरवर ! नाऽत्र चिन्ता कार्या । यतोहि—

क्षत्रिया न तु मुह्यन्ति, पुत्रमृत्योश्च संयुगे
क्षात्रधर्मस्तु विज्ञेयो, युद्धकर्म प्रशस्यते ॥८॥

कृष्ण : राजन् ! सांसारिक बन्धनों में बँधे मनुष्यों की अवस्था मोहाक्रान्त होती है । कहा गया है—

माया एव स्नेह की अधिकता होने के कारण, स्वजन, बन्धव एवं पुत्र से सुख एवं दुःख उत्पन्न होते हैं, निश्चय ही यह सनातन नियम है ॥७॥

(इसके बाद शोक से उद्विग्न भीम का प्रवेश)

भीम : (स्वगत) हा पुत्र ! कहाँ गया ? मैं राज्य नहीं चाहता, न यश चाहता हूँ और न विजय आदि ही । जिस युद्ध में स्वजन, बन्धुगण एवं पुत्र मरते हैं उस विजय से क्या । अथवा विजय किसके लिए होती है । (ऐसा कहकर शोक विह्वल हो जाते हैं ।)

कृष्ण : (शोक से विह्वल भीम को देखकर) वीरवर ! इस अवसर पर चिन्ता करना उपयुक्त नहीं है । क्योंकि—

क्षत्रियगण युद्धभूमि में पुत्र की मृत्यु से मोहित नहीं होते, इसे ही क्षत्रिय धर्म समझना चाहिए तथा प्रशस्त युद्ध कर्म भी नहीं है ॥८॥

अपि च—

रक्षार्थं देशधर्मस्य, राजधर्मस्य भूतले
प्राणान् त्यजन्ति युध्यन्तः क्षत्रिया धर्मसंयुताः ।९।

तथा च—

स्वधर्मे निधनं श्रेयः किं न जानाति साम्प्रतम्
युद्ध क्षेत्रे हताः स्वर्गे, क्षत्रिया विचरन्ति ते ।१०।

भीमः : भगवन् ! परं ममहृदयं तु तदा शान्तिमवाप्स्यति यदा कर्णस्य पराजयो भविष्यति ।

कृष्णः : वीरवर ! कर्णस्तु स्वयमेव दुर्योधनस्य दुर्नीत्या पराजयाभिमुखं गतः । पुनः वीर घटोत्कचस्य वलिदानात्तु साम्प्रतं पराजितः । त्र्यताम्—

एकंहन्तीति व्युत्पत्या, दिव्यास्त्रं यच्च सार्थकम्
एकघ्न्यस्त्रं महास्त्रंतत् कर्णेनाद्य प्रयोजितम् ।११।

अतो वीरवर ! भवतां पुत्रस्य वलिदानात्तु विजयोऽतीव सन्निकटमागतः । पुनश्च विश्रुतमिदंयत्—वलिदान विनाऽभीष्ट सिद्धिर्न जायते ।

और भी—

इस पृथिवी पर देश धर्म एवं राजधर्म की रक्षा के लिए धर्म समन्वित क्षत्रियगण युद्ध करते हुए अपने प्राणों को त्याग देते हैं ।।९।।

और भी—

क्या आप नहीं जानते हैं कि अपने धर्म में मरना भी श्रेयस्कर होता है । तथा जो क्षत्रिय युद्धक्षेत्र में मारे जाते हैं वे स्वर्ग में विचरण करते हैं ।।१०।।

भीम : भगवन् ! लेकिन मेरा हृदय तो तभी शान्त होगा जब कर्ण की पराजय होगी ।

कृष्ण : वीरवर ! कर्ण तो स्वयं ही दुर्योधन की दुर्नीति से पराजय की ओर चला गया था । पुनः वीरपुत्र घटोत्कच के वलिदान से वह पराजित हो गया । सुनो—एक को मारने वाली हैं इस व्युत्पत्ति के आधार पर जो दिव्यास्त्र एकघ्नी सार्थक है उस महास्त्र को कर्ण ने आज प्रयोग कर दिया ।।११।।

अतः वीरवर आपके पुत्र के वलिदान से तो विजय बहुत सन्निकट आ गया है । फिर यह विश्रुत ही है कि बिना वलिदान के अभीष्ट की सिद्धि नहीं होती ।

भीमः : महाराज ! किमस्त्यपमपि दिव्यास्त्रं तस्य पार्श्वे ?

कृष्णः : नहि, वीर ! श्रूयताम्—

रक्षार्थं जन्म तो येन, प्राप्ते कवचकुण्डले
ते दत्ते देवराजाय, सत्यं कर्णः पराजितः ॥१२॥

(ततः प्रविशति पाशुपतास्त्रं गृहीत्वाऽर्जुनः)

अर्जुनः : (पाशुपतास्त्र मञ्चे धृत्वा भगवन्तं श्रीकृष्णञ्च वीक्ष्य) भगवन् ! अर्जुनोऽहमभिवादये ।

कृष्णः : (ऊर्ध्वोत्थितेन दक्षिण हस्तेन सह विजयी भव ।

अर्जुनः : (युधिष्ठिरं प्रति) अर्जुनोऽहमभिवादये ।

युधि० : (दुःखेन मनसा) विजयी भव ।

अर्जुनः : (दुःखपुर्णान् वान्धवान् दृष्ट्वा स्वगतम्) अये ! कथमेते दुःखिताः प्रतिभान्ति ? (प्रकाशम्) शीताघातादाहतानि कमलानीव कथमध न शोभते भवतामाननानि ?

भीम : महाराज ! क्या उसके पास कोई दूसरा भी दिव्यास्त्र है ?

कृष्ण : वीर ! नहीं । सुनो—

रक्षा के लिए जिसे जन्म से ही कवच कुण्डल प्राप्त थे, वे तो देवराज इन्द्र को दे दिये गये । सचमुच कर्ण अब पराजित हो गया ॥१२॥

(तदनन्तर पाशुपतास्त्र लेकर अर्जुन प्रवेश) करता है ।)

अर्जुन : (पाशुपतास्त्र को मंच पर रख कर और भगवान श्रीकृष्ण को देखकर) भगवान् ! मैं अर्जुन, आपको प्रणाम करता हूँ ।

कृष्ण : (ऊपर उठे दाहिने हाथ के साथ) तुम विजयी हो ।

अर्जुन : (युधिष्ठिर से) मैं अर्जुन, आपका अभिवादन करता हूँ ।

युधि० : (दु.खपूर्ण मन से) विजयी हो ।

अर्जुन : (दुःखपूर्ण बन्धुगणों को देखकर, स्वगत) अये ! क्यों ये लोग दुःखी लग रहे हैं ? (प्रकाश) शीताघात से आहत कमलों की भाँति आप लोगों के मुख आज क्यों नहीं शोभ रहे हैं ?

युधि० : अर्जुन ! सा तु दुःखस्य वार्ता वर्तते ।

अर्जुनः : का सा दुःखस्य वार्ता ?

युधि० : (स्वगतम्) हा ! एतादृशेन दुःखेन दुःखितस्य मम हृदयं कथंन शतधाभिद्यते । (प्रकाशम्) भ्रातः ! वीराणामग्रगण्यो युद्ध-विद्यासु निपुणः पुत्रघटोत्कचः संहारे कर्णेन हतः । (सर्वे खिन्न-मानसास्तिष्ठन्ति)

अर्जुनः : हा पुत्र घटोत्कच ! युद्धविद्यायाः साक्षात्मूर्तिस्व मपि साम्प्रतम परास्मिन् नोके तिष्ठसि ? (इति शोकं नाटयति)

कृष्णः : (स्वगतम्) कथं सर्वे वीराः कर्त्तव्यपथोभिन्नम न्यं मार्गमनुसरन्ति साम्प्रतम् । युधिष्ठिरादयोऽपि मोहान्धकारे पतिता दृश्यन्ते । शोकाकृष्टा वीराः कथं जयिनो भविष्यन्ति ? अस्मिन्नवसरे पौरुषस्याश्रयणाय सम्बोधयामि । (प्रकाशम्) भो भो वीराः ! श्रृयवन्तु भवन्तः—

युधि० : अर्जुन ! वह तो दुःख की बात है ।

अर्जुन : वह दुःख की कौन सी बात है ?

युधि० : (स्यगत) हा ! इस प्रकार दुःख से दुःखित मेरा हृदय क्यों नहीं सौ खण्ड हो जाता । (प्रकाश) भाई ! वीरों में अग्रगण्य युद्धविद्या में निपुण पुत्र घटोत्कच युद्ध में कर्ण के द्वारा मारा गया । (सभी खिन्न मनवाले हो जाते हैं ।)

अर्जुन : हा पुत्र घटोत्कच ! युद्ध विद्या की साक्षात्मूर्ति तुम भी इस समय दूसरे लोक में हो (इप प्रकार शोक का अभिनय करता है ।)

कृष्ण : (स्वगत) कैसे सभी वीर कर्त्तव्य पथ से भिन्न इस दूसरे मार्ग का अनुसरण कर रहे हैं । युधिष्ठिर आदि भी मोहान्धार में गिरे हुए प्रतीत होते हैं । शोक से आकृष्ट वीर कैसे विजयी हो सकते हैं । इस अवसर पर पौरुष के आश्रयण के लिए मैं सम्बोधित करता हूँ । (प्रकाश) हे हे वीरों ! आप लोग सुनें—

यैः क्षात्रधर्ममुत्सृज्य भिन्नमार्गेण गम्यते
क्षत्रियैस्तैरवश्यं हि निन्द्यमार्गेण गम्यते ॥१३॥

अर्जुनः : (स्वगतम्) सत्यं कथयति भगवान् कृष्णः। सम्प्रति पौरुषस्याश्रयः श्रेयस्करः। (वीरभावं नाटयन्, प्रकाशम्) भगवन् !

देवदानवगन्धर्वैः, साहाय्यं क्रियते यदि
तथापि हन्मि तंकर्णं, सूतपुत्रं विगर्हितम् ॥१४॥

कृष्णः : अर्जुन ! श्रूयताम्—वीराः स्वकीयेन पौरुष कर्मणा सर्वं साधयितुं समर्था भवन्ति। श्रुतंमया तव प्रतिज्ञा वाक्यम्। निश्चितमेव तव प्रतिज्ञा सफला भविष्यति। यतोहि--

एकघ्न्यस्त्रममोघंयत्, कर्णस्य निकटे स्थितम्
दुर्योधनस्य दुर्मन्त्रैः, प्रयुक्तस्तेन संगरे ॥१५॥

अर्जुनः : (स्वगतम्) पूर्वमेव महर्षिणा व्यासेनोक्तम्—दिव्यास्त्रं पाशुपतास्त्रं विना कर्णस्योपरि विजयो न संभवः। सम्प्रत्यहं पाशुपतास्त्रेण युक्तोऽस्मि (विचिन्त्य) दिव्यास्त्रं विना

जो क्षत्रिय क्षात्रधर्म का त्याग कर अन्य मार्ग से जाते हैं उन क्षत्रियों के द्वारा अवश्य ही निन्दनीय मार्ग का अनुभव होता है ॥१३॥

अर्जुन : (स्वगत) भगवान् श्री कृष्ण सच ही कहते हैं। इस समय पौरुष का आश्रयण श्रेयस्कर है। (वीरभाव का प्रदर्शन करते हुए, प्रकाश) भगवन् ! देव, दानव एवं गन्धर्वों के द्वारा सहायता किए जाने पर भी उस विगर्हित सूतपुत्र को मैं अवश्य मारूँगा ॥१४॥

कृष्ण : अर्जुन ! सुनो---वीरगण अपने पौरुष के द्वारा सब कुछ प्राप्त करने में समर्थ हो सकते हैं। मैंने तुम्हारी प्रतिज्ञा सुनी। निश्चित ही तुम्हारी प्रतिज्ञा सफल होगी। क्योंकि—

अमोघ एकघ्न्यस्त्र जो कर्ण के पास था उसका प्रयोग उसने दुर्योधन की दुर्मन्त्रणा से युद्धभूमि मैं कर दिया ॥१५॥

अर्जुन : (स्वगत) पहले ही महर्षि व्यास ने कहा है—दिव्य पाशुपतास्त्र के बिना कर्ण के ऊपर विजय सम्भव नहीं है। इस समय मैं पाशुपतास्त्र से युक्त हूँ। (सोंचकर) दिव्यास्त्र के बिना

घटोत्कचस्य निधनमसंभवआसीत। दिव्यमेकघ्न्यस्त्रं तु कर्णेन प्रयुक्तम् (प्रसन्नो भूत्वा प्रकाशम्) देव !

कृष्णो योगेश्वरो यत्र, चक्रायुधसमन्वितः
संगरे सारथिर्यस्य, विजयस्तस्य निश्चयः ॥१६॥

पुनश्च देव ! पाशुपतास्त्रं मम पार्श्वे विद्यते। अद्य रणाङ्गणे दिव्यस्यास्य पाशुपतास्त्रस्य कार्यं मम प्रतिपक्षिणो नीरा द्रक्ष्यन्ति। (इति प्रसन्नो भवति।)

कृष्णः : अर्जुन ! दर्शय, कुत्र तत् पाशुपतास्त्रम् ?

अर्जुन : (मञ्चे गत्वा पाशुपतास्त्रंच गृहीत्वा प्रविश्य) भगवन् ! दृश्यतांम् पाशुपतास्त्रमिदम् (इति पाशुपतास्त्रं दर्शयति। प्रथमं कृष्णस्ततोऽन्ये पाशुपतास्त्रं पश्यन्ति प्रणमन्ति च)

कृष्णः : अर्जुन ! एते तव भ्रातरः समुत्सुका वर्तन्ते दिव्यास्त्र स्यास्य प्राप्तेः कथां श्रोतुम्। अतः पाशुपतास्त्रप्राप्तेः कथां संक्षेपेण कथय ?

घटोत्कच का निधन असम्भव था। दिव्य एकघ्नी का प्रयोग तो कर्ण ने कर दिया (प्रसन्न होकर, प्रकाश) देव !

युद्धभूमि में जिसके सारथी चक्रायुध समन्वित योगेश्वर कृष्ण हों उसकी विजय निश्चित है ॥१६॥

फिर देव ! पाशुपतास्त्र मेरे पास है। आज युद्धभूमि में इस दिव्य पाशुपतास्त्र के कार्य को मेरे प्रतिपक्षी देखेंगे। (इस प्रकार प्रसन्न होता है।)

कृष्ण : अर्जुन ! दिखलाओ, वह पाशुपतास्त्र कहाँ है ?

अर्जुन : (मञ्च पर जाकर तथा पाशुपतास्त्र ले प्रवेश कर) भगवन् ! यह पाशुपतास्त्र है, इसे देखें। (इस प्रकार वह पाशुपतास्त्र दिखलाता है पहले कृष्ण तदनन्तर दूसरे लोग पाशुपतास्त्र को देखते हैं तथा प्रणाम करते हैं।)

कृष्ण : अर्जुन ! ये सब तुम्हारे भाई इस दिव्य पाशुपतास्त्र की प्राप्ति कथा को सुनने के लिए समुत्सुक है। अतः पाशुपतास्त्र प्राप्ति की कथा संक्षेप में कहो ?

अर्जुनः : भगवन् ! पूज्यव्यासस्याशीर्वचसा तपस्यायां निरतेन मया तत्रेन्द्रकीलपर्वते महाराजदेवेन्द्रो दृष्टः। तेन प्रकाशितं यत् पाशुपतास्त्रं महादेवस्य पार्श्वे वर्तते। तस्य कथनानुसारमेवाहं कैलाशपर्वतं गत्वा दीर्घेण तपसा वीरतापरीक्षायामुत्तीर्यं च पाशुपतास्त्रमिदं भगवतः पशुपतेः प्रसादात् प्राप्तवानिति।

कृष्णः : (सर्वं सम्बोधयन्) वीरपुत्राः ! साम्प्रतमुत्तिष्ठन्तु। निश्चितो युष्माकं विजयः। यस्य निकटे पाशुपतास्त्रं तस्य हस्ते विजयोऽपि निश्चितः

सर्वे : निश्चितोऽस्माकं विजयः। विजयतामर्जुनो, विजयतामर्जुनः (इति तुमुलशब्दैः सर्वे निष्क्रान्ताः)

(पटाक्षेपः)

(घटोत्कचवधो नाम पञ्चमोऽङ्कः समाप्तः)

अर्जुन : भगवन् ! पूज्य व्यास जी के आशीर्वचन से उस इन्द्रकील पर्वत पर तपस्या में निरत होकर मैंने देवराज इन्द्र को देखा। उन्होंने कहा कि पाशुपतास्त्र महादेव के पास है। उनके कथनानुसार ही मैंने कैलाश पर्वत जाकर दीर्घ तपस्या से एवं वीरता परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त कर यह पाशुपतास्त्र भगवान् शंकर की प्रसन्नता से प्राप्त किया।

कृष्ण : (सबों को सम्बोधित करते हुए) बीर पुत्रों ! इस समय उठो, निश्चित ही तुम लोगों की विजय होगी। जिसके निकट पाशुपतास्त्र है उसके हाथ में विजय भी निश्चित ही है।

सभी : निश्चित ही हमलोगों की विजय होगी। अर्जुन की विजय हो, अर्जुन की विजय हो (इस प्रकार तुमुल शब्दों के साथ सभी निकल जाते हैं।

(पटाक्षेप)

(घटोत्कचवध नामक पंचम अङ्क समाप्त)

षष्ठोंऽकः

स्थानम्—रणक्षेत्रम् । (ततः प्रविशति मृदङ्गं गृहीत्वा उद्घोषकः)

उद्घोषकः : (मृदङ्गं ताडयन्) भो भो सज्जनाः ! सावधानेन मनसा शृण्वन्तु भवन्तः । (इति मृदङ्गं ताडयति) अद्यास्मिन् रणप्राङ्गणे कर्णार्जुनयोर्युद्धं भविष्यति । (पुनः मृदङ्गं ताडयति) एकतः कौरवस्य सेना स्थाष्यति तथापरतः पाण्डवस्य सेना । कौरवस्य सेनाया नेतृत्वं करिष्यति महान् वीरः कर्णः । पुनश्च पाण्डवस्य सेनाया नेतृत्वं करिष्यति धनुर्धरेष्वग्रगण्योऽर्जुनः । (पुनः मृदङ्गं ताडयन्) अर्जुनस्य सहायकरूपेण रथचालने स्वयं भगवान् श्रीकृष्णः कर्णस्य च सहायकरूपेण रथचालने भुवनविदितः सारथिः शल्यः स्थाष्यति । (इति पुनः पुनः मृदङ्गं ताडयन् त्रिरुद्घोषणं कृत्वा निष्क्रान्तः) (ततःप्रविशति धनुर्वाणहस्तो वीरवेषः कर्णस्तस्य सहायकः प्रख्यातसारथिः शल्यश्च)

कर्णः : (स्वगतम्) समराङ्गणे घटोत्कचस्योपरि दिव्यमेकघ्न्यस्त्रं प्रक्षिपता मया सर्वमनुचितमनुष्ठितम् । (भ्रमणं कृत्वा)

स्थान—रणक्षेत्र । (इसके बाद मृदङ्ग लेकर एक उद्घोषक का प्रवेश)

उद्घोषक : (मृदङ्ग बजाता हुआ) हे हे, उपस्थित सज्जनों, आप लोग सावधान मन से सुनें (इस प्रकार मृदङ्ग बजाता है) आज इस रण प्राङ्गण में कर्ण एवं अर्जुन का युद्ध होगा (पुनः मृदङ्ग बजाता है) एक ओर कौरव की सेना रहेगी तथा दूसरी ओर पाण्डव की सेना । कौरव की सेना का नेतृत्व महान् वीर कर्ण करेंगे तथा पाण्डव की सेना का नेतृत्व करेंगे धनुधरों में अग्रगण्य अर्जुन । (पुनः मृदङ्ग बजाता हुआ) अर्जुन के सहायक के रूप में रथचलाने में स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण रहेंगे तथा कर्ण के सहायक के रूप में रथचलाने में जगत्विदित सारथि शल्य रहेंगे । (इस प्रकार बार-बार मृदङ्ग बजाता हुआ तीन बार उद्घोषणा कर निकल जाता है ।)

(इसके बाद वीर वेष में धनुषवाण से युक्त कर्ण तथा उसके सहायक प्रख्यात सारथि शल्य का प्रवेश)

कर्ण : (स्वगत) समराङ्गण में मैंने घटोत्कच के ऊपर दिव्य एकघ्न्यस्त्र का प्रयोग कर सर्वथा अनुचित किया (भ्रमण करके)

किं करिष्यामि ? यद्यपि दुर्योधनोऽन्यायप्रियः स्वार्थरतश्च विद्यते तथापि तेनाङ्गदेशस्य राज्यं मह्यं दत्वा मम क्षात्रधर्मत्वं रक्षितम्। अतः सर्वं करिष्यामि तस्य कार्यमुचिमनुचितं वा (विचिन्त्य) एकघ्न्यस्त्रप्रयोगेण साम्प्रतं दिव्यास्त्रविहिनोऽस्मि सम्वृतः। एकघ्न्यस्त्रमिदं यद्यपि मयाऽर्जुनस्योपरि प्रक्षेपाय निहितमासीत्। परं दुर्योधनेन पुनः पुनः प्रेरितोऽहं घटोत्कचेनोत्पादितं प्रलयदृश्यं वीक्ष्य तस्योपरि दिव्यास्त्रं व्यामुञ्चम्। परिणामतो घटोत्कचस्तु मृतः परमहं दिव्यास्त्रविहिनोऽस्मि सम्वृत्तः।

शल्यः : सूतपुत्र ! किं चिन्तयसि ? किमस्मिन् रणप्राङ्गणे तव विजयः सम्भाव्यते। क्षत्रियपुत्रेण सह सूतपुत्रस्य युद्धम्। राज्ञो दुर्योधनस्याज्ञयाऽहं तव सहायकोऽस्मि। (स्वगतम् किं किं न कारयति दुर्वृत्तो दुर्योधनः ?

क्या करूँ। यद्यपि दुर्योधन अन्याय प्रिय एवं स्वार्थ निरत है फिर भी उसने अंगदेश का राज्य मुझे देकर मेरे क्षात्रधर्म की रक्षा की। अतः मैं सब कुछ करूँगा, उसके उचित एवं अनुचित कार्यों को। (सोंचकर) एकघ्नी अस्त्र के प्रयोग से मैं इस समय दिव्यास्त्र विहीन हो गया हूँ। इस एकघ्नी अस्त्र को मैंने अर्जुन पर प्रक्षेप के लिए रखा था लेकिन घटोत्कच के द्वारा उत्पादित प्रलय दृश्य को देखकर दुर्योधन के द्वारा पुनः पुनः प्रेरित मैंने उस (घटोत्कच) के ऊपर दिव्यास्त्र का प्रयोग कर दिया। परिणाम स्वरूप घटोत्कच तो मर गया लेकिन मैं दिव्यास्त्र विहीन हो गया हूँ।

शल्य : सूतपुत्र ! क्या सोंचते हो ? क्या इस रण प्राङ्गण में तुम्हारी विजय सम्भावित है ? क्षत्रिय पुत्र के साथ सूतपुत्र का युद्ध। राजा दुर्योधन की आज्ञा से मैं तुम्हारा सहायक हूँ। (स्वगत) दुर्वृत्त दुर्योधन क्या क्या नहीं करवा ले ?

कर्णः : (चिन्तां नाटयन्, स्वगतम्) असौ सहायकः शल्यः मामनवरतं सूतपुत्र इति कथयित्वा भाययति । सोत्साहितं मां निरुत्साहयति । (विचिन्त्य) परमस्ति वीराणामग्रगण्यः । दुर्योधनस्य पक्षे नैतादृशोऽपरः सहायको वर्तते यो हि रथचालने शल्यसदृशः कुशलो भवेत् । (प्रकाशम्) महाराज ! एवं नैव वक्तव्यम् । कुतः —

वीरोऽस्मि कायरो नास्मि, सूतपुत्रोऽस्मि वा न वा
कुले जन्म मनुष्यानां, किं सामर्थ्याय कल्पते ॥१॥

महाराज ! किं न स्मर्यते पूर्वदिवसस्य मम रणकौशलम् ? मायायुद्धे निपुणो युद्धविद्याप्रवीणो घटोत्कचोऽपि समराङ्गणे घातितः । पाण्डवपक्षे केऽन्ये वीरास्तादृशाः शक्तिसम्पन्ना विद्यन्ते ?

शल्यः : सूतपुत्र ! किं स्मर्यते तस्य वीरपुत्रस्य घटोत्कचस्य शौर्यप्रदर्शनम् । यदा कौरवपक्षीयाः सर्वे वीरा युद्धात् पराङ्मुखा भूत्वा यत्र तत्र

कर्ण : (चिन्ता का अभिनय करते हुए, स्वगत) यह सहायक शल्य मुझे लगातार सूतपुत्र ऐसा कहकर भयभीत करता है । मुझ उत्साह सम्पन्न को भी निरुत्साहित करता है । (सोंचकर) लेकिन यह वीरों में अग्रगण्य है । युधिष्ठिर के पक्ष में इस प्रकार का सहायक कोई नहीं है जो रथ चलाने में शल्य के सदृश कुशल हो । (प्रकाश) महाराज ! ऐसा नहीं कहना चाहिए । क्योंकि—

मैं वीर हूँ कायर नहीं हूँ । सूतपुत्र हूँ अथवा नहीं । क्या अच्छे कुल में जन्म लेना ही पौरुष के लिए होता है ॥१॥

महाराज ! क्या आपको गत दिन का मेरा रणकौशल स्मरण नहीं है । माया युद्ध में निपुण युद्धविद्या में प्रवीण घटोत्कच भी युद्धभूमि में मारा गया । पाण्डव के पक्ष में कौन दूसरे वीर इतने शक्तिसम्पन्न हैं ?

शल्य : सूतपुत्र ! क्या तुझे स्मरण नहीं है उस वीर पुत्र घटोत्कच के शौर्य का प्रदर्शन ? जब कौरव पक्ष के सभी वीर युद्ध विमुख

पलायितुमारब्धास्तदा तस्य भयंकरयुद्धेन त्रस्तास्तेऽभूवन् । पुनश्चासहायावस्थायां तस्योपरि दिव्यस्यैकघ्न्यस्त्रस्य प्रयोगः किं ते वीरतायाः सूचकः ? तस्य निधनात्पूर्वं दुर्योधनस्य का स्थितिरासीत् । तस्य चित्तस्य व्यग्रता त्वया किं न स्मर्यते ?

कर्णः : महाराज ! सत्यं स्मरामि सर्वम् । वीरपुत्रघटोत्कचस्यापूर्वं मायायुद्धं दृष्ट्वा दुर्योधनस्य चित्तं तु वातेरिताश्वत्थपत्रमिव चाञ्चल्यमवाप । चञ्चलचित्तेन मित्रदुर्योधनेनादिष्टोऽहं तस्योपरि दिव्यस्यैकघ्न्यस्त्रस्य प्रयोगं कृतवान् ।

शल्यः : सूतपुत्र ! अद्य त्वयाऽर्जुनेन सह योद्धव्यमस्ति । अर्जुनो विश्वविश्रुतो धनुर्धरो वर्तते । तव पार्श्वे एकघ्न्यस्त्रमेव तादृशं शक्तिसम्पन्नमासीत् येनार्जुनस्य विनाशः संभावितः । यतोहि— इन्द्रप्रदत्तस्यैकघ्न्यस्त्रस्य दिव्यास्त्रस्य प्रयोगस्तु कदापि

होकर यत्र तत्र भागना प्रारम्भ कर दिये तब उनके भयंकर युद्ध से वे लोग त्रस्त हो गये। पुनः असहायावस्था में उसके ऊपर दिव्यास्त्र एकघ्नी का प्रयोग क्या तुम्हारा वीरता का सूचक है ? उसके निधन से पहले दुर्योधन की क्या स्थिति थी । उसके चित्त की व्यग्रता क्या तुझे स्मरण नहीं है ?

कर्ण : महाराज ! सचमुच सब कुछ स्मरण करता हूँ । वीर पुत्र घटोत्कच के अपूर्व माया युद्ध को देखकर दुर्योधन का चित्त तो हवा से प्रकम्पित पीपल के पत्र के समान चंचल हो गया था । चंचल चित्त वाले मित्र दुर्योधन के द्वारा बार-बार आदिष्ट मैंने उसके ऊपर दिव्य एकघ्नी का प्रयोग कर दिया ।

शल्य : सूत्रपुत्र ! आज तुझे अर्जुन के साथ युद्ध करना है। अर्जुन विश्वविख्यात धनुर्धर है । तुम्हारे पास एकघ्नी अस्त्र ही इस प्रकार का शक्ति सम्पन्न अस्त्र था जिससे अर्जुन का विनाश सम्भावित था । क्योंकि इन्द्र के द्वारा प्रदत्त एकघ्न्यस्त्र नामक दिव्यास्त्र का प्रयोग तो कभी भी किसी के ऊपर व्यर्थ नहीं

कस्योपरि व्यर्थो न भवति। परं पूर्वेद्यूर्घटोत्कचस्योपरि तस्य प्रयोगं कृत्वा त्वया पराजयोऽर्जितः।

कर्णः : (स्वगतम्) सत्यं कथयति महाराजशल्यः। एकघ्न्यस्त्रं तु मयाऽर्जुनाय संरक्षितमामीत् (विचिन्त्य, प्रकाशम्) महाराज ! भवतां वचनं सत्यम्। परं भाव्यमविचारयन् मित्रत्वरक्षणे तत्परोऽहं घटोत्कचस्योपरि तस्य दिव्यास्त्रस्य प्रयोगं कृतवान्। तथापि—

मित्रवाक्यानुसारेण मित्र कार्याय यत्कृतम्
तत्रचेद्दुःखमाप्नोमि क्लैव्यमेव भवेन्मम ॥२॥

शल्यः : परं दिव्यास्त्रं विनाऽर्जुनेन सह युद्धं पुनश्च तस्योपरि विजयस्या कांक्षा शशश्रृंगमिव विद्यते।

कर्णः : (धैर्येण सह) नहि महाराज ! मम पार्श्वे यान्यस्त्राणि सन्ति तान्येव गृहीत्वा प्रदर्शयामि सम्पूर्णं रणकौशलम्। श्रूयताम्—

अद्य द्रक्ष्यन्ति ते वीरा, मम युद्धस्य कौशलम्
अद्भुतं वीरकार्यञ्च, ये सन्ति समराङ्गणे ॥३॥

होता। लेकिन पहले दिन घटोत्कच के ऊपर उसका प्रयोग करके तुमने पराजय अर्जित कर लिया।

कर्णः : (स्वगत) महाराज शल्य सच ही कहते हैं। एकघ्नी तो मैंने अर्जुन के लिए सुरक्षित रखा था। (सोंचकर, प्रकाश) महाराज ! आपका वचन सत्य है। लेकिन भविष्य का विचार किए विना ही मित्रत्व की रक्षा में तत्पर मैंने घटोत्कच के ऊपर उस दिव्यास्त्र का प्रयोग कर दिया। फिर भी—

मित्रकार्य के लिए मित्र के कथनानुसार जो मैंने किया, यदि उसमें मुझे दुःख होता है तो वह मेरी नपुंसकता होगी ॥२॥

शल्य : लेकिन दिव्यास्त्र के बिना अर्जुन के साथ युद्ध और पुनः उस पर विजय की आकांक्षा शशश्रृंग के समान है।

कर्ण : (धैर्य के साथ) नहीं महाराज ! मेरे पास जो अस्त्र हैं उन्हें ही लेकर सम्पूर्ण रणकौशल का प्रदर्शन करूँगा। सुनिए—

आज समराङ्गण में उपस्थित सभी वीर मेरे युद्ध कौशल को एवं अद्भुत वीर कार्य को देखेंगे ॥३॥

शल्यः : (स्वगतम्) अहं तु पश्यामि प्रतिकूलामिव प्रकृतिम् । (कुक्कुर-रोदनं श्रुत्वा) अमांगलिकानि चिह्नानि सूचयति पराजयमेतस्य । (प्रकाशम्) कर्ण ! किं त्वया न श्रूयते कुक्कुराणां रोदनम-मंगलस्य सूचकम् ?

कर्णः : महाराज ! अहमपि श्रृणोमि । परं कार्यमारम्य वीरैर्न विचारणीयं पश्चाद्गमनाय । वीरास्तु परिवर्तयन्त्यमङ्गलमपि मङ्गले ।

शल्यः : कर्ण ! तव बुद्धिरपि सम्प्रति दुर्योधनस्य मार्गमेवानुकरोति ।

कर्णः : महाराज ! दुर्योधनेन मह्यं सम्पादितः सत्कारः सर्वं कारयति । अहं युद्धाय कृतनिश्चयोऽस्मि । विजयस्तु सम्भाव्यत एव ।

(ततः प्रविशति चक्रायुधं श्रीकृष्णमनुसरन्नर्जुनः)

अर्जुन : (कृष्णं प्रति) देव ! स्फुरति मम दक्षिणवाहुः । शीतलमन्द सुगन्धितेन वायुना प्रसन्नमानसोऽहमनुभवाम्यपूर्वमुत्साहम् ।

शल्य : (स्वगत) मैं तो प्रकृति को भी प्रतिकूल ही देख रहा हूँ । (कुत्ते की रुलाई को सुनकर) अमांगलिक चिह्न भी इसकी पराजय की सूचना दे रहे हैं । (प्रकाश) कर्ण ! क्या तुम कुक्कुरों की अमंगल सूचक ध्वनि नहीं सुनते हो ?

कर्ण : महाराज ! मैं भी सुनता हूँ । लेकिन कार्य आरम्भ कर वीरों को पीछे हटने के लिए विचार नहीं करना चाहिए । वीर तो अमंगल को भी मंगल में बदल देते हैं ।

शल्य : कर्ण ! तुम्हारी बुद्धि भी इस समय दुर्योधन के मार्ग का ही अनुसरण करती है ।

कर्ण : महाराज ! दुर्योधन के द्वारा मेरे लिए किए गए उपकार सब कुछ करा रहा है । मैं युद्ध करने के लिए कृतसंकल्प हूँ । विजय तो सम्भावित है ही ।

(इसके बाद चक्रायुध भगवान् श्रीकृष्ण का अनुसरण करते अर्जुन का प्रवेश ।)

अजुन : (कृष्ण से) देव ! मेरी दाहिनी भुजा फड़क रही है । शीतल मन्द एवं सुगन्धित वायु से प्रसन्नमन वाला मैं अपूर्व उत्साह

(आकर्ण्य) श्रूयते मांगलिको निनादः (नेपथ्ये ढक्कानादं श्रुत्वा) पुनश्च श्रूयते युद्धसूचकः ढक्कानादः। आगन्तं विजयमिव पश्यामि पुरतः।

कृष्णः : अर्जुन ! तव सदृशो वीरो धनुर्धरो वा कोऽस्ति जगतितले शृणु—

शक्तिः पवनपुत्रस्य, देवराजस्य चाखिला
मिलिता साम्प्रतं पश्य, विजयाय तवार्जुन ॥४॥

अपि च—

शङ्करेण प्रदत्तं यत् दिव्यं पाशुपतास्त्रकम्
विजयाय ध्रुवं विद्धि, कर्णनाशाय तत् पुनः ॥५॥

अर्जुनः : देव ! साम्प्रतमहमनुभवामि दिव्यामपूर्वाञ्च शक्तिं स्वस्मिन् विचरन्तीम्। पुनश्चैतादृशेन भवतां वचसा महतीं शक्तिमवाप्नोमि। किमधिकम्—

यत्र युद्धस्य निर्देष्टा, कृष्णः पार्श्वेऽस्ति संयुगे
पार्थस्य विजयस्तत्र, लोकधर्माभिवृद्धये ॥६॥

का अनुभव कर रहा हूँ। (सुनकर) मांगलिक ध्वनि सुनाई पड़ रही है। (नेपथ्य में ढक्कावाद को सुनकर) पुनः सुनाई पड़ रही है युद्ध सूचक ढक्कानाद। अपने आगे में आती हुई विजय को देख रहा हूँ।

कृष्ण : अर्जुन ! इस संसार में तुम्हारे समान वीर एवं धनुर्धर कौन है ? सुनो—

पवन पुत्र की शक्ति एवं देवराज इन्द्र की सम्पूर्ण शक्ति तुम्हें विजय के लिए प्राप्त है, इसे देखो ॥४॥

और भी—

शंकर के द्वारा प्रदत्त जो दिव्य पाशुपतास्त्र है वह निश्चित ही तुम्हारी विजय एवं कर्ण के नाश के लिए है, इसे जानो ॥५॥

अर्जुन : देव ! इस समय मैं अपने में विचरण करती दिव्य एवं अपूर्व शक्ति का अनुभव कर रहा हूँ। पुनः इस प्रकार के आपके वचन से महान् शक्ति को प्राप्त कर रहा हूँ। अधिक क्या—

जिस युद्धभूमि में युद्ध के निर्देशक श्रीकृष्ण साथ हों, वहाँ लोक धर्म की अभिवृद्धि के लिए पार्थ की विजय निश्चित ही होगी ॥६॥

पुनश्च

धर्मस्य रक्षा सततं विधेया
धर्मान्विता यत् सकला मनुष्याः ।
धर्मस्य हानौ नहि क्षात्रधर्मः
क्षात्रत्वहीनस्य गतिर्न लोके ॥७॥

कृष्णः : (स्वगतम्) अद्य खलु सर्वमनुकूलमस्त्यर्जुनस्य विजयाय । शुभशकुनैर्द्विगुणितोत्साहितः साम्प्रतमर्जुनः । पुनः शंकरस्य दिव्यास्त्रसमक्षे न कोऽपि स्थातुं शक्नोति । (प्रकाशम्) अर्जुन ! विजयस्व, विजयस्व (इति पाञ्चजन्यं फुत्किरति)

(ततः प्रविशतः वीणां गृहीत्वा मुनिकुमारौ)

मुनिकुमारौ : (वीणां वादयन्तौ भारतवृत्तं गायतः)

और भी—

धर्म की रक्षा सर्वदा करनी चाहिए, क्योंकि सभी मनुष्य धर्म से युक्त हैं । धर्म की हानि होने पर क्षात्र धर्म नहीं रहेगा यथा क्षात्रत्व हीन की गति लोक में नहीं होती ॥७॥

कृष्ण : (स्वगत) आज निश्चय ही अर्जुन के विजय के लिए सबकुछ अनुकूल है । शुभशकुनों से इस समय अर्जुन द्विगुणित उत्साह-वाला है । पुनः शङ्कर के दिव्यास्त्र के समक्ष कोई भी नहीं ठहर सकता । (प्रकाश) अर्जुन ! विजय प्राप्त करो, विजय प्राप्त करो (ऐसा कहकर पाञ्चजन्य फूंकते हैं ।)

(इसके बाद वीणा लेकर दो मुनिकुमारों का प्रवेश)

मुनिकुमार : (वीणा बजाते हुए भारत वृत्त का गान करते हैं)

भारतोऽयं पुरा गौरवैर्मण्डितो
रामराज्यं तु यद्वैव संशोभितम् ।
तत्र राजा यदा नेत्रहीनो भवेत्
मङ्गलं तस्य राष्ट्रस्य किं संभवम् ॥८॥

यस्य पुत्रास्तु दुर्वृत्तयुक्ताः सदा
वस्त्रमाकर्षणे संरता भारते ।
सांसदाभीष्मकर्णादयो मौनिनो
मङ्गलं तस्य राष्ट्रस्य किं संभवम् ॥९॥

अंधकं तं पतिं वीक्ष्य या नेत्रयो
र्वस्त्रपट्टीं दधानात्मनो दृश्यते ।
राजमाताऽपि निन्द्या कथं नो भवेत्
तस्य देशस्य किं मङ्गलं संभवम् ॥१०॥

यह भारत प्राचीन गौरव से गौरवान्वित है। जहाँ पर रामराज्य सम्यक् सुशोभित हुआ। वहाँ का राजा यदि नेत्रहीन हो तो उस राष्ट्र के मंगल की क्या सम्भावना है ।८।

जिसके पुत्र दुष्टाचरणों से युक्त हैं तथा सर्वदा वस्त्रापहरण करने में संलग्न हैं। जहाँ के भीष्म, कर्ण आदि सांसद भी मौन हैं, उस राष्ट्र के मंगल की क्या संभावना है ॥९॥

अन्धे उस पति को देखकर जो अपनी आँखों पर वस्त्र की पट्टी लगाने वाली देखी जाती है वह राजमाता भी क्यों न हो निन्दनीया है। उस देश का मंगल क्या संभव है ? ॥१०॥

मङ्गलं संभवं नास्ति राष्ट्रस्य तै
र्नापि राज्ञा तथा राजमात्रा पुनः ।
यो ब्रवीतीह सत्यं सदा न्यायजं
मङ्गलं तेन राष्ट्रस्य वै संभवम् ॥११॥

यो स्वयं कर्म देवस्य संपूजको
न्यायमार्गेरतो नाऽधिकंवाञ्छति ।
पश्यति ज्ञाननेत्रेण सर्वं समं
मङ्गलं तेन राष्ट्रस्य वै संभवम् ॥१२॥

(इति वीणां वादयन्तौ निष्क्रान्तौ)

अर्जुनः : (गीतिं मनसि निधाय पुरतः सहायकेन शल्येन सह वीरमुद्रायां कर्णं वीक्ष्य शल्यं प्रति) पूज्यमत्रभवन्तं महाराजशल्यं साम्प्रतमर्जुनो नतेन मूर्ध्ना प्रणमति ।

शल्यः : (ऊर्ध्वोत्थितेन दक्षिणहस्तेनाशीर्वादं प्रयच्छति) विजयतामर्जुनो, विजयतामर्जुनः ।

उनलोगों से राष्ट्र का मंगल संभव नहीं है तथा न तो उस राजा से एवं न उस राजमाता से ही । जो यहाँ सत्य एवं न्याय सम्मत सर्वदा बोलता है, निश्चित ही उसी से राष्ट्र का मंगल संभव है ॥११॥

जो स्वयं कर्मदेव का सम्यक् पूजक है, जो न्याय मार्ग पर रहने वाला तथा अधिक नहीं चाहने वाला है तथा जो ज्ञान रूपी नेत्र से सबों को समान देखता है, निश्चय ही उसी से राष्ट्र का मंगल संभव है ॥१२॥

(इस प्रकार वीणा बजाते हुए निकल जाते हैं)

अर्जुन : (गीत को मन में धरकर आगे में सहायक शल्य के साथ वीरमुद्रा में कर्ण को देखकर शल्य से) पूज्य श्रीमान् महाराज शल्य को इस समय अर्जुन नतमस्तक हो प्रणाम करता है ।

शल्य : (ऊपर उठाये दाहिने हाथ से आशीर्वाद देता है) अर्जुन की विजय हो, अर्जुन की विजय हो ।

अर्जुनः : कृतार्थोऽस्मि, अनुगृहीतोऽस्मि । (पुनः वीरवेषे समुपस्थितं कर्णं वीक्ष्य, स्वगतम्) असौ कर्णः ममानुपस्थितौ भीमपुत्रं घटोत्कचं हतवान् । (प्रकाशम्) अये कर्ण ! ममानुपस्थितौ भीमपुत्रं घटोत्कचमसहायं बालक दृष्ट्वा दुर्नीत्या हत्वा च किं त्वया महद्यशोऽर्जितम् ?

कर्णः : (स्वगतम्) दुर्नीत्या यत्कथितं तत्तु सत्यम् । (प्रकाशम्) अर्जुन ! मैवं चिन्तय । किं बालकः समराङ्गणे आयाति । श्रूयताम्—

युद्धाय सज्जितो भूत्वा, यः प्रयाति रणाङ्गणम्
बालकोऽपि समर्थः सः वीरशब्देन कथ्यते ।१३।

पुनश्च—

स वीरः संगरे श्लाघ्यो, यो हि पौरुषसंयुतः
न वयो न च वार्धक्यं, वीरतायाः प्रदर्शकम् ।१४

अर्जुन : कृतार्थ हूँ, अनुगृहीत हूँ । (पुनः वीर वेष में समुपस्थित कर्ण को देखकर (स्वगत) यही कर्ण ने मेरी अनुपस्थिति में भीमपुत्र बीरवर घटोत्कच को मारा । (प्रकाश) अये कर्ण ! मेरी अनुपस्थिति में भीमपुत्र घटोत्कच, असहाय बालक को देखकर तथा दुर्नीति से मारकर क्या तुमने महान यश प्राप्त किया ?

कर्ण : (स्वगत) 'दुर्नीति से' यह जो कहा गया वह तो सच है । (प्रकाश) अर्जुन ! ऐसा मत सोचो । क्या बालक समराङ्गण में आता है । सुनो—

युद्ध के लिए सज्जित होकर जो रण प्राङ्गण में आता है वह बालक होता हुआ भी समर्थ है तथा वह वीर शब्द से पुकारा जाता है ॥१३॥

और भी—

वह वीर युद्धभूमि में प्रशंसनीय है जो निश्चय ही पौरुष से युक्त है । न तो उम्र और न तो वार्धक्य ही वीरता का प्रदर्शक होता है ॥१४॥

अर्जुन ! अहमपि जानामि न्यायमन्यायञ्च ।

अर्जुनः : किमस्ति तव न्यायेन सम्बन्धः श्रूयताम्—

हन्तुं पाण्डववंशजान् ननु यदा लाक्षागृहं निर्मितं
तस्मै किं तव मन्त्रणाः कथय चेन्न्यायेनपूर्णास्तदा ।
द्रौपद्या वसनं हरन् नृपसुतो वाण्या न ते संस्तुतो
हत्वा वीरघटोत्कचं वद पुनर्न्याये क्व बुद्धिःस्थिता ।१५।

कर्णः : (स्वगतम्) सत्यं कथयत्यर्जुनः । मित्रत्वरक्षायां मया न्यायस्योपेक्षा कृता । प्रतीयते मित्रत्वरक्षणे मम बुद्धौ कालुष्यमागतम् । (प्रकाशम्) अर्जुन ! यत्कृतं तत्तु सर्वविदितम् । घटोत्कचस्य निधने किमन्यायमाचरितम् ?

अर्जुनः : कर्ण ! किं त्वया न ज्ञायते यत्—

शास्त्रार्थं क्षात्रयुद्धञ्च तुल्ययोगेन राजते
अपेक्षते च तुल्यत्वं, क्रमशः ज्ञानवीर्ययोः ।१६।

अर्जुन ! मैं भी न्याय एवं अन्याय को जानता हूँ ।

अर्जुन : तुम्हारा न्याय से क्या सम्बन्ध है सुनो—

पांडव वंशजों को मारने के लिए निश्चय ही जब लाक्षागृह का निर्माण किया गया था क्या उस समय उसके लिए तुम्हारी मन्त्रणा न्यायपूर्ण थी, कहो ? पुनः द्रौपदी के वस्त्र को हरण करते हुए राजा का पुत्र दुःशासन तुम्हारी वाणी से प्रशंसित नहीं हुआ तथा वीर घटोत्कच को मारकर तुमही बताओ क्या तुम्हारी बुद्धि न्याय में स्थित है ? ।।१५।।

कर्ण : (स्वगत) अर्जुन सच ही कहता है । मित्रत्व की रक्षा में मेरे द्वारा न्याय की उपेक्षा की गयी । लगता है मित्रत्व की रक्षा में ही मेरी बुद्धि में कालिमा आ गयी । (प्रकाश) अर्जुन ! जो मैंने किया वह तो सर्वविदित ही है । घटोत्कच के निधन में मैंने क्या अन्याय किया ?

अर्जुन : कर्ण ! क्या तुम नहीं जानते हो कि—

शास्त्रार्थ एवं क्षात्रयुद्ध तुल्ययोग रहने पर ही शोभता है । शास्त्रार्थ में ज्ञान एवं क्षात्रयुद्ध में बल तुल्यता अपेक्षित है ।१६।

कर्णः : (स्वगतम्) सत्यं स्मराम्यहं तदान्यायमाचरितं मया । किं पुनः--

न्यायधर्मपथारूढः, क्षत्रियस्तु रणाङ्गणे
दुर्योधनस्यदुर्मन्त्रैर्न्यायहीनोऽस्मि साम्प्रतम् ॥१७॥

(प्रकाशम्) अर्जुन ! गतं नैव चिन्तनीयम् । साम्प्रतमुपस्थितोऽस्मि रणप्राङ्गणे । आवयोस्तुल्ययोगत्वमत्र संगरे समुपस्थितम् ।

अर्जुनः : (पाशुपतास्त्रं प्रणमति, गृहीत्वा च युद्धाय तत्परो भवति) कर्ण ! सावधानो भव । एषोऽहं मुञ्चामि पाशुपतास्त्रम् ।

(इति युद्धकर्मणि संलग्नाः सर्वे निष्क्रान्ताः)

(ततः प्रविशति संजयः)

संजयः : (परिभ्रमन्, स्वगतम्) अद्य युद्धस्य वृत्तान्तं तु मया राज्ञे निवेदितम् । वस्तुतः कर्णो दुर्योधनस्यान्धानुकर्त्ता आसीत् । कार्येनानेनान्यायस्योपरि न्यायस्य विजयो बभूव । धृतराष्ट्रोऽपि वृत्तमिदं ज्ञात्वा पुत्राय स्वकीयं दौर्बल्यमनुभवति ।

कर्ण : (स्वगत) सचमुच, मैं स्मरण कररहा हूँ उस समय मैंने अन्याय किया । अधिक क्या—

क्षत्रिय को रणाङ्गण में न्याय पथ पर आरूढ़ रहना चाहिए, लेकिन दुर्योधन की मन्त्रणा से मैं इस समय न्यायहीन हो गया हूँ । (प्रकाश) अर्जुन ! व्यतीत की चिन्ता नहीं करनी चाहिए । इस समय हम रणप्राङ्गण में उपस्थित हैं । हमदोनों का तुल्य योग इस समरभूमि में उपस्थित हैं ।

अर्जुन : (पशुपतास्त्र को प्रणाम करता है तथा उसे लेकर युद्ध के लिए तत्पर होता है) कर्ण ! सावधान हो जाओ । अब मैं पाशुपतास्त्र को छोड़ रहा हूँ । (इस प्रकार युद्ध कर्म में संलग्न सभी लोग निकल गये)

(इसके बाद संजय का प्रवेश)

संजय : (घूमते हुए, स्वगत) आज युद्ध के समाचार को तो राजा से कह दिया । वस्तुतः कर्ण दुर्योधन का अन्धानुकर्त्ता था । इस कार्य से तो अन्याय के ऊपर न्याय की विजय हुई । धृतराष्ट्र भी इस समाचार को जानकर पुत्र के लिए अपनी दुर्बलता का अनुभव करते हैं ।

(ततः प्रविशति विजयाह्लादितोऽर्जुनो भगवान् कृष्णश्च)

संजयः : (पाशुपतास्त्रं गृह्णन्तं विजयाह्लादितमर्जुनं दृष्ट्वा, स्वगतम्) विजयं गृहीत्वाऽर्जुनोऽपि समागतः। (कृष्णं दृष्ट्वा) भगवान् श्रीकृष्णोऽपि वर्तते। (तौ प्रति, प्रकाशम्) विजयतामर्जुनो विजयतां भगवान् कृष्णः।

अर्जुनः : (प्रणमन्) अनुगृहीतोऽस्मि।

कृष्णः : (दक्षिणहस्तमुत्थाय) महाराजसंजय ! किं धृतराष्ट्राय वृत्तमिदं सूचितम् ?

संजयः : भगवन् ! राजभवनादेवागच्छामि।

कृष्णः : अथ तस्य का प्रतिक्रिया वर्तते ?

संजयः : भगवन् ! स तु वचसा किमपि न प्रकाशयति परं तस्य वदनस्योपर्यागतेन भावेनाहमनुभवामि यत् पुत्राय प्रदर्शितं दौर्बल्यंप्रति भृशं चिन्तितो वर्तते।

(इसके बाद विजय से आह्लादित अर्जुन एवं भगवान् कृष्ण का प्रवेश)

संजय : (पाशुपतास्त्र लिए विजय से आह्लादित अर्जुन को देखकर, स्वगत) विजय प्राप्त कर अर्जुन भी आ गया (कृष्ण को देखकर) भगवान् श्रीकृष्ण भी हैं। (दोनों से, प्रकाश) अर्जुन की विजय हो, भगवान् कृष्ण की विजय हो।

अर्जुन : (प्रणाम करता हुआ) मैं अनुगृहीत हूँ।

कृष्ण : (दाहिना हाथ उठाकर) महाराज संजय ! क्या धृतराष्ट्र को इस वृत्त की सूचना आपने दे दी ?

संजय : भगवान् ! मैं अभी राजभवन से ही आ रहा हूँ।

कृष्ण : उसकी क्या प्रतिक्रिया है ?

संजय : भगवन् ! वह वाणी से तो कुछ प्रकाशित नहीं करते लेकिन उनके मुख पर आये हुए भाव से मैं अनुभव करता हूँ कि पुत्र के लिए प्रदर्शित दुर्बलता के प्रति वे अत्यधिक चिन्तित हैं।

कृष्णः : अत्र तु शङ्करस्य महत्त्वं वाऽस्य दिव्यास्त्रस्य पाशुपतास्त्रस्य वाऽर्जुनस्य यस्य वाऽस्तु सर्वं राष्ट्रकल्याणाय एव। अद्यैवा-न्यायस्य समाप्तिर्याता। वस्तुतः कर्णस्य पराजयो दुर्योधन-स्योपरि युधिष्ठिरस्य विजयो वर्तते। अतःपरमिदमस्तु भरतवाक्यम्—

देशे नेत्रसमन्वितो नृपवरो, न्यायं सदा पालयन्
लोकेभ्यो नितरां ददातु विपुलं, कर्मानुसारं फलम्।
वस्त्रस्याहरणं धनापहरणं, भूयान्न वा भूतले
राज्यस्यास्य प्रशासनाय नृपजो दुःशासनो नो भवेत् १८

पुनश्च—

बन्धुभावं भवेन्नित्यं सर्वत्र नृषु भूतले
कर्मप्रधानलोकेषु, सुखिनः सन्तु मानवाः ॥१९॥

पटाक्षेपः

(अर्जुनस्य विजयो नाम षष्ठाङ्कः समाप्तः)

समाप्तमिदं श्री रामाशीष पाण्डेय कृत कर्णार्जुनीयं नाम नाटकम्।

कृष्ण : यहाँ तो शङ्कर का महत्त्व हो या उनके दिव्य पाशुपतास्त्र का या अर्जुन का जिसका भी हो सभी राष्ट्र कल्याण के लिए ही है। आज ही अन्याय की समाप्ति हुई। वस्तुतः कर्ण की पराजय दुर्योधन के ऊपर युधिष्ठिर की विजय है। इसके बाद यह भरतवाक्य हो—

देश में राजा नेत्र सम्पन्न हों तथा सर्वदा न्याय का पालन करते हुए लोगों को उनके कर्मानुसार विपुल फल प्रदान करे। पृथ्वी पर वस्त्रापहरण (शील हरण) या धन का अपहरण नहीं हों इस राज्य के प्रशासन के लिए राजपुत्र दुःशासन नहीं हों ॥१८॥

पुनः—

पृथ्वी पर सभी जगह मनुष्यों में बन्धुभाव हों तथा इस कर्म प्रधान लोक में सभी मानव सुखी हों ॥१९॥

पटाक्षेप

(अर्जुन विजय नामक षष्ठ अंक समाप्त)

श्री रामाशीष पाण्डेय कृत 'कर्णार्जुनीयम्' नामक नाटक सम्पन्न हुआ।

श्लोकानुक्रमणिका

	श्लोकाः	अङ्काः	श्लोकाः	पृष्ठङ्काः	
१	अङ्गादङ्गा	२	८	३३	४०
२	अदूरयच्च.	२	१४	३८	४१
३	अद्य द्रक्ष्यन्ति.	६	३	९४	४२
४	अभ्यासैर्बाण.	१	१८	१७	४३
५	आसन् ये	२	१३	३७	४४
६	अंधक तं.	६	१०	९८	४५
७	इन्द्र तुल्यो.	१	८	७	४६
८	उत्कर्षेणैव.	२	१०	३५	४७
९	उदेति सविता.	१	५	५	४८
१०	एकध्यस्त्रं.	५	१५	८७	४९
११	एकघ्न्यायुधक.	३	१६	५१	५०
१२	एकाकी वै.	१	१७	७	५१
१३	एकं हन्तीति.	५	११	८४	५२
१४	ऋषीणां वचनं.	१	१२	१२	५३
१५	कुलदेवा भवि.	१	२०	१८	५४
१६	केकाभि.	२	६	२८	५५
१७	कृष्णो योगेश्व.	५	१६	८८	५६
१८	क्षत्रिया न तुं.	५	८	८३	५७
१९	क्षिप्रं करोति	१	९	८	५८
२०	गतिर्यस्यास्ति.	१	१३	१३	५९
२१	चन्द्रमा यस्य.	४	१३	७३	६०
२२	जानाति यः	१	११	११	६१
२३	डमडडम.	४	१	५५	६२
२४	तपः प्रभावेन:	२	२	२५	६३
२५	तत्रवीरामने.	४	४	५९	६४
२६	दानशीलस्य.	३	४	४३	६५
२७	दाने तपसि.	४	३	५८	६६
२८	दिव्यशक्तें.	१	१४	१३	६७
२९	दिव्यास्त्रेषु.	३	१६	५०	६८
३०	दृष्टान्नं दृष्ट.	४	८	६५	६९
३१	देव ! यदि.	४	१४	७४	७०
३२	देवदानव.	५	१४	८७	७१
३३	देशे चक्षु.	६	१८	१०४	७२
३४	द्वन्द्व युद्धे.	१	७	६	७३
३५	धनंधान्यञ्च	३	७	४६	७४
३६	धर्मस्य रक्षा	६	७	९७	७५
३७	न जन्मग्रहणे.	४	९	६६	७६
३८	न याचे धन.	३	८	४६	७७
३९	नाना व्याज.	५	२	७६	७८

	श्लोकाः	अङ्काः	श्लोकाङ्क	पृष्ठाङ्क
	नेत्रहीनो.	१	४	४
	न्यायधर्म.	६	१७	१०२
	न्यायस्य विज.	४	१०	६६
	पश्यतुरे.	२	५	२८
	प्रथमं तु मया.	३	५	४६
	प्राधान्यमस्ति.	४	६	६०
	पाण्डेयोपाधि.	१	३	३
	पुत्रस्य विज.	३	१३	४९
	बन्धुभाव.	६	१९	१०४
	बुद्धिस्तु.	३	३	४२
	भवन्तिनार्यो.	१	१५	१६
	भारतोऽयं पुरा.	६	८	९८
	भोजनं मोदकै.	२	१५	३८
	मया तप्तं.	२	७	३१
	महत्त्वञ्चा.	४	१२	७०
	मित्रवाक्या.	६	२	९४
	मुनीनां मौ.	१	६	६
	मंगलं संभव.	६	११	९९
	यदि दातुं.	३	११	४८
	यज्ञप्रभावा.	२	३	२६
	यत्र युद्धस्य.	६	६	९६
	यत्रगच्छामि.	३	१२	४९
	यस्य पुत्रा.	६	९	९८
	यस्य वाहनं.	१	२	१
	यस्याध्यक्षो.	३	२	४२
	याचकाः प्रति	३	६	४६
	याचकाः सर्वदा	२	११	३६
	युद्धाय सज्जितो	६	१३	१००
	युध्यन्त. क्षत्रि.	५	४	८१
	ये नित्यशः	४	२	५७
	ये वीरा.	५	१	७६
	यैः क्षात्र.	५	१३	८७
	यो. जन्म	५	५	८१
	यो स्वयं.	६	१२	९९
	रक्षार्थं देश०	५	९	८४
	रक्षार्थं जन्म	५	१२	८५
	राजस्याभ्यु.	३	१	४२
	राज्यं वा.	३	१०	४७
	राज्यलोभाय.	४	७	६१

श्लोकाः	अङ्काः	श्लोकाः	पृष्ठाङ्काः
७९ वज्रेणैव.	२	१	२८
८० वर्म कुण्डल	३	१७	५२
८१ वाणी विनय°	२	९	३४
८१ विघ्नाःसहस्रश.	१	१९	१७
८३ विवादे दीर्घं.	१	१०	१०
८४ विप्रेन्द्र.	३	९	४७
८५ विश्वामित्रादिभिः	१	१६	६
८६ विश्वामित्रादयो.	२	४	२६
८७ वीरोऽसि.	३	१५	५०
८८ वीरोस्मि.	६	१	९२
८९ शक्तिः पवन	६	४	९६
९० शास्त्रार्थ.	६	१६	१०१
९१ शिष्यनिर्वा.	४	११	६६
९२ शङ्करं प्रथमं.	१	१	१
९३ शङ्करेण प्रदत्तं.	६	५	९६
९४ स वीरः संगरे.	६	१४	१००
९५ सम्बन्धेनभवन्ति.	५	६	८२
९६ सर्वं पूर्णं भवेत्.	२	१२	३७
९७ स्वकीयस्यैव	३	१४	५०
९८ स्वजनाद्वान्ध.	५	७	८३
९९ स्वधर्मेनिधनं.	५	१०	८४
१०० सिध्यन्ति ननु.	४	५	६०
१०१ सुखस्य कारणं.	५	३	८०
१०२ हन्तुं पाण्डव.	६	१५	१०१

शुद्धिपत्रम्

पृष्ठे	पंक्तौ	अशुद्धम्	शुद्धम्
४	३	एता	एषा
१०	३	मुनिपुगवाय	मुनिपुंगवाय
१३	५	नं	तं
१३	९	विनास्तु	विनाशस्तु
१७	१	तपस्योयां	तपस्यायां
१८	४	सहायका	सहायकाः
१९	३	भद्रमुखी	भद्रमुखीं
२७	१	गन्तव्यय्	गन्तव्यम्
२८	१२	कथ	कथं
२८	१२	कायम्	कार्यम्
३०	९	दृष्वा	दृष्ट्वा
३१	२	ब्राह्मण	ब्राह्मणं
३१	७	ऽग्निकुण्ड	ऽग्निकुण्डं
३३	२	जीव :	जीव
३४	३	सूत्रपुत्रो	सूतपुत्रो
३५	१	ममोपकराय	ममोपकाराय
३५	११	देवन्द्रस्य	देवेन्द्रस्य
३६	७	जन मि	जानामि
३६	१०	तत्रावायां	तत्रावाभ्यां
५०	१०	ददामि त्वां	ददाम्यद्य
५१	१०	कणः	कर्णः
५१	१०	कत्त्	कर्त्तु
५१	१२	ब्राह्मणो	ब्राह्मणो
५४	१४	कोलाहल	कोलाहल
५६	२	बन्धुवर्य्या	बन्धुवर्या
५६	४	निष्कान्तः	निष्क्रान्ताः
५६	६	वार्तालाप	वार्तालापं
५८	४	देवी !	देवि !
५८	७	सन्दी	नन्दी
५९	१	निष्क्रभ्य	निष्क्रम्य
६०	६	देवी !	देवि !
६२	१३	सूत्रपुत्रेण	सूतपुत्रेण
६४	७	युष्मार्क	युष्माकं
६५	६	वैयरीत्यमु	वैपरीत्यम्
६६	६	विजयस्च	विजयश्च
६६	१०	विचारण	विचारणा
६७	४	यथाज्ञाषयति	यथाज्ञापयति
६७	४	निष्क्रान्त	निष्क्रान्तः

पृष्ठे	पंक्तौ	अशुद्धम्	शुद्धम्	पृष्ठे	पंक्तौ	अशुद्धम्	शुद्धम्
३९	६	दुष्टहाणां	दुष्टग्रहाणां	६७	९	मद्वचनाद्वारपालं	मद्वचनाद्द्वारपालं
३९	८	भविष्यवक्ता	भविष्यवक्त्रा	६७	११	इत्युच्चाश्यन्	इत्युच्चारयन्
३९	९	ग्रहणां	ग्रहाणां	६८	४	इत्यासन	इत्यासनं
४४	६	मन	मम	७१	९	यन्द्र०	चन्द्र०
४४	१०	ब्राह्मणौ	ब्राह्मणौ	७२	३	शूकर	शूकरः
४४	१२	प्रणति	प्रणमति	७२	३	आक्रमण	आक्रमणं
४५	८	चर्चा	चर्चा				
४६	८	यथाऽभीप्सितम्	यथाऽभीप्सितम्	७२	११	किरातगणे	किरातगणैः
४७	३	वग्दानात्	वाग्दानात्	७३	९	श्गले	गले
४९	४	भायावृत्तो	मायावृत्तो	७८	११	युद्धात् पराविता	युद्धात्पलायिता
पृष्ठे	पंक्तौ	अशुद्धम्	शुद्धम्	८६	७	स्वमपि	त्वमपि
७८	१४	दुर्योधनेन	दुर्योधनेन	८६	८	परास्मिन्नोके	परस्मिन्लोके
७९	८	श्रुत्व	श्रुत्वा	८६	१३	श्रृणवन्तु	श्रृण्वन्तु
७९	१३	सत्यमेव वोक्तम्	सत्यमेवोक्तम्	८७	११	दुर्मन्त्रै	दुर्मन्त्रैः
८१	७	विजित्यारिन्	विजित्यारीन्	८७	११	प्रयुक्तस्तेन	प्रयुक्तं तेन
८२	२	भिवोद्विग्न	मिवोद्विग्न	८८	१	असंभव आसीत्	असंभवमासीत्
८२	१३	स्नकीन	स्वकीय	९०	६, ११	स्थाष्यति	स्थास्यति
८३	१	जनानाभवस्था	जनानामवस्था	९१	५	सम्बुतः	सम्वृत्तः
८४	१५	वलिदान	वलिदानं	९२	१४	पराङ्गभुखा	पराङ्गमुखा
८५	१	किमस्त्यपमपि	किमस्त्यपरमपि	१००	४	बालक	बालकं
८५	११	दुःखपुर्णान्	दुखःपूर्णान्	१००	१३	वार्धक्य	वार्धक्यं
८५	१३	कथमध	कथमद्य	१०४	११	बन्धुभावं	बन्धुभावो
८६	५	संहारे	संगरे				

—:०:—

पात्राणि

पुरुषाः

अर्जुनः — नायकः

कर्णः — प्रतिनायकः

कृष्णः — अर्जुनसहायकः

शल्यः — कर्णसहायकः

इन्द्रः — देवराट्

विदूषकः — इन्द्रसखा

युधिष्ठिर, भीम नकुल/सहदेवादयः } पाण्डुपुत्राः

सूत्रधारः — नाटकप्रबन्धकः

व्यासः — तपस्वी

दौवारिकः — द्वारपालः (नन्दी)

गुप्तलः — इन्द्रदूतः

भद्रकपुष्पकौ — कर्णसेवकौ

शङ्करः — किराताधिपतिः

चण्डकगण्डकादयः — शिवगणाः

संजयः — युद्धवृत्तसूचकः

विक्रान्तः — शिवस्य प्रधानभट्टः

उद्घोषकः — युद्धसूचकः

मुनिकुमारौ — भारतवृत्तगायकौ

सूचकः — सम्वाददाता

स्त्रियः

द्रौपदी — पाण्डवपत्नी

पार्वती — शिवप्रिया

सुदती — देवलोकसेविका

भद्रमुखी — देवलोकस्याङ्गना

तटी — सूत्रधारपत्नी

गंगा चन्द्रकलाच - सख्यौ

लेखकस्यान्याः कृतयः

१ मयूखइतम्—खण्डकाव्यम्— प्रकाशितम्

२ शिखा बन्धनम्—संस्कृत नाटकम्— प्रकाशितम्

३ इन्दिरा शतकम्— प्रकाशितम्

४ कर्णार्जुनीयम्— प्रकाशितम्

५ वैदिक सूक्त संग्रहः— प्रकाशितम्

६ कृष्णोदयम्—महाकाव्यम्— (अप्रकाशितम्)

७ निरुक्तस्य भाषावैज्ञानिकमालोचनात्मकञ्चाध्ययनम् (अप्रकाशितम्)

८ यास्कीय निर्वचनानामालोचनात्मकं भाषावैज्ञानिकञ्चाध्ययनम् (अप्रकाशितम्)

९ त्रयोविंशति शोधलेखाः प्रकाशिताः

पुस्तक प्राप्ति स्थानम्
प्रबोध संस्कृत प्रकाशनम्
हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची (बिहार)